CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 16°C

हल्द्वानी, बुधवार 8 अप्रैल 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 221 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 | 19 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



खड़गे का हिमंत पर हमला, लगाए भ्रष्टाचार के आरोप पेज 2



गुजरात को जीत की तलाश, दिल्ली की नजरें जीत की हैट्रिक पर खेल टाइम्स




क्यों कम हुई हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की विश्वसनीयता सम्पादकीय



ईरान समर्थित समूहों का अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन हमला पेज 12



केरल विधानसभा चुनाव से पहले, वायनाड जिले के पदिनजरथारा में कांग्रेस महासचिव और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी ने एक नुक्कड़ सभा को संबोधित किया।

# लैंगिक समानता के चश्मे से नहीं देखी जा सकती जरूरी धार्मिक प्रथाएं: केंद्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश से जुड़े 2018 के फैसले की समीक्षा याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई शुरू हो गई है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि सभी संवैधानिक प्रश्नों को केवल लैंगिक समानता के दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता और 10 से 50 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध का बचाव किया।



**सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश से जुड़े 2018 के फैसले की समीक्षा याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई शुरू**

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता में नौ न्यायाधीशों की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। पीठ में न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, एमएम सुंद्रेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी. वराले, आर. महादेवन और जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। केन्द्र और केरल सरकार ने अपने पक्ष में कहा कि यह प्रतिबंध मंदिर के देवता की प्रकृति से जुड़ा एक आवश्यक धार्मिक आचरण है, जो न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि भारत में धार्मिक विविधता है और विभिन्न धर्मों तथा संप्रदायों की अपनी-अपनी परंपराएं हैं, जिन्हें समझते हुए अदालत को निर्णय करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अदालत धार्मिक सिद्धांतों की जांच नहीं कर रही है बल्कि संवैधानिक व्याख्या कर रही है और इसमें विविधता को ध्यान में रखना जरूरी है। गौरतलब है कि 28 सितम्बर 2018 को सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की पीठ ने 4:1 के बहुमत से मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर आयु संबंधी प्रतिबंध हटा दिया था।

## जस्टिस नागरत्ना बोलीं: महिला को महीने के तीन दिन 'अछूत' मानें, चौथे दिन नहीं, ऐसा क्यों



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि इस मामले में 'अनुच्छेद 17' यानी छुआछूत के खिलाफ अधिकार पर दलील किस तरह पेश की जाए, यह मेरी समझ से बाहर है। एक महिला होने के नाते मैं यह कहना चाहूंगी कि ऐसा नहीं हो सकता कि हर महीने 3 दिन तक तो महिला को अछूत माना जाए और चौथे दिन अचानक कोई अछूतपन न रह जाए। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि अगर कोई सामाजिक बुराई है, जिसे धार्मिक प्रथा का नाम दे दिया गया हो, तो अदालत उनके बीच फर्क कर सकती है कि वह एक सामाजिक बुराई है या कोई अनिवार्य धार्मिक प्रथा है। इस पर केंद्र ने कहा कि संवैधानिक दृष्टि से इसका जवाब यह होगा कि इसका समाधान अनुच्छेद 25(2)(ड) में है, यानी संसद इस पर कानून बना सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमरावती को आंध्र की राजधानी बनाने वाले अधिनियम को राष्ट्रपति की मंजूरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अमरावती को आंध्र प्रदेश की नई राजधानी बनाने से संबंधित आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) अधिनियम, 2026 को मंजूरी दे दी है। विधि और न्याय मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर कहा है कि राष्ट्रपति ने इस अधिनियम को मंजूरी दे दी। अधिसूचना में कहा गया है कि इस अधिनियम को आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) अधिनियम, 2026 कहा जा सकता है और यह आगामी 2 जून से लागू माना जाएगा। दो जून से अमरावती विधिवत रूप से आंध्र प्रदेश की राजधानी बन जाएगी।

### मणिपुर: बम हमले में दो बच्चों की मौत के बाद हिंसा

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में मोइरांग ट्रोंगलाओबी इलाके में सोमवार देर रात उग्रवादियों ने एक घर में बम फेंक दिया। जिसमें 5 साल के एक लड़के और छह महीने की बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ऑफिसर ने बताया कि जब घर में बम फटा, तब बच्चे अपनी मां के साथ बेडरूम में सो रहे थे। मां घायल है। स्थानीय लोगों ने घटना के विरोध में मंगलवार सुबह प्रोटेस्ट किया। इलाके में एक पेट्रोल पंप के पास दो ऑयल टैंकर और एक ट्रक में आग लगा दी। उन्होंने मोइरांग पुलिस स्टेशन के सामने टायर जलाए और एक पुलिस चौकी को तोड़ दिया। इसके बाद भीड़ ने घटनास्थल से 100 मीटर दूर सीआरपीएफ कैंप पर भी हमला कर दिया। जवाबी फायरिंग में 2 की मौत हो गई, पांच घायल हो गए।

### लश्कर के अंतर राज्यीय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक अंतर-राज्यीय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी शामिल हैं। पुलिस ने इस मॉड्यूल के पकड़े जाने के संबंध में अभी तक आधिकारिक तौर पर कोई बयान जारी नहीं किया है। पिछले कई हफ्तों से चल रहे एक अभियान के दौरान पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के बाहर से लश्कर-ए-तैयबा के दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को गिरफ्तार किया।

# ईरान में आज रात पूरी सभ्यता होगी खत्म: ट्रम्प

## कहा: ईरान की सभ्यता को फिर कभी वापस नहीं लाया जा सकेगा

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार रात ईरान की पूरी सभ्यता खत्म करने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि मंगलवार रात एक पूरी सभ्यता खत्म हो जाएगी, जिसे फिर कभी वापस नहीं लाया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि मैं नहीं चाहता कि ऐसा हो, लेकिन शायद ऐसा ही होगा। हालांकि, अब वहां सत्ता पूरी तरह बदल चुकी है, जहां अलग, ज्यादा समझदार और कम कट्टर सोच वाले लोग मौजूद हैं। कौन जानता है कि शायद कुछ बहुत शानदार और क्रांतिकारी हो सकता हो? ट्रम्प ने दावा किया कि मंगलवार रात हम दुनिया के लंबे और जटिल इतिहास के सबसे अहम पल के गवाह बनेंगे। 47 सालों की ज्यादती, भ्रष्टाचार और मौत का सिलसिला आखिरकार खत्म हो जाएगा। ईश्वर ईरान के लोगों की रक्षा करे। अमेरिका और इजरायल ने मंगलवार को ईरान में कई जगहों पर हमला किया। सबसे बड़ा हमला खर्ग आइलैंड पर हुआ, जहां आयल टर्मिनल को निशाना बनाया गया। ईरान का करीब 80 से 90 फीसदी कच्चा तेल यहीं से एक्सपोर्ट होता है। इसी दौरान कोम और कशान में भी पुलों को निशाना बनाया गया। काशान के पास यहयाबाद रेलवे पुल पर हमले में 2 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा उत्तर-पश्चिम ईरान में तबरीज-जंजान हाईवे के पुल पर भी हमला किया गया। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर ईरान ने मंगलवार को रात 8 बजे (अमेरिका समयानुसार) तक होर्मुज स्ट्रेट नहीं खोला, तो उसके जरूरी ठिकानों पर हमला किया जाएगा। इन हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए यूएई के शारजाह में हमला किया। ईरान पहले ही कह चुका था कि अब वह चुप नहीं बैठेगा। अमेरिका और उसके सहयोगियों के ठिकानों को निशाना बनाएगा। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि ईरान के साथ चल रहे युद्ध में अमेरिका ने अपने ज्यादातर सैन्य टारगेट हासिल कर लिए हैं।

## समयसीमा से पहले ही ईरान पर अमेरिका के ताबड़तोड़ हमले





**खर्ग द्वीप-पुल को बनाया निशाना, एक साथ 50 ठिकाने तबाह**

**IRGC ने अमेरिका को लक्ष्मण रेखा पार न करने की चेतावनी दी**



**तेहरान।** ईरान के खर्ग द्वीप पर मंगलवार को ताबड़तोड़ हमले किए गए हैं। कोम शहर के पास एक पुल को भी निशाना बनाया गया। आईआरजीसी ने अमेरिका को लक्ष्मण रेखा पार न करने की चेतावनी दी है। प्रांत के डिप्टी गवर्नर मोर्तेजा हेदरी ने जानकारी दी कि मंगलवार को अमेरिका और इजरायल ने ईरान के कोम शहर के पास एक पुल पर हमला किया। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, खर्ग द्वीप पर 50 ठिकानों को निशाना बनाया गया है। सरकारी टेलीविजन चैनल के अनुसार, तेहरान के दक्षिण में स्थित कोम के बाहर यह हमला हुआ। डिप्टी गवर्नर मोर्तेजा हेदरी ने कहा कि कुछ मिनट पहले कोम की संपर्क लाइनों में आने वाले एक पुल को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि यह हमला अमेरिकी और जायनिस्ट दुश्मनों के प्रोजेक्टाइल से किया गया। हमले के बाद इलाके में तनाव बढ़ गया है। ईरान के पूर्वोत्तरी शहर मशहद में रेल सेवाएं अचानक रोक दी गई हैं। यह फैसला सुरक्षा कारणों से लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शहर के गवर्नर ने केंद्रीय रेल स्टेशन से चलने वाली सभी ट्रेनों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। मेहर न्यूज एजेंसी के अनुसार, यह एक एहतियाती कदम है। अगले आदेश तक यह फैसला लागू रहेगा।

# शिक्षामित्रों-अनुदेशकों का मानदेय बढ़ा

## योगी सरकार ने दी 49 नए बस अड्डों को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में 22 अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए मंत्रियों ने शिक्षा, परिवहन, औद्योगिक विकास समेत कई क्षेत्रों में बड़े निर्णयों की घोषणा की।

कैबिनेट के सबसे महत्वपूर्ण फैसलों में अंशकालिक शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि शामिल है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि शिक्षामित्रों का मानदेय 10,000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये किया गया है। उन्होंने बताया कि अनुदेशकों का मानदेय 9,000 रुपये से बढ़ाकर 17,000 रुपये कर दिया गया है। यह बढ़ोतरी एक अप्रैल से लागू मानी जाएगी और मई से बढ़ा हुआ भुगतान खातों में आना शुरू होगा। प्रदेश में लगभग 1.42 लाख शिक्षामित्र और करीब 24 हजार अनुदेशक कार्यरत हैं। इस निर्णय से राज्य सरकार पर करीब 217 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा। परिवहन क्षेत्र में भी बड़ा फैसला लिया गया है। पीपीपी मॉडल पर 49 नए बस अड्डों के निर्माण को मंजूरी मिली है। पहले चरण में 23 बस अड्डों की प्रक्रिया जारी थी, अब कुल 52 जनपदों को इससे जोड़ा जाएगा। बस अड्डों को एयरपोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इसके अलावा हाथरस (सिकंदराराऊ), बुलंदशहर (डिबाई) और बलरामपुर (तुलसीपुर) में विभिन्न विभागों की जमीन बस अड्डा निर्माण के लिए हस्तांतरित करने को भी स्वीकृति दी गई। मंत्री असीम अरुण ने बताया कि 'डा. बीआर अंबेडकर मूर्ति विकास योजना' के तहत समाज सुधारकों की मूर्तियों के आसपास छतरी, बाउंड्री और सौंदर्यकरण का कार्य कराया जाएगा। इसमें डा. भीमराव अंबेडकर सहित अन्य महापुरुषों के स्थल शामिल होंगे। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि औद्योगिक विकास विभाग से जुड़े 8 निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जिनमें, शाहजहांपुर में एग्रो केमिकल्स प्लांट (589 करोड़), गोरखपुर में एथेनॉल उत्पादन क्षमता विस्तार (669 करोड़) और बुंदेलखंड व यमुना अथॉरिटी क्षेत्र में सोलर प्लांट (3805 करोड़) शामिल है।

**शिक्षामित्रों का मानदेय 10,000 से बढ़ाकर 18,000 रुपये किया गया**

# रसोई गैस के बाद अब पीएनजी भी महंगी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण रसोई गैस (एलपीजी) के बाद अब पाइपलाइन के जरिये किचन तक आने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के दाम भी बढ़ गए हैं।

दिल्ली-एनसीआर के साथ कानपुर, मेरठ, अजमेर जैसे कई शहरों में घरों में पीएनजी की आपूर्ति करने वाली कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने एक अप्रैल से पीएनजी की कीमत बढ़ाकर दिल्ली में 49.59 रुपये प्रति मानक घन मीटर (एससीएम) कर दिया है। इससे पहले एक जनवरी 2026 से इसकी कीमत 47.89 रुपये प्रति एससीएम थी। इस प्रकार राष्ट्रीय राजधानी में पीएनजी 1.70 रुपये प्रति एससीएम महंगी हो गई है। एनसीआर के दूसरे शहरों में भी कीमत 1.70 रुपये प्रति एससीएम बढ़ाई गई है, जबकि दूसरे शहरों में पीएनजी एक रुपये महंगी की गई है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में एक एससीएम पीएनजी की कीमत 47.76 रुपये से बढ़ाकर 49.46 रुपये कर दी गई है। मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली में 48.35 रुपये, किए गए।

**IGL ने बढ़ाए दाम**

# एयर इंडिया के टिकट आज से होंगे महंगे

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया और उसकी सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बुधवार 8 अप्रैल से टिकट पर ईंधन शुल्क बढ़ाने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि देश में और वैश्विक स्तर पर विमान ईंधन की कीमतों में पिछले कुछ समय में आई तेजी को देखते हुए ईंधन शुल्क बढ़ाना अनिवार्य हो गया था। घरेलू मार्गों पर 8 अप्रैल या उसके बाद बुक कराई गई टिकटों पर पांच सौ किमी तक की दूरी के लिए 299 रुपये ईंधन शुल्क लगेगा।

# मथुरा में सीएम योगी के कार्यक्रम का टेंट आंधी में उड़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश के 20 से ज्यादा राज्यों में आज से आंधी-तूफान और बारिश की संभावना है। मंगलवार से नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय हो गया है। बैक-टु-बैक दो सिस्टम एक्टिव होने से मौसम में बदलाव है। यूपी के लखनऊ, मेरठ और गाजियाबाद में मंगलवार दोपहर बारिश हुई।

मथुरा में तेज आंधी से सीएम योगी के कार्यक्रम का टेंट उड़ गया। वहीं राजस्थान के रेगिस्तानी जिले नागौर में बारिश के साथ ओले गिरे। जयपुर, बीकानेर और टोंक में भी तेज बारिश हुई। इधर, मध्य प्रदेश में अगले 3 दिन आंधी-बारिश और ओले गिरने की संभावना रहेगी। ग्वालियर में मंगलवार को बारिश हुई, जबकि 34 जिलों में अलर्ट है। हिमाचल प्रदेश के चंबा में मंगलवार सुबह लैंडस्लाइड से एक निर्माणाधीन पुल टूट गया। भरमौर और होली क्षेत्र को जोड़ने वाला सिंयूर पुल रावी नदी में समा गया। इसके बाद क्षेत्र के कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और चमोली में मंगलवार को बर्फबारी हुई। दिल्ली-एनसीआर में भी मंगलवार को बारिश हुई।

**राजस्थान के रेगिस्तान में ओले गिरे, मप्र में बारिश, हिमाचल में लैंडस्लाइड से पुल नदी में गिरा**



नई दिल्ली: इंडिया गेट पर हल्की बूंदाबांदी के बीच बदले मौसम का लुत्फ उठाते पर्यटक।

# कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के घर पहुंची असम पुलिस

**नई दिल्ली।** असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा की ओर से कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के खिलाफ दर्ज कराई गई प्राथमिकी के सिलसिले में पूछताछ के लिए असम पुलिस की एक टीम श्री खेड़ा के राष्ट्रीय राजधानी स्थित आवास पर पहुंची है।

श्री खेड़ा ने हाल ही में यह आरोप लगाया था कि श्रीमती सरमा के पास तीन विदेशी पासपोर्ट और अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अघोषित संपत्तियां हैं। मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी ने इन आरोपों को पूरी तरह गलत और निराधार बताया था। श्रीमती सरमा ने इन आरोपों पर श्री खेड़ा के खिलाफ असम की क्राइम ब्रांच में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

**हिमंत सरमा की पत्नी की प्राथमिकी के बाद जांच के सिलसिले में होगी पूछताछ**

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### अचानक गोलीबारी में सीआरपीएफ जवान की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार को दुर्घटनावश गोलीबारी की घटना में केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) के एक जवान की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के चक दयाला गांव के रहने वाले सीआरपीएफ जवान अब्दुल गनी की पुंछ जिले के कामसर स्थित सीआरपीएफ यूनिट मुख्यालय में अपनी ही सर्विस राइफल (आईएनएसएएस) से दुर्घटनावश गोलीबारी में मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि गोलीबारी की घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पवन खेड़ा मामले में कांग्रेस का हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने मीडिया विभाग चेयरमेन पवन खेड़ा के घर मंगलवार दिल्ली पुलिस और असम पुलिस के पहुंचने पर असम सरकार पर जमकर हमला बोला। रमेश ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि एक जनहित के मुद्दे पर सवाल उठाने के लिए पुलिस की पूरी फौज लगाना इस बात का प्रमाण है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा घबराए, परेशान और बौखलाए हुए हैं। उन्होंने इसे कानून की उचित प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की मशीनरी का इस्तेमाल विपक्ष की आवाज को दबाने और डराने के लिए किया जा रहा है, क्योंकि विपक्ष सरकार के 'काले कारनामों' को उजागर कर रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जो लोग डराने-धमकाने की राजनीति करते हैं, वही सबसे ज्यादा डरे हुए होते हैं और उनके पास छिपाने के लिए बहुत कुछ होता है।

# बारिश: यूपी के 50 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

## अगले 48 घंटे में बरसात और ओलावृष्टि की संभावना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में अगले 48 घंटे पश्चिमी और पूर्वी दोनों संभागों के लिए भारी हो सकते हैं। प्रदेशभर में आज तेज आंधी के साथ बारिश, बिजली गिरने और ओलावृष्टि की चेतावनी दी गई है। मंगलवार सुबह से नोएडा, गाजियाबाद मेरठ समेत प्रदेश के कई जिलों में काले बादल छाए हुए हैं। कई जगहों पर बादलों की तेज गड़गड़ाहट हो रही है, तो कहीं बारिश भी देखने को मिल रही हैं।

मौसम विभाग के अनुसार यूपी में अगले 48 घंटे किसानों के लिए बहुत भारी होने वाले हैं। बुधवार 8 अप्रैल को भी पश्चिमी और पूर्वी दोनों ही संभाग में लगभग सभी जगहों पर मेघ गर्जन, वज्रपात, आंधी और तेज बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट दिया गया है। दोनों ही संभागों में ओलावृष्टि की भी चेतावनी है, जिससे किसानों की फसलों को नुकसान हो सकता है। यूपी में आज आगरा, मथुरा, हाथरस, अलीगढ़, कासगंज, एटा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया और जालौन में



तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश और ओले गिरने की चेतावनी दी गई है। कहीं-कहीं बिजली गिरने की भी आशंका है।

### इन जिलों में आंधी-बारिश की येलो अलर्ट

नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, बागपत, शामली, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, महोबा, अमरोहा, सम्भल, बदायूं, फर्रुखाबाद, हरदोई, कानपुर और उन्नाव में

■ **नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, बागपत, शामली, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर समेत 43 जिलों में अलर्ट जारी**

आज कुछ स्थानों पर आंधी-बारिश का अलर्ट है, जबकि मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, सीतापुर, बाराबंकी, गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती, अयोध्या, अमेठी, सुल्तानपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर में एक या दो जगहों पर बारिश हो सकती हैं। प्रदेश के बाकी हिस्से में आज मौसम सामान्य रहेगा। इन जिलों के लिए कोई चेतावनी नहीं दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटों में प्रदेश के अधिकतम तापमान में 2.4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। इसके बाद 6.8 डिग्री की अचानक बढ़ोतरी हो सकती हैं। 9 और 10 अप्रैल को बारिश का सिलसिला थम जाएगा।

# मंत्री की करतूतों पर चले बुलडोजर: सपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन विभाग में बगैर बस चलाए चालकों द्वारा वेतन उठाए जाने का मामला सामने आने के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को बसों पर बुलडोजरष चलाने का नाटक करने के बजाय मंत्री की भ्रष्ट करतूतों पर चलवाने चाहिए।



**बस चालकों की ओर से वेतन उठाए जाने के मामले में अखिलेश यादव का सीएम योगी पर हमला, सड़कें धंसी हुई हैं, परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार का हुआ खुलासा**

यादव ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि सब जानते हैं चलेगा (बुलडोजर) नहीं, क्योंकि इस गोरखधंधे का सबसे बड़ा हिस्सा तो 'मुख्य-दान पेटी' में ही आता है। इसीलिए मंत्री पर उनकी 'दया-दृष्टि' आमदनी के आगमन के अनुपात में बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि इधर गर्मियों की छुट्टियों में जनता आने-जाने के लिए परेशान है और उधर भाजपाई और उनके संगी-साथी परिवहन विभाग के पहिए खोलकर बेचने में लगे हैं। यही वो कारण है जिसकी वजह से उप्र के विकास की गाड़ी भाजपा के भ्रष्टाचार की मारी धंसी सड़क में धंसकर पूरी तरह ठहर गई है। अखिलेश यादव ने कहा कि यातायात और आवागमन की व्यवस्था का बाधित होना सीधे तौर पर अर्थव्यवस्था पर असर डालता है। उन्होंने कहा कि भाजपाई ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था नहीं, ट्रिलियन डॉलर की अपनी व्यवस्था बनाने में लगे हैं। भाजपा को आम जनता से न कोई मतलब था, न है, न कभी रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जाए तो बस चल पाए, पर चिंता न करें बुरे दिन जानेवाले हैं। गौरतलब है कि परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार को लेकर एक बड़ा खुलासा सामने आया है। जानकारी के अनुसार, 1671 ड्राइवर ऐसे पाए गए हैं जो बिना बस चलाए ही वेतन उठा रहे हैं, जबकि करीब 50 प्रतिशत चालकों का रिकॉर्ड शून्य किलोमीटर का दर्ज हुआ है। फिलहाल, इस पूरे मामले पर सरकार या परिवहन विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# प्रीपेड या पोस्टपेड स्मार्ट मीटर का खुद करें चुनाव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सरकार ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता खत्म कर दी है। अब उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार प्रीपेड या पोस्टपेड मीटर चुन सकेंगे, जिससे लाखों लोगों को राहत मिली है। लखनऊ में बिजली बिल और मीटर को लेकर लंबे समय से चल रही बहस में अब उपभोक्ताओं के पक्ष में फैसला आया है।

केंद्र सरकार ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता पूरी तरह खत्म कर दी है। अब सिर्फ स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे, लेकिन वे प्रीपेड हों या पोस्टपेड, यह फैसला पूरी तरह उपभोक्ता पर निर्भर करेगा। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने यह आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक जहां संचार नेटवर्क उपलब्ध है, वहां सभी नए और पुराने बिजली

### केंद्र सरकार और केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने जारी किया आदेश

कनेक्शनों पर स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे, लेकिन प्रीपेड मोड अब अनिवार्य नहीं रहेगा। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अभी 78 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लग चुके हैं, जिनमें 70 लाख प्रीपेड स्मार्ट मीटर हैं। नए कनेक्शनों पर अब तक अनिवार्य रूप से प्रीपेड मीटर ही लगाए जा रहे थे। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस अनिवार्यता का लगातार विरोध किया था। संसद में उठे सवालों के जवाब में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने स्पष्ट कहा था कि प्रीपेड मीटर लगाना अनिवार्य नहीं है। यह पूरी तरह उपभोक्तराओं की इच्छा पर निर्भर करता है।

## सचिव ने यूपी के डीआईओएस व बीएसए को जारी किए आदेश

# अवैध स्कूलों और कोचिंगों पर लगेगा अंकुश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने प्रदेश भर में अमान्य विद्यालयों और नियम विरुद्ध चल रही निजी कोचिंग की गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को परिषद के सचिव भगवती सिंह आदेश जारी कर सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों (डीआईओएस), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) और खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को 18 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। परिषद के सचिव भगवती सिंह के स्तर से जारी निर्देश के अनुसार, प्रदेश के विभिन्न जिलों में बिना मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संचालन और



■ **अभियान 18 अप्रैल तक चलाया जाएगा, बिना मान्यता स्कूल चलाना पूरी तरह प्रतिबंधित, कठोर कार्रवाई का प्रावधान**

शिक्षकों के निजी कोचिंग संस्थानों में संलग्न होने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। जबकि इसे शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, परिषद के विनियमों और कोचिंग नियमन से जुड़े नियमों का उल्लंघन माना गया है। परिषद ने स्पष्ट किया है कि बिना मान्यता विद्यालय चलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है और ऐसे मामलों में आर्थिक दंड सहित कठोर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। साथ ही, मान्यता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा निजी कोचिंग में पढ़ाना भी नियमों के विरुद्ध है, जिस पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। परिषद ने उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में कहा है कि शासन स्तर पर पहले ही जिला विद्यालय निरीक्षक की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जा चुकी है, जिसमें बीएसए और बीईओ सदस्य हैं। सचिव भगवती सिंह ने कहा कि अभियान के बाद सभी जनपदों को 30 अप्रैल 2026 तक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। रिपोर्ट में अवैध विद्यालयों की संख्या, उनके खिलाफ की गई कार्रवाई, निजी कोचिंग में शिक्षकों की संख्या व उनके विरुद्ध कदमों का विवरण देना अनिवार्य होगा।

### आबकारी विभाग में 722 पदों पर बंपर भर्ती

**लखनऊ।** यूपी के बेरोजगारों के लिए आबकारी विभाग में सिपाही बनने का सुनहरा मौका है। विभाग ने बंपर वेकेंसी निकाली है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने आबकारी सिपाही मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन मांगे हैं। आबकारी सिपाही के 722 पदों के लिए विज्ञापन निकाला गया है। सिपाही बनने के लिए इच्छुक इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। आबकारी सिपाही मुख्य परीक्षा के लिए केवल वही अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जो विज्ञापन में दी गई शर्तों को पूरा करते हैं। प्रारंभिक क्वालीफिकेशन परीक्षा 2025 प्रिलिमनरी एलिजिबिलिटी टेस्ट (पेट 2025) में सम्मिलित हुए हों और उन्हें आयोग की ओर से प्रारंभिक एलिजिबिलीटी परीक्षा 2025 का स्कोर कार्ड जारी किया गया हो। मुख्य परीक्षा के लिए अभ्यर्थी की शॉर्ट लिस्टिंग उनके प्रीलिमनरी एलिजिबिलिटी टेस्ट पेट 2025 के नॉर्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मेरिट के अनुसार की जाएगी।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 74616.58
**निफ्टी** 23123.65



**सोना** 147000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 231000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी जारी सेंसेक्स 510 अंक चढ़ा

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन तेजी देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 509.73 अंक (0.69 प्रतिशत) चढ़कर 74,616.58 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 155.40 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की बढ़त में 23,123.65 अंक पर पहुंच गया।

शुरुआती गिरावट के बाद बाजार में तेजी लौट आई। सुबह के कारोबार में संसेक्स एक समय 800 अंक से ज्यादा लुढ़क गया था, लेकिन दोपहर बाद कम कीमत पर हुई लिवाली से यह हरे निशान में लौट गया। मझौली कंपनियों में तेजी रही जबकि छोटी



कंपनियों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.43 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। वहीं, स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.06 प्रतिशत फिसल गया। आईटी कंपनियों में दोपहर बाद लिवाली तेज होने से बाजार को समर्थन मिला। धातु, रियलटी, एफएमसीजी, निजी बैंकों और मीडिया कंपनियों के समूहों में भी तेजी रही। वहीं, सार्वजनिक बैंक और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह गिरावट में रहे। संसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर पौने तीन फीसदी ऊपर बंद हुआ।

टीसीएस, इंफोसिस और भारती एयरटेल में भी दो प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई। सनफार्मा, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनीलिवर, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर भी एक से दो प्रतिशत चढ़ गए। टाटा स्टील, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस और एक्सिस बैंक के शेयर भी हरे निशान में रहे। इंडिगो, अडानी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

# सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में मंगलवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2 हजार रुपए घटकर 1.47 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले यह 1.49 लाख रुपए पर था। एक किलो चांदी 3 हजार रुपए घटकर 2.31 लाख रुपए रह गई।

साल की शुरुआत में सोने में तेजी थी, लेकिन हाल के हफ्तों में मुनाफावसूली और ईरान जंग से गिरावट आई है। अपने उच्चतम स्तर से सोना अब तक 29 हजार सस्ता हो चुका है। चांदी में सोने के मुकाबले ज्यादा उतार-चढ़ाव रहा और यह ऑल टाइम हाई से तेजी से नीचे आई है। चांदी ऑल टाइम हाई से 1.54 लाख सस्ती हो चुकी है। हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है। चांदी असली सिल्वर चुंबक से नहीं चिपकती।

# मॉर्गन स्टेनली ने भारत की वृद्धि का अनुमान घटाया

नई दिल्ली, वार्ता

पश्चिम एशिया और पश्चिमी देशों की कठिन परिस्थितियों के मद्देनज वित्त और निवेश के कारोबार में लगे वैश्विक संगठन मॉर्गन स्टेनली ने वित्त वर्ष 2026.27 के लिए भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि के अनुमान को प्रतिशत 0.30 अंक घटाकर 6.2 प्रतिशत कर दिया है।

इससे पहले संगठन ने 6.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान लगाया था। मॉर्गन स्टेनली का अनुमान है कि 2026.27 में कच्चे तेल की औसत कीमत 95 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल रहेगी तथा गैस की उपलब्धता एक अतिरिक्त बाधा होगी। मॉर्गन स्टेनली की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि ईंधन की बढ़ती कीमत और औद्योगिक आपूर्ति में कमी से उत्पादन के संसाधनों की लागत बढ़ रही हैं और चुनिंदा वस्तुओं के उत्पादन में कटौती करनी पड़ रही है। रुपये की कमजोरी के बीच आयातित महंगाई बढ़ रही है। मॉर्गन स्टेनली ने आगे कहा कि उत्पादन की उच्च लागत, मुद्रा की कमजोरी और खाद्य/मुख्य वस्तुओं की कीमतों में मजबूती के कारण वित्त वर्ष 27 में औसत खुदरा मुद्रास्फीति साल-दर-साल आधार पर बढ़कर 5.1 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। तेल की ऊंची कीमतों के कारण वित्त वर्ष 2026.27 में चालू खाते का घाटा (कैड) प्रतिशत लगभग 1.50 अंक बढ़कर जीडीपी के लगभग 2.5 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। मॉर्गन स्टेनली के विश्लेषकों ने कहा है, हाल के वर्षों में पूंजी प्रवाह वित्तपोषण की जरूरतों से पीछे रहा है, इसलिए हमें उम्मीद है कि भुगतान संतुलन लगातार तीसरे वर्ष घाटे में रहेगा, जिससे रुपये पर दबाव बढ़ने की आशंका बढ़ जाएगी। मॉर्गन स्टेनली की भारत संबंधी मामलों की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना चाचरा ने बानी गंभीर और श्रेया सिंह के साथ मिलकर लिखा है, इस पृष्ठभूमि में, हमने वित्त वर्ष 2026.27 के लिए अपने वास्तविक जीडीपी अनुमान को प्रतिशत 0.30 अंक घटाकर 6.2 प्रतिशत कर दिया है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# दलित वोट पर टिकी भाजपा सपा-बसपा की उम्मीदें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले सियासी तपिश अभी से देखी जा रही है। यूजीसी के नए नियमों को लेकर सवर्ण वोटों की नाराजगी के बीच इस बार सत्ता के केंद्र में दलित वोट बैंक बना हुआ है। प्रदेश की करीब 21 प्रतिशत दलित आबादी न सिर्फ आरक्षित सीटों बल्कि सामान्य सीटों पर भी निर्णायक भूमिका निभाती है। यही कारण है कि भाजपा, सपा और बसपा तीनों ही दल इस वर्ग को अपने पक्ष में करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

वर्तमान में यूजीसी के नए नियमों को लेकर सवर्ण समाज के बीच भाजपा के प्रति असंतोष देखा जा रहा है। हालांकि भाजपा इस तरह की नाराजगी से इंकार कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर यह मुद्दा बातचीत का हिस्सा बन चुका है। इसी बीच विकल्प के तौर पर बसपा सुप्रीमो मायावती के बयान और उनके शासनकाल के कानून-व्यवस्था की चर्चाएं ग्रामीण इलाकों में फिर सुनाई देने लगी

■ **सवर्ण वोटों की नाराजगी के बीच सभी दलों ने कसी कमर**

हैं। हालांकि चुनाव अभी दूर हैं और राजनीतिक समीकरण समय के साथ बदल रहते हैं। भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी रणनीति बदलते हुए गैर-जाटव दलितों जैसे पासी, वाल्मीकि और अन्य समुदायों पर खास फोकस किया है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं, जैसे मुफ्त राशन, आवास, शौचालय और आयुष्मान योजना के जरिए भाजपा ने लाभार्थी वर्ग तैयार किया है, जिसे वह वोट में बदलने की कोशिश में है। साथ ही डा. भीमराव अंबेडकर के विचारों और स्मारकों को प्रमुखता देकर पार्टी सामाजिक संदेश भी दे रही है। एक दिन पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से पार्टी के स्थापना दिवस के दिन राज्य में डा. अंबेडकर की सभी प्रतिमाओं पर सुरक्षात्मक छत्र देने की घोषणा को इसी रूप से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि जाटव वोट बैंक में भाजपा की पकड़ अभी भी सीमित मानी जाती है।

# यूपी में जाम से निजात पाने के लिए 20 जिलों में सी-आरटीसी योजना लागू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्णा ने कहा है कि प्रदेश में तेजी से बढ़ते ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए यातायात निदेशालय द्वारा सी-आरटीसी (सिटी रेड्यूसिग ट्रैफिक कंजेशन) योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत पहले चरण में प्रदेश के 20 जिलों के 172 प्रमुख मार्गों को चिन्हित कर उन्हें जाम मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

पुलिस राज्य मुख्यालय के सिग्नेचर बिल्डिंग में मंगलवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में श्री कृष्णा ने कहा कि समस्या के समाधान के लिए योजना के तहत प्रदेश में उन मार्गों को चिन्हित किया गया है, जहां पीक आवर्स में सबसे अधिक जाम लगता है। चिन्हित मार्गों में आगरा, अयोध्या, बरेली, गोरखपुर, कानपुर, लखनऊ,



मेरठ, वाराणसी, प्रयागराज सहित 20 जिले शामिल हैं। इन मार्गों पर यातायात को सुचारू बनाने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि योजना की सबसे अहम कड़ी 'रूट मार्शल' प्रणाली है। 'एक रूट, एक रूट मार्शल' के सिद्धांत पर प्रत्येक मार्ग के लिए एक जिम्मेदार अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो उस मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पूरी तरह उत्तरदाई होगा। आवश्यकता अनुसार एक अधिकारी को एक से अधिक मार्गों की जिम्मेदारी भी दी जा सकती है। डीजीपी राजीव कृष्णा ने कहा कि इस योजना में एआई आधारित आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है, जिससे चिन्हित मार्गों पर न्यूनतम, अधिकतम और औसत ट्रैवल टाइम का विश्लेषण किया जाएगा। यह प्रणाली रियल टाइम में जाम की स्थिति को मैप पर प्रदर्शित करेगी, जिससे नोडल अधिकारी अपने स्मार्टफोन के माध्यम से किसी भी समय ट्रैफिक की स्थिति की निगरानी कर सकेंगे। इसके साथ ही पिछले दो माह तक का डेटा भी उपलब्ध रहेगा, जिससे बेहतर रणनीति बनाई जा सकेगी। योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए '5ई मॉडल' एजुकेशन (जागरूकता), इंफोर्समेंट (प्रवर्तन), इंजीनियरिंग (तकनीकी हस्तक्षेप), इंक्रोचमेंट रिमूवल (अतिक्रमण हटाना) और ई-रिक्शा संचालन पर विशेष जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण में पीक आवर्स के दौरान अधिकतम ट्रैवल टाइम में 20 प्रतिशत तक कमी लाने का लक्ष्य तय किया है।

# खड़गे का हिमंता पर हमला लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**नई दिल्ली।** असम विधानसभा चुनाव मतदान से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रेस वार्ता कर भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधा। श्री खड़गे ने राज्य की जनता से अपील की कि वे अपने वोट के जरिए ष्सबसे भ्रष्ट सरकारष को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में असम में भ्रष्टाचार बढ़ा है और मुख्यमंत्री केवल अपने निजी हितों को साध रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य में षसिडिकेट राजष चल रहा है, जिसमें जमीन उनके करीबी लोगों और कॉरपोरेट्स को सौंपी जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि एक तरफ भाजपा नेता भ्रष्टाचार के खिलाफ होने का दावा करते हैं, जबकि दूसरी ओर असम में कथित



भ्रष्टाचार पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने कांग्रेस नेताओं गौरव गोगोई और पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई का जिक्र करते हुए कहा कि उनका रिकॉर्ड साफ रहा है और उन्होंने कभी इस तरह के आरोपों का सामना नहीं किया। श्री खड़गे ने असम के गायक जुबिन गर्ग से जुड़े मामले में न्याय में देरी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने में देरी हुई और सवाल उठाया कि आखिर मुख्यमंत्री किसे बचाना चाहते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने वादा किया कि यदि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनती है, तो 100 दिनों के भीतर इस मामले में न्याय सुनिश्चित किया जाएगा और दोषियों को सजा दिलाई जाएगी।

CMYK

# जन समस्याओं का त्वरित समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: सीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। विधायकगणों द्वारा अपने क्षेत्र की जिन समस्याओं को उठाया जा रहा है, अधिकारी उन्हें गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। जिन योजनाओं का समाधान शीघ्र हो सकता है, यह सुनिश्चित किया जाए कि उनमें अनावश्यक विलंब न हो। कार्यों में अनावश्यक देरी करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय से जन समस्याओं का समाधान करें।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री घोषणाओं के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र थराली, कर्णप्रयाग, केदारनाथ, रुद्रप्रयाग और देवप्रयाग की समीक्षा के दौरान ये निर्देश अधिकारियों को दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं का समाधान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखते हुए अधिकारी आमजन की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए।



- मुख्यमंत्री ने की 5 विधानसभाओं की सीएम घोषणाओं की समीक्षा
- पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए
- विकास कार्यों में देरी पर अधिकारियों की तय होगी जिम्मेदारी

हेली एंबुलेंस की समय पर उपलब्धता और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किए जाएं। निर्माण से संबंधित कार्यों में यदि किसी विभाग द्वारा प्रस्ताव किसी अन्य विभाग को हस्तांतरित किया जाना है, तो उसे शीघ्र भेजा जाए।

विलंब करने पर संबंधित विभागों की जिम्मेदारी तय की जाए। बैठक में कैबिनेट मंत्री भरत चौधरी, विधायक कर्णप्रयाग अनिल नौटियाल, विधायक थराली भूपाल राम टम्टा, केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, नितेश झा, दिलीप जावलकर, सचिन कुर्वे, रविनाथ रमन, एस.एन. पांडेय, डॉ. पंकज कुमार पांडेय, डॉ. आर. राज.ेश कुमार, धीराज गर्ब्याल, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं वर्चुअल माध्यम से संबंधित जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### उठाई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें संबंधित विभागीय सचिव

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विधायकगणों द्वारा बैठक में उठाई गई समस्याओं का संबंधित विभागीय सचिव प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित वन विभाग के स्तर पर लंबित प्रकरणों की अलग से समीक्षा की जाए। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि मानसून से पहले वर्षाकाल की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की जाए। बाढ़ नियंत्रण से संबंधित कार्य समय पर पूर्ण किए जाएं।

### कहा, आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय से हों पूर्ण

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएं। वाणिज्यिक सिलेंडरों के संबंध में होटल एसोसिएशन के साथ समय-समय पर बैठक कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। यात्रा के लिए सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाया जाए।

# प्रदेश में आयुर्वेद को बड़े संसाधन के तौर पर स्थापित करना हमारा संकल्प: कौशिक

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

- प्रदेश के आयुष एवं आयुष शिक्षा मंत्री ने की समीक्षा बैठक
- कहा, आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग राज्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण विभाग



**देहरादून।** प्रदेश के आयुष एवं आयुष शिक्षा मंत्री मदन कौशिक ने विधान सभा स्थित सभागार कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

आयुष एवं आयुष शिक्षा मंत्री कौशिक ने कहा कि आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग राज्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण विभाग है ,जिसके अंतर्गत राज्य में 3 राजकीय परिसर ,13 जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवा कार्यालय, 21 निजी महाविद्यालय, 13 जिला होम्योपैथिक कार्यालय के साथ अन्य अनेक संस्थाएं संचालित हैं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक विश्व. विद्यालय को लेकर कुछ समस्याओं पर आज समीक्षा की गयी है, जिसको लेकर महानिद.ेशक की अध्यक्षता में कमेटी का गठन कर समस्याओं का तत्काल प्रभाव से निवारण के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि अन्य विभागों के साथ बैठक कर जल्द ही समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

कौशिक ने कहा कि उत्तराखण्ड धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों में स्थित धर्मशालाओं तथा बड़े होटलों को आयुर्वेद से जोड़ने को लेकर अधिकारियों से योजना बनाने को कहा गया है।

उन्होंने कहा कि विभाग ऐसी नीति बनाये जिससे जनमानस को प्रभावित किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में आयुर्वेद को बड़े संसाधन के तौर पर स्थापित करना हमारा संकल्प है। मंत्री ने कहा कि आयुष विभाग ब्लॉक स्तर तथा न्याय पंचायत स्तर पर वैलनेस तथा योग एवं पंचकर्म जैसी सुविधाओं को जोड़ने हेतु अवधारणा लागू करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।

आयुष मंत्री ने आयुर्वेद विश्व. विद्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की जिसमें शिक्षा तथा शोध के कार्यों पर चर्चा की गई। मंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय से जुड़े हुए सभी प्रकरणों की बिन्दुवार समीक्षा की जाए तथा उचित समाधान निकाला जाए। आयुर्वेद एवं यूनानी सेवा के अंतर्गत प्रदेश में लगभग 852 चिकित्सालय तथा 5491 आयुर्वेदिक डॉक्टर, 1226 होम्योपैथिक डॉक्टर, 201 यूनानी डॉक्टर, 10 सिद्ध डॉक्टर तथा 18 प्राकृतिक चिकित्सा डॉक्टर उपलब्ध हैं इसके साथ ही फार्मासिस्ट, नर्स एवं सहायक उपलब्ध हैं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रिक्त पदों पर अधियाचन भेजें तथा रिक्तियों को पूर्ण करने का कार्य किया जाए।

इस अवसर पर सचिव आयुष रंजना राजगुरू, अपर सचिव/निद.ेशक विजय कुमार जोगदंडे तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तराखण्ड में राजनीतिक दलों के 20 हजार से अधिक बीएलए नियुक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो


- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की शत प्रतिशत बीएलए नियुक्त करने की अपील

**देहरादून।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के कम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के विशेष प्रयासों के बाद उत्तराखण्ड में राष्ट्रीय राजनैतिक दलों ने अबतक 20863 बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्ति कर दी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने दलों का आभार प्रकट करते हुए उनसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत बीएलए नियुक्त करने का अनुरोध किया है। वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 89 प्रतिशत जबकि इंडियन नेशनल कांग्रेस द्वारा 84 प्रतिशत बीएलए की नियुक्ति की जा चुकी है। प्रदेश के 13 में से 5 जनपद ऐसे हैं जहां दोनों ही दलों द्वारा शत प्रतिशत बीएलए की नियुक्ति की जा चुकी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में भाजपा ने 10551, कांग्रेस ने 9869, सीपीआई (एम) ने 326 और बीएसपी ने 117 बीएलए की नियुक्ति की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर. सी. पुरुषोत्तम ने बताया कि आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में मतदाता सूची के शुद्धिकरण में बीएलए की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देश पर प्रदेश में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों से बैठक कर शत प्रतिशत बीएलए नियुक्त करने का अनुरोध किया था जिसके बाद राजनैतिक दलों ने अधिकांश बीएलए की नियुक्ति कर दी है।

# विशेष सत्र, महिला सशक्तिकरण के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता: भट्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



- महिला आरक्षण 2029 से लागू करने के मकसद से विशेष सत्र जरूरी, स्वागत योग्य

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने महिला आरक्षण को लेकर विशेष सत्र का स्वागत करते हुए, महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता बताया है। उन्होंने विपक्ष को आईना दिखाते हुए कहा जो लोग 2029 में आरक्षण लागू करने की मांग करते थे वहीं आज इसकी टाइमिंग एवं प्रयोजन को लेकर अफवाह फैलारहे हैं। जबकि पीएम मोदी ने स्पष्ट किया है कि किसी की सीटें कम नहीं होंगी बल्कि आनुपातिक रूप में संख्या का बढ़ना निश्चित है। साथ ही शुभ कार्य की टाइमिंग के लिए आपत्ति उचित नहीं होती है।

उन्होंने मीडिया के माध्यम से जारी अपनी प्रतिक्रिया में कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार लगातार महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहा. सिक निर्णय ले रही है। जिसके क्रम में महिलाओं को निर्वाचित जन प्रतिनिधित्व वाली शीर्ष संस्थाओं में यथोचित अधिकार सुनिश्चित करना भी है। नारी शक्ति वंदना अधिनियम के माध्यम से मोदी सरकार ने देश की आधी आबादी को उसका पूरा अधिकार दिलाने का प्रयास किया है। चूंकि इस आरक्षण की प्रक्रिया को 2029 में ही प्रारंभ करने की दृष्टि से सरकार द्वारा ये विशेष सत्र बुलाया गया है जो बहुत ही स्वागत योग्य निर्णय है।

उन्होंने सरकार के रुख को स्पष्ट करते हुए कहा है कि लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला उनकी ही सरकार ने किया है। बजट सत्र को पूरा करने के बजाय उसका विस्तार किया गया है ताकि संसद 16, 17 और 18 अप्रैल को तीन दिन इस महत्वपूर्ण कानून पर चर्चा करे। इसका मकसद है महिला आरक्षण से जुड़े कानून के शीघ्र अमल के लिए में जरूरी संशोधन प्रक्रिया पूरी करना, ताकि इसका लाभ तय समय पर मिल सके। मोदी सरकार का प्रयास है कि साल 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव से इसका लाभ मिलना शुरू हो जाए। 33 प्रतिशत बहनें संसद में पहुंचें और जनप्रति. निधि बनें, इसके लिए सभी जरूरी कानूनी प्रावधान पूरे करने के लिए ही संसद का विशेष सत्र बुलाया जा रहा है।

उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वो कल तक इस कानून को शीघ्र लागू करने को आसमान सर पर उठाए हुए थे और आज सीटों के परिसीमन को लेकर आशंका से इस कानून को लेकर अफवाह फैला रहे हैं। जबकि डिलिमिटेशन को लेकर उठ रही सभी आशंकाओं को पीएम मोदी और सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि किसी भी राज्य की सीटें कम नहीं होंगी। जबकि इस कानून के तहत महिलाओं के लिए अतिरिक्त सीटों का प्रावधान किया जाएगा।

## रौतेला ने मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष का पदभार किया ग्रहण



**देहरादून।** ध्रुव रौतेला ने मंगलवार को सचिवालय में मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने सचिव सूचना शैलेश बगौली से भी भेंट की। ध्रुव रौतेला ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के समग्र विकास के प्रति निरंतर प्रयासरत है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता होगी, ताकि हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ध्रुव रौतेला ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में मीडिया व पत्रकार बंधुओं के कल्याण, उनकी समस्याओं के समाधान तथा उनके हितों की रक्षा को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मीडिया एवं सरकार के मध्य बेहतर समन्वय से राज्य सरकार द्वारा जनहित में लिये गये निर्णयों एवं नीतियों का लाभ समाज के अन्तिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने में भी और अधिक सफलता मिल सकेगी।

# उत्तराखंड में सामान्य है गैस आपूर्ति की स्थिति: पांगती



- अपर आयुक्त खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले ने दी जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** अपर आयुक्त खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, उत्तराखंड सरकार पी.एस. पांगती ने एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता एवं खाद्य सुरक्षा तैयारियों और आवश्यक वस्तुओं की जानकारी देते हुए कहा कि घरेलू गैस की आपूर्ति पूरे प्रदेश में नियमित रूप से सुनिश्चित की जा रही है। राज्य में डीजल एवं पेट्रोल की कोई कमी नहीं है।अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों को नियमित रूप से गैस की आपूर्ति की जा रही है।

मंगलवार को सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत

### राज्य में प्रवासी मजदूरों एवं विद्यार्थियों के लिए 5 किलो का छोटा सिलेंडर

प्रवासी मजदूरों एवं विद्यार्थियों के लिए 5 किलो के सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। प्रदेश में सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि डिलीवरी सुनिश्चित हो। उन्होंने बताया कि राज्य में प्रवासी मजदूरों एवं विद्यार्थियों के लिए 5 किलो का छोटू सिलेंडर (एफटीएल- फ्री ट्रेड एलपीजी) को पहचान पत्र पर किसी भी गैस एजेंसी पर प्राप्त किया जा सकता है। भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत अंत्योदय एवं प्राथमिक परिवार के राशन कार्ड धारक माह अप्रैल में तीन महीनों (अप्रैल, मई एवं जून) का एकसाथ राशन निकटतम गल्ला केंद्रों से प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश में 14 लाख राशन कार्ड धारक परिवारों को तीन महीनों का राशन एक साथ आवंटित किए जा रहे हैं।

### उत्तराखंड में सिटी गैस वितरण और वैकल्पिक ईंधन के क्षेत्र में 5 सिटी गैस वितरण कंपनियां कार्यरत

भारत सरकार के निर्देशानुसार पीएनजी विस्तार को लेकर भी उत्तराखंड में सिटी गैस वितरण और वैकल्पिक ईंधन के क्षेत्र में राज्य में 5 सिटी गैस वितरण कंपनियां कार्य कर रही हैं, जिनमें देहरादून में जीएआईएल गैस, उधम सिंह नगर में आईओसी और अडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड, हरिद्वार में एचएनजीपीएल और नैनीताल में एचपीसीएल शामिल हैं। राज्य में सीएनजी, घरेलू पीएनजी और वाणिज्यिक एवं औद्योगिक पीएनजी की आपूर्ति में कोई बाधा या प्रतिबंध नहीं है। इन कंपनियों द्वारा घरेलू पीएनजी कनेक्शन को तेजी से बढ़ाने, कम समय में अधिकतम कवरेज सुनिश्चित करने, सर्वे और संस्थागत कनेक्शन को प्राथमिकता देने, दैनिक प्रगति की निगरानी करने और अधिकतम जनहित के आधार पर प्राथमिकता तय करने जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश में 37 हजार घरों में पीएनजी कनेक्शन चालू हैं। उत्तराखंड में वैकल्पिक ईंधन व्यवस्था को लेकर वन विभाग द्वारा सभी लकड़ी के टॉल्स में पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है।

**जमाखोरी व कालाबाजारी पर 6,205 निरीक्षण व 373 छापे मारे गए**

उत्तराखंड में निगरानी और अनुपालन के तहत नियमित रूप से कार्रवाई की

# सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने परखी सैनिक सम्मान समारोह की तैयारियां

शाह टाइम्स ब्यूरो

**खटीमा।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आज खटीमा पहुंचकर सूबेदार स्व० शेर सिंह धामी की 6वीं पुण्यतिथि पर 09 अप्रैल को आयोजित होने वाले सैनिक सम्मान समारोह की तैयारियों के संबंध में कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम में आने वाले लोगों के बैठने, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।



- खटीमा में 9 अप्रैल को आयोजित होगा सम्मान समारोह ,कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा खटीमा स्थित सीएसडी कैंटीन का भी लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें आवश्यक सामग्री सुलभता से उपलब्ध हो सकेगी। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सैनिक सम्मान समारोह शहीदों और पूर्व सैनिकों के सम्मान का महत्वपूर्ण अवसर है, जिसे गरिमामय ढंग से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा हमारी सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी संबंधित विभागीय अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



# 'नए युग' की अवधारणा पर दिया बल

## राज्यपाल ने विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और विश्व गुरु बनने के लक्ष्य को विद्यार्थियों के सामने रखा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में 37वें दीक्षांत समारोह का मंगलवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ जिसमें राज्यपाल ले. ज. गुरमीत सिंह मुख्य अतिथि और कृषि मंत्री गणेश जोशी एवं सांसद अजय भट्ट

### पंतनगर विश्वविद्यालय का 37वां दीक्षांत समारोह

विशिष्ट अतिथि एवं कुलसचिव डा. दीपा विनय मंचासीन रहीं। मुख्य अतिथि राज्यपाल एवं कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने अपने संबोधन में 37वें दीक्षांत समारोह के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे आध्यात्मिकता और पूर्णता का प्रतीक बताया। उन्होंने 'नए युग' की अवधारणा पर बल देते हुए विक. सित भारत, आत्मनिर्भर भारत और विश्व गुरु बनने के लक्ष्य को विद्यार्थियों के सामने रखा। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स, साइबर टेक्नोलॉजी और स्पेस साइंस जैसी आधुनिक तकनीकों ने दुनिया को तेजी से बदल दिया है। ऐसे समय में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। समारोह में कुल 1,395 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई, जबकि 36 मेधावी छात्रों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रान्ज मेडल से सम्मानित किया गया। कृषि गणेश जोशी ने पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय को भारतीय कृषि के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बताते हुए कहा कि यही वह पावन भूमि है, जिसने हरित क्रांति को नई दिशा दी और देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों यथा अल्मोड़ा, हल्द्वानी एवं अन्य संस्थानों में उत्कृष्ट कार्य हो रहा है, जो भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। कुल. पति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विश्व. विद्यालय देश में हरित क्रांति की ऐतिहासिक भूमि का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग ने भी इसे हरित क्रांति की जन्मस्थली के रूप में सम्मानित किया है। इस अवसर पर वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून की कुलपति डा. तृप्ता ठाकुर, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के कुलपति प्रोफेसर सतपाल सिंह, उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी के कुलपति प्रोफेसर नवीन चन्द्र लोहानी, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत, उत्तराखण्ड की लोक गायिका पद्श्री डा. माधुरी बडथ्वाल, विश्वविद्यालय की प्रबन्ध परिषद् एवं विद्वत परिषद् के सदस्यों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों के संकाय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी तथा प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।







### पदक एवं अवार्ड से सम्मानित हुए विद्यार्थी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** विवि के 37वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल ने 1395 विद्यार्थियों को उपाधि व दीक्षा प्रदान की। इस अवसर पर जयश्री रॉय को सर्वोत्तम स्नातक होने के नाते कुलाधिपति के स्वर्ण पदक से सम्मानित करने के अतिरिक्त 13 विद्यार्थियों को कुलपति स्वर्ण पदक प्रदान किये गये, जिनमें पल्लवी शर्मा, शांभवी झा, अनुराग सैनी, अपूर्वा रावत, ऋषभ गिरी, शौर्य वर्धन सिंह काराकोटी, प्रगति तिवारी, आयुष बिष्ट, अंशिका शर्मा, प्रज्ञा काण्डपाल, मयंक तिवारी, मयंक पाण्डे एवं प्रिया गोस्वामी सम्मिलित थे। कुलपति रजत पदक 12 विद्यार्थियों को दिये गये, जिनमें रेखा भट्ट, रिया, जगदीश पुरी, अविनाश पराशर पाण्डे, मानसी पंत, अदिती कुमार, अदीति रावत, भास्कर छिमवाल, मिथिल एम पाठक, रत्नेश जोशी, अभिषेक गिरी एवं अनुष्का बिष्ट सम्मलित थे तथा कुलपति कांस्य पदक 10 विद्यार्थियों को दिये गये, जिनमें त्वेशा पाण्डे, मानसी ढ़िंगरा, विनिता जोशी, दीक्षा उत्प्रेती, श्रृष्टि सक्सेना, रोबिन, दीप्ति कोरंगा, योगेश जोशी, अभिनव गोयल एवं मानशी जोशी सम्मिलित थे। इसके अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिव्या लिंगवाल को सरस्वती पांडा गोल्ड मेडल/कैस अवार्ड, सम्भावि झा को नागम्मा शान्ताबाई अवार्ड (पल्वी शर्मा को डा. राम शिरोमणि तिवारी अवार्ड, दो विद्यार्थी पल्वी शर्मा एवं रेखा भट्ट को चौधरी चरण सिंह मैमोरियल इंटेलेकच्यूअल अवार्ड) पारस आर्या को पूरण आनन्द अदलखा अवार्ड तथा दो विद्यार्थी सुमन दिव्यांशु एवं राजश्री वर्मा को भारत रत्न पण्डित गोविन्द बल्लभ पन्त अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## भूस्खलन प्रभावित 9 परिवारों के पुनर्वास को मंजूरी, ग्राम सेरी में भूमि आवंटन स्वीकृत

**बागेश्वर।** तहसील काण्डा के ग्राम सेरी में भूस्खलन से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास को लेकर प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शासन ने 9 प्रभावित परिवारों के सुरक्षित विस्थापन हेतु गोचर/चराई भूमि के आवंटन को मंजूरी दे दी है। जिला. धिकारी आकांक्षा कोंडे ने बताया कि भूस्खलन के बाद इन परिवारों के लिए सुरक्षित स्थान की आवश्यकता को देखते हुए ग्राम सेरी में उपलब्ध 0.135 हेक्टेयर गोचर भूमि (श्रेणी-45, 9(3)) के आवंटन/हस्तांतरण के प्रस्ताव को शासन ने स्वीकृति प्रदान की है। जिलाधिकारी के अनुसार, वर्तमान आवास स्थल असुरक्षित पाए जाने के बाद प्रशासन ने वैकल्पिक भूमि का चयन किया है। पुनर्वास प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाएगा, ताकि प्रभावित परिवारों को सुरक्षित और स्थायी आवास उपलब्ध कराया जा सके।

## अरनव कंबोज यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष बने

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** अरनव कंबोज यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष बने। उत्तराखंड में यूथ कांग्रेस की चुनाव प्रक्रिया के परिणामस्वरूप कालाढूंगी निवासी और जिला पंचायत सदस्य अरनव कंबोज प्रदेश उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। उनकी जीत पर कालाढूंगी क्षेत्र में खुशी का माहौल है, और उन्हें बधाई देने का सिल. सिला जारी है। इस मौके पर अरनव कंबोज ने अपने सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कांग्रेस की मजबूती के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता जाहिर की। उन्हें वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नीरज तिवारी, पीयूष बिष्ट, भगवान रौतेला ने बधाई दी।



## एक नजर....

### अग्नि सुरक्षा: पुलिस-फायर विभाग की पहल

**अल्मोड़ा।** आगामी फायर सीजन को देखते हुए पुलिस व अग्निशमन विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के के निर्देश पर जनपद के फायर स्टेशनों को जागरूकता अभियान चलाने और संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण करने को कहा गया है। मिली जानकारी अनुसार मुख्य अग्निशमन अधिकारी नरेंद्र सिंह कुंवर के पर्यवेक्षण में परिवहन निगम परिसर में मॉक ड्रिल आयोजित की गई। प्रभारी फायर स्टेशन मुकेश चंद्र चतुर्वेदी के नेतृत्व में टीम ने आग बुझाने का लाइव प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों को उपकरणों के सही उपयोग की जानकारी दी गई। विभाग ने आमजन से अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की।

### छत पर लटकी टहनियां हटाकर टाला हादसा

**अल्मोड़ा।** नगर के आरसीएम मॉल के समीप स्थित एक मकान पर मंडरा रहा खतरा समय रहते टल गया। मिली जानकारी अनुसार फायर स्टेशन को सूचना मिली कि एक पेड़ की बड़ी टहनियां टूटकर मकान की छत पर लटक रही हैं, जिससे किसी भी समय हादसा हो सकता था। सूचना मिलते ही फायर सर्विस की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ व आपदा प्रबंधन टीम के साथ मिलकर संयुक्त अभियान चलाया। टीम ने वुडन कटर की मदद से टहनियों को सावधानीपूर्वक काटकर रस्सियों से सुरक्षित नीचे उतारा। त्वरित कार्रवाई से संभावित नुकसान टल गया और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

### गुमशुदा नाबालिग हरियाणा से बरामद

**अल्मोड़ा।** कोतवाली अल्मोड़ा व ऑपरेशन स्माइल टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुमशुदा 15 वर्षीय नाबालिग बालक को हरियाणा के सोनीपत से सकुशल बरामद कर लिया। मिली जानकारी अनुसार बीते तीन अप्रैल को धारानौला निवासी युवक ने अपने छोटे भाई के लापता होने की तहरीर दी थी, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस टीम ने खोजबीन तेज करते हुए बालक को ढूंढ निकाला। बाद में उसे सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। सराहनीय कार्य के लिए परिजनों ने अल्मोड़ा पुलिस का आभार व्यक्त किया।

### बाजार में दोपहिया वाहनों के प्रवेश में लगे रोक

**अल्मोड़ा।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की मंगलवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों समेत नगर की तमाम समस्याओं पर चर्चा की गई। वहीं, पूर्व सैनिकों ने अल्मोड़ा की मुख्य पटाल बाजार में दोपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग उठाइ। नगर के नंदादेवी मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में पूर्व सैनिकों ने नगर समेत ग्रामीण इलाकों में बंदरो और जंगली जानवरों के आतंक पर चिंता जताई। कहा कि आए दिन रिहायशी इलाकों में गुलदार दिखाई देने से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। उन्होंने वन विभाग से प्रभावित इलाकों में पिंजरा लगाने और नियमित गश्त की मांग की। इसके अलावा पूर्व सैनिकों ने पलटन बाजार से मिलन चौक तक दो पहिया वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने, धारानौला से शिखर तक सिटी बस का संचालन की मांग उठाई। यहां बैठक में अध्यक्ष केशव दत्त पांडे, घनानंद जोशी, आनंद सिंह सिजवाली, पीजी गोस्वामी, मोहन चंद्र जोशी, विनोद गिरी, महेंद्र सिंह मनराल, आनंद सिंह गैड़ा, त्रिलोक सिंह, दिवान सिंह बिष्ट, रवि कमल जोशी, नरेंद्र वर्मा, सुरेश सिंह असवाल, प्रकाश सिंह बोरा, हरीश सिंह बिष्ट, सुरेंद्र लाल टम्टा, शेर सिंह नेगी, आनंद सिंह, रघुवीर सिंह सांगा आदि रहे।

### धर्मेंद्र अध्यक्ष, पंकज सचिव बने

**बागेश्वर।** जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के चुनाव निर्विरोध रूप से सम्पन्न हुए। नगरपालिका सभागार में संरक्षक गिरीश जोशी की अध्यक्षता में आयोजित चुनाव में सभी पदों पर सर्वसम्मति से पदाधिका. रियों का चयन किया गया। चुनाव में कैप्टन धर्मेंद्र कुमार पांडेय को अध्यक्ष, मीनाक्षी नेगी एवं फते सिंह करायत को उपाध्यक्ष, पंकज डसीला को सचिव, गुमान सिंह धपोला को कोषाध्यक्ष तथा धर्म सिंह कोरंगा को उपसचिव चुना गया। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पूरन परिहार, धर्मानंद जोशी, हरीश डसीला, चंद्रशेखर पांडेय, मोहन जोशी, महेशानंद पंत और प्रताप सिंह गढ़िया को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में जिले के विभिन्न ब्लॉकों और तहसीलों से आए उत्तराधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा दोहरी पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों की एक पेंशन रोके जाने के मुद्दे पर चर्चा की गई।

### उधार के रुपये मांगने पर की मारपीट, केस दर्ज

**काशीपुर।** एक व्यक्ति ने उधार के पैसे मांगने पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस का तहरीर सौंपी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। ग्राम खरमासा निवासी अनूप सिंह पुत्र गुलजार सिंह ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने जसपुरखुर्द निवासी सौरभ कुमार पुत्र रमेश कुमार पर आठ लाख 50 हजार रूपये उधारी के बकाया थे। जब सौरभ कुमार ने पैसे उधार लिये थे तो उसने 3-3 लाख के दो चेक दिये थे। जब उसने सौरभ कुमार से अपनी उधारी लौटाने की मांग की तो उसने उसे 28 जरवरी 2026 की दोपहर 12.30 बजे जसपुरखुर्द स्थित अपनी दुकान पर बुलाया। जब वह वहां पहुंचा तो वहां सौरभ कुमार तीन-चार अन्य लोग मौजूद थे। हिसाब-किताब के दौरान सौरभ कुमार आग बबूला हो गया और उसके साथ मारपीट करने लगा। जिस पर वहां मौजूद लोगों ने उसे बचाया। बाद में सौरभ कुमार कहने लगा कि तू बहुत बड़ा नेता बनता है, तेरा मुझ पर कोई भी पैसा नहीं है। तुझसे जो हो सके वह कर ले और जान से मारने की धमकी दी।

## बिंदुखत्ता की बेटी प्रिया गोस्वामी को चांसलर गोल्ड मेडल, उत्तराखंड का मान बढ़ाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**लालकुआं।** पंतनगर विश्वविद्यालय और उत्तराखंड का मान देश में बढ़ाते हुए, बी.टेक (सूचना प्रौद्योगिकी) की मेधावी छात्रा प्रिया गोस्वामी को 37वें दीक्षांत समारोह में चांसलर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि कुलाधिपति राज्यपाल ले.ज. गुरदीप सिंह ने उन्हें मेडल प्रदान किया। इंद्रानगर-द्वितीय, बिंदुखत्ता की निवासी प्रिया गोस्वामी ने पूरे अध्ययन काल में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए। उनकी माता गीता गोस्वामी, जो अध्यापिका हैं, ने मार्गदर्शन और प्रेरणा के जरिए सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जबकि पिता राजेन्द्र नाथ, सेना में सेवारत, ने बेटी की इस उपलब्धि पर गर्व जताया।

## कौसानी चाय को मिलेगी नई पहचान: डीएम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन ने कदम तेज कर दिए हैं। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंड़े की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में कौसानी चाय बागान एवं टी प्रोडक्शन यूनिट की चाय के प्रभावी विपणन और ब्रांडिंग पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में रीप के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को मजबूत बाजार से जोड़ने की रणनीति बनाई गई।



जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि रीप की भूमिका केवल उत्पाद खरीद तक सीमित नहीं होगी, बल्कि उसकी प्रभावी मार्केटिंग, सुदृढ़ सप्लाई चेन, ब्रांडिंग और अंतरराष्ट्रीय स्तर की पैकेजिंग सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि कौसानी की उच्च गुणवत्ता वाली चाय को एक सशक्त ब्रांड के रूप में विकसित किया जाए, ताकि यह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी अलग पहचान बना सके। साथ ही परियोजना निदेशक शिल्पी पंत को निर्देशित किया गया कि आकर्षक पैकेजिंग के साथ 15 अप्रैल तक चाय की आपूर्ति बाजार के लिए तैयार की जाए।
जिलाधिकारी ने कहा कि यह पहल क्षेत्र की महिलाओं के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगी, क्योंकि बड़ी संख्या में महिला स्वयं सहायता समूह इस उत्पादन से जुड़े हैं। बेहतर बाजार मिलने से उनकी आय में वृद्धि होगी और आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा।
उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि उत्पादन से लेकर पैकेजिंग और मार्केटिंग तक हर चरण के लिए स्पष्ट कार्ययोजना बनाकर समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित की जाए और नियमित मॉनिटरिंग की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, डीडीओ संगीता आर्या, टी बोर्ड मैनेजर मनोज प्रमोद कुमार (कौसानी) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि समन्वित प्रयासों के माध्यम से कौसानी चाय सहित अन्य स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराते हुए जनपद को आत्मनिर्भर और सफल मॉडल के रूप में स्थापित किया जाएगा।

## ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** अनियंत्रित गति से जा रही ट्रैक्टर-ट्राली ने ओवरटेक करने के प्रयास में एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। जनपद मुरादाबाद के थाना भगतपुर क्षेत्र के ग्राम पीपलगांव निवासी 21 वर्षीय इमरान पुत्र महमूद चैन्नई में सैलून का काम करता था। वह तीन-चार दिन पूर्व काशीपुर क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी अपनी बुआ के घर एक-दो दिन बाद होने वाले एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए अपने घर आया हुआ था। बीती सायं वह बाइक से अपनी बुआ के घर कल्याणपुर गया था। रात्रि को वह वघेलेवाला से होता हुआ अपने घर पीपलगांव आ रहा था कि तभी रात्रि करीब पोने आठ बजे उसके पीछे से अनियंत्रित गति से आ रही एक अज्ञात ट्रैक्टर-ट्राली चालक ने उसे ओवरटेक करने के प्रयास में उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे इमरान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में आज उसका पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतक अपने परिवार में बड़ा पुत्र था तथा उसके दो छोटे भाई हैं। उधर, पुलिस ने उक्त मार्ग के सीसीटीवी को खंगाल आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।



## बार एसोसिएशन व ज्यूडिशियरी इलेवन के बीच हुआ क्रिकेट मैच

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** काशीपुर बार एसोसिएशन इलेवन एवं ज्यूडिशरी इलेवन के बीच मौहल्ला कटोराताल स्थित छावनी ग्राउंड में 15 ओवरों का डे-नाइट क्रिकेट मैच संपन्न हुआ, जिसमें ज्यूडिशिरी इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 109 रन बनाए, जिसमें प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज गर्ब्याल व द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीतेश कुमार श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। बार एसोसिएशन काशीपुर इलेवन ने 14 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर लिया जिसमें अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे तथा सचिव यशवंत चौहान का विशेष योगदान रहा। मैच में मुख्य अतिथि रहीं रेखा वनियाल तथा अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे व सचिव यशवंत चौहान ने संयुक्त रूप से विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफियां प्रदान की।



मैन ऑफ द मैच काशीपुर बार एसोसिएशन इलेवन के खिलाड़ी भूपेंद्र चौहान ने सर्वाधिक रन बनाए। अंपायरिंग विष्णु भटनागर एडवोकेट व सफदर अली एडवोकेट ने की। मैच में कमेंट्री मोहम्मद अजहर एडवोकेट, भास्कर त्यागी एडवोकेट व ऋषभ एडवोकेट ने की। स्कोरर रो. हित नायक एडवोकेट रहे। इस मौके पर अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे सहित बड़ी संख्या अधिवक्ता व न्यायधीश आदि मौजूद रहे।

## डिग्री कॉलेज के वार्षिकोत्सव में मेयर ने किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 'नवोन्मेष' का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर विशिष्ट महापौर दीपक बाली ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, संगीत और नाटड प्रस्तुतियां अत्यंत सराहनीय रहीं। इस अवसर पर महापौर श्री बाली ने कहा कि कॉलेज द्वारा शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और रचनात्मकता पर दिया जा रहा विशेष ध्यान वास्तव में प्रेरणादायक है। उन्होंने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस मौके पर राधे हरि डिग्री कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुमिता श्रीवास्तव, छात्र संघ अध्यक्ष जतिन शर्मा, कार्यक्रम संयोजक डॉ. पदमा वशिष्ठ, मुख्य प्रशास. निक अधिकारी अखिलेश कुमार गिरी, डॉ. महिपाल सिंह, पार्षद पुष्कर बिष्ट, पार्षद अशोक सैनी, जिला प्रकोष्ठ संयोजक मुकेश चावला, जिला मंत्री युवा मोर्चा पीयूष समेत शिक्षकगण और बच्चे उपस्थित रहे।




## सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई की जाए: एसएसपी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने थाना मंगलवार को थाना देघाट, द्वाराहाट, मासी, चौखुटिया और सल्ट थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लंबित विवेचनाओं व शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। वहीं, जनता से संवाद कर समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। मौके पर एसएसपी ने थाना परिसर, महिला हेल्प डेस्क, कर्मचारी बैररक, भोजनालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना आदि का निरीक्षण कर बारीकी से व्यवस्थाओं को परखा। कार्यालय में तैनात कर्मचारियों को सूचनाओं व अभिलेखों को ठीक से सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा थाना परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरा की कार्यशीलता की जांच कर उन्हें सुचारू रखने को भी निर्देशित किया गया। वहीं, कर्मचारी सम्मेलन में उनकी समस्याओं को सुना, उनके समाधान का आश्वासन दिया। कई समस्याओं का समाधान भी किया। वहीं आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए बेहतर पुलिसिंग को प्रेरित किया गया। यहां थानाध्यक्ष अजेन्द्र प्रसाद, उप निरीक्षक गंगाराम गोला, थानाध्यक्ष सल्ट कश्मीर सिंह समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।



## चोरों ने खंगाला रिटायर्ड प्रशासनिक अधिकारी का घर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** नगर में चोरों को हौसले बुलंद हैं। अब बेखौफ चोरों ने ढुंगाधारा स्थित शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी के धर धावा बोल दिया। ज्वेलरी समेत नगदी में हाथ साफ कर लिया। पीड़ित मामले को लेकर पुलिस में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जिला मुख्यालय में चोरों के हौसले बुलंद है। चोर घरों के ताले चटकाकर और नगदी में हाथ साफ कर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं, लेकिन हर समय तत्पर रहने का दावा करने वाली पुलिस अपराधियों तक नहीं पहुंच पा रही है। इधर, अब चोरों ने ढुंगाधारा स्थित एक बंद घर में धावा बोल दिया। पीड़ित रमेश चंद्र तिवारी अपने परिवार के साथ पोती के नामकरण के लिए फरीदाबाद गए थे। बीते सोमवार रात किसी परिजन ने आवास का ताला टूटा देख होश उड़ गए। इसके बाद परि. जनों ने पीड़ित परिवार को घर चोरी की सूचना दी। वहीं, पुलिस की मौजूदगी में देखा गया तो अल्मारी तोड़कर उसका सामान बिखेरा हुआ था। इधर, पीड़ित शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरो सहित संदिग्धों से पूछताछ कर जांच कर रही है।



**NAME CHANGE**

I, **SONIYA NARANG** have changed my name from **SONIYA ARORA** to **SONIYA NARANG** hence forth I shall be known as SONIYA NARANG W/o SUNIL KUMAR NARANG R/o 724, Aazad Nagar, KPC School, Tanda Ujjain, Kashipur, Udham Singh Nagar, UK.

**NAME CHANGE**

I, **MOHD JAVED** have changed my name from **MOHAMMAD JAWED** to **MOHD JAVED** hence forth I shall be known as MOHD JAVED S/o AABID HUSSAIN R/o Karbala Basti, Moh. Alli Khan, Kashipur, Udham Singh Nagar, UK.

## दिव्यांग कलाकार पर टिप्पणी, कपकोट विधायक घिरे, कांग्रेस ने की कड़ी निंदा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** कत्यूर महोत्सव में कपकोट के विधायक सुरेश गढ़िया द्वारा दिव्यांग कलाकार एवं बीडीसी सदस्य लक्ष्मण कुमार उर्फ लच्छू पहाड़ी का मंच से उपहास किए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने विधायक के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसकी निंदा की। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, जिला पंचायत सदस्य बलवंत राम और बीडीसी मेंबर जशोद राम समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने कहा कि दिव्यांगजनों का सम्मान होना चाहिए, लेकिन भाजपा नेता उनका मनोबल बढ़ाने के बजाय उनका उपहास कर रहे हैं। हरीश ऐठानी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय दिव्यांगजनों को पेंशन और सम्मान देने का काम किया गया, जबकि वर्तमान में उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के बयान भाजपा के शीर्ष नेतृत्व पर भी सवाल खड़े करते हैं। जिला पंचायत सदस्य बलवंत राम ने कहा कि लक्ष्मण कुमार गरुड़ ब्लॉक के जैसर क्षेत्र से निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं और एक दिव्यांग कलाकार होने के बावजूद समाज सेवा में सक्रिय हैं। ऐसे में उनके खिलाफ इस प्रकार की टिप्पणी विधायक की सोच को दर्शाती है। वहीं, क्षेत्र पंचायत सदस्य जशोद राम ने इसे दलित समाज और पूरे क्षेत्र का अपमान बताया। उन्होंने चेता. वनी दी कि यदि विधायक सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं, तो इस मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।



## डीएम के निर्देशों के बाद भी नहीं बंद हुए मीट मार्केट के गड्ढे

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** बीते सोमवार को आयोजित जनता दरबार में जिला मुख्यालय के भागीरथी रोड स्थित मीट मार्केट का मुद्दा प्रमुख रूप से उठा। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी आकांक्षा कोड़े ने नगर पालिका को उसी दिन कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी ने बताया कि सीएम पोर्टल पर दर्ज शिकायत में कहा गया है कि मीट मार्केट के व्यापारियों ने अपनी दुकानों के आगे गड्ढे बना रखे हैं, जिनके माध्यम से गंदगी सीधे सरयू नदी में प्रवाहित की जा रही है। इससे नदी का पानी दूषित होने का खतरा बढ़ गया है। डीएम ने ईओ नगर पालिका को तत्काल गड्ढों को बंद कराने और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जनता दरबार के बाद लोगों को उम्मीद थी कि प्रशासन इस पर तेजी से काम करेगा। हालांकि, मंगलवार को भी मीट मार्केट में बने गड्ढे खुले ही दिखाई दिए। हालांकि उस दिन बाजार बंद होने के कारण क्षेत्र में सन्नाटा रहा, लेकिन गंदगी और प्रदूषण को लेकर लोगों की चिंता बनी हुई है।



# जनपद में शुरू हुआ डिजिटल क्रॉप सर्वे

## आयुक्त दीपक रावत ने खेत में पहुंचकर किया सर्वे

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हल्द्वानी।** जनपद में डिजिटल क्रॉप सर्वे (डीसीएस) का कार्य शुरू हो गया है, जिससे किसानों को समय पर सलाह, बेहतर बाजार और सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। मंगलवार को कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत ने रामपुर रोड स्थित हरिपुर रतनसिंह गांव में किसानों के खेतों में पहुंचकर सर्वे कार्य का निरीक्षण किया और स्वयं डिजिटल क्रॉप सर्वे किया।

आयुक्त ने बताया कि यह केंद्र सरकार की एक आधुनिक पहल है, जिसके तहत मोबाइल आधारित तकनीक, जियो-फेंसिंग और सैटेलाइट इमेजरी के माध्यम से खेतों में बोई गई फसलों का वास्तविक समय में सटीक डेटा एकत्र किया जाएगा। इसका उद्देश्य पारंपरिक सर्वे प्रणाली को बदलकर अधिक पारदर्शी और वैज्ञानिक व्यवस्था लागू करना है। उन्होंने कहा कि इस सर्वे से किसानों की भूमि और फसलों का सटीक वैज्ञानिक डाटा उपलब्ध होगा, जिससे जरूरतमंद किसानों को योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। साथ ही फसल बीमा का लाभ भी सरलता से मिलेगा और आपदा की स्थिति में नुकसान का मुआवजा शीघ्र भुगतान किया जा सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वे कार्य को समयबद्ध और पूर्ण शुद्धता के साथ संपन्न किया जाए, ताकि प्रदेश को केंद्र सरकार से प्रोत्साहन भी प्राप्त हो सके। कुमाऊँ मंडल में इस कार्य की नियमित समीक्षा भी की जा रही है। इस दौरान तहसीलदार कुलदीप पांडे, राजस्व निरीक्षक अरुण देवरानी, उप निरीक्षक अरुण वर्मा सहित कई अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# सरकार और पत्रकारों के बीच सेतु बनेंगे ध्रुव रौतेला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ पत्रकार ध्रुव रौतेला ने मंगलवार को उत्तराखंड शासन के आदेश पर मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष के रूप में अपना कार्यभार संभाला। इस मौके पर रौतेला ने पत्रकारों की आवाज को सरकार तक पहुंचाने और जमीनी स्तर पर उनकी समस्याओं को सुनने का संकल्प लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद रौतेला ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य सरकार और पत्रकारों के बीच एक मजबूत सेतु बनाना है। वे तहसील स्तर तक जाकर पत्रकारों की समस्याओं को सुनेंगे और उन्हें प्रभावी रूप से शासन तक पहुंचाने का काम करेंगे। रौतेला ने यह भी कहा कि दूरदराज के क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों की समस्याएं अक्सर नजरअंदाज हो जाती हैं, जिन्हें वह अपनी पहल से सुलझाएंगे। इस दौरान रौतेला ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मीडिया के सहयोग से इन योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू कराया जाएगा। कार्यभार ग्रहण करने के बाद ध्रुव रौतेला ने सचिव सूचना शैलेश बगौली से भी मुलाकात की।



# उत्तराखंड में बदले स्कूल समय का विरोध तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** विद्यालयों के संचालन समय में किए गए बदलाव को लेकर राज्य के सभी शिक्षक संगठन उसके विरोध में उतर गए हैं। उनका कहना है कि जब इस संदर्भ में पूर्व में सभी ब्लाकों एवं जनपदों से सुझाव मांगे गए थे तो उसके अनुरूप निर्णय क्यों नहीं लिया गया। इसका मतलब यह रायशुमारी केवल शिक्षकों को भ्रमित करने के लिए करवाई गई। इस संदर्भ में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संगठन, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संगठन एवं राजकीय शिक्षक संघ द्वारा खुला विरोध दर्ज किया जा रहा है। सभी संगठनों का कहना है कि उत्तराखंड एक पर्वतीय राज्य है, भौगोलिक दृष्टिकोण से प्रदेश के पर्वतीय एवं मैदानी भू-भाग में स्थित विद्यालयों की परिस्थितियों भिन्न-भिन्न है। ऐसे में सभी के लिए एक नियम थोपा जाना न्याय संगत नहीं होगा। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी ने इस संदर्भ में शिक्षा मंत्री सहित सभी उच्च स्तरों को ज्ञापन प्रेषित कर विद्यालय संचालक समय पूर्व की भांति यथावत रखे जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों, जंगली जानवरों का भय, मार्ग में प्राकृतिक अवरोध आदि कारणों से छोटे बच्चों एवं महिला शिक्षिकाओं को अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। विशेषतह जब दिन छोटे होते है, ऐसे में जल्दी अंधेरा होने से जंगली जानवरों सहित अन्य खतरों की आशंका बढ़ जाती है। यदि ऐसे में कोई अपनी घटना घटित होगी तो उसकी जवाब दे ही किसकी होगी। उन्होंने कहा कि यदि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू ही किया जाना है तो उसे समग्र रूप में लागू किया जाना चाहिए।



# एमबीपीजी कालेज में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप पंजीकरण कार्यशाला

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हल्द्वानी।** एमबी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को उत्तराखंड शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के क्रम में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप पोर्टल पर पंजीकरण हेतु महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को रोजगार के नए अवसरों से जोड़ना और उन्हें पोर्टल पर पंजीकरण की बारीकियों से अवगत कराना रहा। इस मौके पर विद्यार्थियों को उनकी रुचि और विषयों के अनुसार जिला-वार इंटर्नशिप चयन की विस्तृत जानकारी दी गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत अब स्नातक अंतिम वर्ष में पारंपरिक लघु शोध के स्थान पर इंटर्नशिप को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो सके। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी पात्र छात्र-छात्राओं के पंजीकरण के लिए विभागवार प्राध्यापकों को जिम्मेदारी सौंपी है। प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी ने कहा कि इंटर्नशिप भविष्य के निर्माण में एक मजबूत नींव की तरह है। विद्यार्थियों को इस सरकारी पहल का अधिकतम लाभ उठाकर अपने करियर को नई ऊंचाइयों पर ले जाना चाहिए। कार्यशाला के दौरान आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. सीएस नेगी ने युवाओं के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सृजित नए अवसरों पर प्रकाश डाला। वहीं, कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक और पंजीकरण प्रभारी डा. नवल किशोर लोहनी ने पंजीकरण प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से निष्पादित करने के लिए तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया।

# टीपी नगर की समस्याएं बताईं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता व महामंत्री हर्षवर्धन पांडे के नेतृत्व में मंगलवार को व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त परितोष वर्मा से मुलाकात कर ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने बताया कि जब ट्रांसपोर्ट नगर सहित अन्य क्षेत्रों को नगर निगम में शामिल किया गया था, तब मुख्यमंत्री ने 10 वर्षों तक किसी प्रकार का कर न लेने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद नगर निगम की ओर से कमर्शियल टैक्स के नोटिस जारी किए जाने से व्यापारियों में भारी रोष है। ट्रांसपोर्ट नगर अध्यक्ष प्रदीप सब्बरवाल और महानगर महामंत्री मनोज जायसवाल ने भी अनावश्यक नोटिसों पर कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से व्यापारियों में असंतोष बढ़ रहा है। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर में जल्द ही एक विशेष कैंप लगाया जाएगा, जिसमें व्यापारियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा और उन्हें विश्वास में लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान संदीप सक्सेना, इंद्र कुमार भूटियानी, राजेश पुरी, शंकर भूटियानी, खेमानंद शर्मा, कैनेडी सचदेवा, पंकज बोरा, मंसूर खान, मनजीत सिंह सेठी सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।



# निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ सड़कों पर उतरे आंदोलनकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच ने आवाज बुलंद की है। मंगलवार को मंच के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि जनपद के निजी स्कूल हर वर्ष मनमाने ढंग से फीस में वृद्धि कर रहे है, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। आरोप लगाया कि सत्र की शुरुआत में एनसीईआरटी की किताबें लगाने की बात कही जाती है, लेकिन पढ़ाई शुरू होते ही अभिभावकों को तय दुकानों से महंगी किताबें खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है। स्कूल प्रबंधन समय-समय पर ड्रेस बदलवाकर भी अभिभावकों पर अतिरिक्त भार डाल रहा है। साथ ही स्कूल बसों की फीस भी मनमाने तरीके से बढ़ाई जा रही है जिससे आम परिवार परेशान है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि निजी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर बेहतर है तो फिर अभिभावकों को महंगे ट्यूशन का सहारा क्यों लेना पड़ रहा है। ज्ञापन देने वालों में राजेंद्र सिंह बिष्ट, जसविंदर भसीन, कमल जोशी, पूरन सिंह, ईशाक खान, दीपक रौतेला आदि शामिल रहे।



# हरीश रावत के बिना कांग्रेस सत्ता में नहीं आ सकती: हरेंद्र क्वीरा

## पार्टी में एकजुटता और हरदा के नेतृत्व पर जोर दिया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** पूर्व मुख्यमंत्री एनडी तिवारी के जनसंपर्क अधिकारी एवं कांग्रेस जिला प्रवक्ता हरेंद्र क्वीरा ने मंगलवार को प्रेस को जारी बयान में कहा कि हरीश रावत के बिना कांग्रेस पार्टी उत्तराखंड में सत्ता में नहीं आ सकती। उन्होंने स्पष्ट किया कि हरीश रावत को नजरअंदाज करना पार्टी के लिए असंभव है और उनके नेतृत्व के बिना सरकार बनाना कठिन होगा। उन्होंने कहा कि हरीश रावत जन-जन के नेता हैं और उन्होंने प्रदेश के प्रत्येक गांव में कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर पहुँचाया है। क्वीरा ने बताया कि कांग्रेस सरकार बनाते समय हरीश रावत ने संसाधनों का कुशल उपयोग किया और केदारनाथ में आए प्राकृतिक आपदा के समय उन्होंने पुनर्निर्माण का जिम्मा संभाला। उनके नेतृत्व में केदारनाथ में पुनर्निर्माण हुआ और चार धाम यात्रा फिर से शुरू हुई। उन्होंने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, विधायक हरीश धामी, हल्द्वानी के विधायक सुमित हृदयेश, पूर्व राज्यसभा सांसद महेंद्र सिंह मेहरा, प्रदीप टम्टा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य सहित सभी नेताओं को पार्टी में एकजुट होने के लिए धन्यवाद दिया।



# हरिद्वार, बागेश्वर, चम्पावत ने जीते मैच

## क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखंड के तत्वावधान में नैनीताल क्रिकेट एसो. की सीनियर पुरुष वर्ग लीग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वाधान में जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा कराई जा रही सीनियर पुरुष वर्ग की अंतर जिला क्रिकेट लीग मैच में मंगलवार को तीन मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला जीएनजी क्रिकेट अरेना में अल्मोड़ा और बागेश्वर के मध्य हुआ।

अल्मोड़ा की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 40वें ओवर में 140 रन बनाकर आलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बागेश्वर की टीम ने 18वें ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाकर 9 विकेट से मैच जीत लिया। अभिषेक ने नाबाद 79 और निखिल भट्ट ने नाबाद 30 रन बनाए। दूसरा मैच एमएस क्रिकेट ग्राउंड में नैनीताल और हरिद्वार के बीच हुआ।

नैनीताल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50वें ओवर में 208 रन बनाकर आलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरिद्वार ने 34वें ओवर में ही 4 विकेट के नुकसान पर 209 रन बनाकर 6 विकेट से मैच जीत लिया। जबकि तीसरा मैच कॉर्बेट क्रिकेट ग्राउंड चकलुवा में चम्पावत और टिहरी के बीच खेला गया। चम्पावत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 261 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टिहरी की पूरी टीम 41वें ओवर में 188 रन बनाकर आलआउट हो गई, और चम्पावत ने 73 रनों से मैच जीत लिया। मैच में अंपायर की भूमिका में विजय आर्या, हिमांशु चतुर्वेदी, राहुल गुप्ता, शेनावाज, रजत धीमान और अमित कुमार जबकि स्कोरर की भूमिका सचिन, हेमंत और मनीष कुमार ने निभाई। मैच के मुख्य अतिथि मोहम्मद रेहान ने टीमों से परिचय प्राप्त कर मैचों का शुभारंभ किया। इस मौके पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा के सचिव हर्ष गोयल, जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, आनंद बिष्ट, नरेन्द्र अधिकारी, विजय कुकसाल, नीरज डसीला, दिग्विजय कनवाल, अमरपाल सिंह, अभिषेक सिंह आदि मौजूद रहे।



# पत्नी ने पति को प्रेमिका के साथ पकड़ा

**हल्द्वानी।** प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़े जाने के बाद आरोपी पति बौखला गया। सवाल-जवाब करने पर आरोपी ने पत्नी पर हमला कर दिया और पीट-पीटकर उसे लहूलुहान कर डाला। पुलिस ने पीड़िता पत्नी की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र के फूलचौड़ में रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि बीती 5 अप्रैल को उसने अपने पति को एक महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में निर्वस्त्र पकड़ लिया। जब पत्नी ने इस बात पर पति से पूछताछ की तो वह बौखला गया। आरोप है कि दारू पीने के बाद घर पहुंचा पति, पत्नी पर हमलावर हो गया। उसने पत्नी को बुरी तरह पीटा और इस पर भी मन नहीं भरा तो लकड़ी की कुर्सी से पत्नी पर हमला कर दिया। मारपीट में पत्नी की नाक से खून निकल आया। उसकी आंखों के नीचे भी चोट आई है। पत्नी का कहना है कि उसका पति आए दिन उसके साथ मारपीट करता है। अब वह जान से मारने की धमकी दे रहा है। कोतवाल विजय कुमार मेहता का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## स्कूटी की डिग्गी से चोरी हुए 50 हजार

**हल्द्वानी।** एक अस्पताल के पास खड़ी स्कूटी से शातिर चोर ने 50 हजार रुपये की नगदी और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज चुरा लिए। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार युधिष्ठिक सिंह मर्तोलिया पीलीकोठी मुखानी निवासी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीते 30 मार्च को उनकी स्कूटी नीलकंठ हॉस्पिटल के पास खड़ी थी। स्कूटी की डिग्गी में उन्होंने 50 हजार रुपये, सुकन्या समृद्धि योजना की पासबुक और एक चेकबुक रखी थी। पीड़ित युधिष्ठिक ने आरोप लगाया कि किसी ने उनकी स्कूटी की डिग्गी से इन चीजों को चुरा लिया।

# राम-शबरी मिलन की लीला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शबरी-राम के मिलन देख, त्रिभुवन भक्तिमय हुआ, गूंज उठा फिर से शंखनाद, नभ से पुष्पों का वर्षन हुआ..इन्हीं भावपूर्ण पंक्तियों के साथ पिछले छह दिनों से उत्थान मंच में चल रहे महिला रामलीला मंचन महोत्सव में मंगलवार को सातवें दिन भक्ति और आस्था का संगम देखने को मिला।

राम-शबरी मिलन, राम-सुग्रीव मित्रता और बाली वध तक की लीलाओं का कलाकारों ने सजीव और प्रभावशाली मंचन किया। दर्शक भावविभोर होकर प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाने लगे जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। पुनर्नवा महिला समिति के तत्वावधान में आयोजित रामलीला मंचन के सातवें दिन का शुभारंभ दर्जा मंत्री रेनू अधिकारी एवं क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह रजवार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंचन के दौरान दिखाया गया कि प्रभु श्रीराम व लक्ष्मण माता सीता की खोज में वन-वन भटकते हुए शबरी आश्रम पहुंचते है। यहां भगवान राम शबरी के प्रेमपूर्वक अर्पित जूठे बेर ग्रहण कर भक्त और भगवान के निस्वार्थ प्रेम का संदेश देते है। भगवान श्रीराम शबरी को नवधा भक्ति का उपदेश देते हुए माता सीता के बारे में जानकारी पूछते है। इस पर शबरी पंपा सरहि जाहु रघुराई..चौपाई के माध्यम से उन्हें पंपा सरोवर जाने और ऋष्यमूक पर्वत पर सुग्रीव से मिलने का मार्ग बताती है। इसके बाद मंचन में श्रीराम और हनुमान का अलौकिक मिलन दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बना। हनुमान श्रीराम को बताते है कि सुग्रीव अपने बड़े भाई बाली के भय से ऋष्यमूक पर्वत पर अपने विश्वसनीय साथियों के साथ रह रहे है। बाली द्वारा सुग्रीव का राज्य और पत्नी छीन लिए जाने से वह अत्यंत दुखी है। भगवान श्रीराम सुग्रीव को उनके कष्टों से मुक्ति दिलाने का आश्वासन देते है। मंचन के अगले दृश्य में भगवान श्रीराम एक ही बाण में बाली का वध करते है। इस दृश्य को देख दर्शक रोमांचित हो उठे और पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। बाली वध के उपरांत भगवान श्रीराम सुग्रीव को किष्किंधा का राजा और अंगद को युवराज घोषित करते हैं। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष लता बोरा, सचिव शांति जीना, उपाध्यक्ष यशोदा रावत, प्रचार सचिव कल्पना रावत, जानकी पोखरिया, मंजू बनकोटी, निर्मला बहुगुणा, कुसुम बोरा, जया बिष्ट, अंजना बोरा, हेमा हर्बोला, तुलसी रावत, रेखा रावत, किरन बिष्ट, भगवती बिष्ट, प्रेमा बृजवासी, कमला रौतेला सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# रावण-अंगद संवाद, युद्धकांड की लीला ने किया मंत्रमुग्ध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** एसआरआई संस्था के तत्वावधान में शीशमहल रामलीला मैदान में आयोजित महिला रामलीला के नवें दिन दर्शकों को भावनात्मक और वीरता से भरपूर प्रसंगों का सजीव मंचन देखने को मिला। कार्यक्रम में रावण-अंगद संवाद के बाद युद्धकांड की महत्वपूर्ण लीलाओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्देशक मुकेश कुमार जोशी के निर्देशन में प्रस्तुत लीला में अंगद द्वारा रावण की सभा में पैर जमाने और चुनौती देने का दृश्य प्रभावशाली रहा। रावण सहित कोई भी योद्धा अंगद का पैर नहीं हिला सका, जिससे रावण का अहंकार चूर होता दिखाया गया। इसके बाद अंगद राम के शिविर लौटकर अंतिम चेतावनी देते हैं। इसके उपरांत लक्ष्मण शक्ति का मार्मिक प्रसंग मंचित किया गया, जिसमें मेघनाद द्वारा शक्ति अस्त्र के प्रहार से लक्ष्मण मूर्छित हो जाते है। हनुमान द्वारा संजीवनी बूटी लाने की लीला ने भी खूब तालियां बटोरी। इससे पहले मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथियों भवाली व्यापार मंडल के अध्यक्ष नरेश पांडे, सिंथिया स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवीण रौतैला और कपिल व्यास ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। राम की भूमिका में मानसी रावत, लक्ष्मण के रूप में अंशिका जीना, हनुमान के रूप में तनुजा जोशी और रावण के रूप में दीपा कोश्यारी ने प्रभावशाली अभिनय किया। इस अवसर पर सरोज आनंद जोशी, निशा जोशी, विनय जोशी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# हल्द्वानी जेल में एचआईवी संक्रमित बंदी की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** नशे की लत ने एक युवक को गंभीर बीमारियों का शिकार बना दिया, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। आरोपी युवक को तमंचे के साथ पुलिस ने मार्च महीने में गिरफ्तार किया था और वह तब से जेल में बंद था। जहां उसकी हालत बिगड़ गई। उसे एसटीएच से रेफर किया गया और रास्ते में उसकी हालत और बिगड़ गई। जिसके बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी देते हुए जेल अधीक्षक प्रमोद पांडे ने बताया कि आरोपी युवक की उम्र 30 वर्ष थी और वह मूल रूप से ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद, यूपी का रहने वाला था। इसी साल मार्च में उसे ऊधमसिंह नगर की कुंडा थाना पुलिस ने उसे तमंचे के साथ गिरफ्तार किया था। तब से आरोपी जेल में था। बीती एक अप्रैल को उसकी हालत बिगड़ी तो एसटीएच में भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य नहीं सुधरा तो उसे एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया। कालाढूंगी पहुंचने तक उसकी हालत और खराब हो गई। उसे नजदीकी स्वास्थ केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे फिर एसटीएच रेफर कर दिया। यहां सोमवार रात उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक मल्टीपल नशे की लती थी। जिसके चलते उसे 10 बीमारियां हो गई थीं। वह एचआईवी संक्रमित भी था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# ऑटो से उतरते ही महिला बेहोश, छिटक कर गिरी ढाई साल की बच्ची की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** काठगोदाम रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार दोपहर को एक बड़ा हादसा हो गया। ऑटो से उतरते ही एक महिला बेहोश हो गई, और उसकी गोद में बैठी ढाई साल की बच्ची सड़क पर गिर गई। बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में दोनो को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषिक कर दिया। बच्ची की मौत से मां को गहरा सदमा पहुंचा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी देते हुए काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि रावतनगर बिंदुखत्ता लालकुआं निवासी सुमन बिष्ट पत्नी विक्रम बिष्ट की दो बेटियां है। बड़ी बेटी करीब छह और छोटी महज ढाई साल की थी। बताया जाता है कि मंगलवार को सुमन घर से यह कहकर निकली थी कि लालकुआं में मेडिकल कैंप लगा है और वह कैंप में जा रही है। जिसके बाद सुमन ऑटो में सवार होकर अपनी ढाई साल की बच्ची के साथ काठगोदाम रेलवे स्टेशन पहुंच गई। उन्होंने बताया बच्ची सुमन की गोद में थी, और ऑटो से उतरते ही सुमन को अचानक चक्कर आने लगे और बच्ची गोद से छूट कर सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में उसे नैनीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा कि अस्पताल पहुंचने के बाद इस घटना से जुड़ी कुछ कहानी सामने आई कि सुमन अपने ससुर के साथ बच्ची को महिला अस्पताल में दिखाने के लिए निकली थी। लालकुआं में क्रॉसिंग बंद होने पर ससुर एटीएम से रुपए निकालने चले गए और इसी बीच सुमन गायब हो गई। सुमन के गायब होने पर उसके देवर ने तलाश शुरू की और इसबीच पता लगा कि काठगोदाम में हादसा हो गया। फिलहाल इस सभी मामले को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

# श्रद्धा व कीर्तन में डूबी संगत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** पांचवें पातशाह साहिब श्री गुरु अर्जन देव जी (आदिगुरु ग्रंथ साहिब जी के संकलक व प्रथम शहीद गुरु) तथा नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर जी (धर्म रक्षक व कश्मीरी पंडितों के उद्धारक) के अवतरण दिवस को चढ़दी कला में मनाया गया। यह विशेष गुरमत समागम सेवक परिवार हल्द्वानी, स्थानीय साध संगत एवं गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। दोपहर का दीवान कथा-कीर्तन से शुरू हुआ। दिव्य समागम सुबह 11 बजे आरंभ हुए। कार्यक्रम की शुरुआत हेड ग्रंथी भाई साहिब ठाकुर सिंह की पवित्र कथा से हुई, जिसमें गुरुओं की शहादत व शिक्षाओं पर प्रकाश डाला गया। कथा के बाद हजूरी कीर्तनिए भाई प्रभु सिंह खालसा (गुरुद्वारा गुरु नानकपुरा) ने शब्द कीर्तन से माहौल को आनंदमय बना दिया। जसपाल सिंह, दलजीत सिंह, तनप्रीत सिंह एवं वीरेंद्र सिंह ने अपनी मधुर प्रस्तुति से संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष रूप से सेवक परिवार द्वारा आमंत्रित भाई शुभजीत सिंह हजूरी कीर्तनिए, श्री दरबार साहिब अमृतसर ने अपनी हाजिरी भरी। उनके कीर्तन के दौरान संगत ने सामूहिक रूप से शब्द गाए, जिससे गुरुद्वारा परिसर गुरुवाणी के रस से सराबोर हो गया। दोपहर के दीवान की समाप्ति गुरु का अटूट लंगर प्रसाद से हुई, जहां सभी ने भोजन ग्रहण किया। वहीं शाम का दीवान में पटियाला से पधार रही प्रसिद्ध कीर्तनिया बीबी जसप्रीत कौर अपनी मधुर वाणी से संगत को निहाल करेंगी। दीवान समाप्ति पर गुरु का लंगर पुनरू अटूट बरता जाएगा।



# ई-रिक्शा चालक के खिलाफ मुकदमा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** 15 दिन पूर्व ई-रिक्शा की टक्कर से हुई युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बिठोरिया हरिपुर नायक निवासी तुलसी बिष्ट ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीती 21 मार्च को उनके पति भूपाल सिंह बिष्ट सुबह करीब 6 बजे घर से टहलने निकले थे। वह बिठोरिया से चौफुला चौराहे की ओर जा रहे थे, तभी एक ई-रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी। आनन फानन में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भर्मी कराया गया जहां पर उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पीड़िता ने बताया कि ई-रिक्शा को चंदन राम निवासी हरिपुर गांगू चला रहा था। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर ई-रिक्शा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पूर्व की भांति गैस सिलेंडर वितरण करवाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड महिला आयोग की पूर्व सदस्य व समाजसे. विका आशा बिष्ट के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने रामनगर में पूर्व की भाँति गैस सिलेंडर वितरण करवाने को लेकर एक ज्ञापन पूर्ति निरीक्षक को दिया। दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि गैस सिलेंडर का वितरण पूर्व की भाँति किया जाए ताकि रामनगर की जनता को परेशानी का सामना ना करना पड़े, वर्तमान समय में जो व्यवस्था चल रही है उससे रामनगर की जनता को बहुत परेशानी हो रही है। महिलाओं ने पूर्व की भाँति गैस और ग्रामीण क्षेत्रों में गैस वितरण करवाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

पूर्ति निरीक्षक ने गैस वितरण में सुधार करने की बात कही है।इस दौरान आशा बिष्ट, मुन्नी देवी,बसंती देवी, ललिता रावत, सीमा पाठक, कल्पना जोशी, हेमा जोशी बसन्ती देवी आदि मौजूद रहीं।

# सरकारी जमीन से हटाया कब्जा

- नाले की भूमि पर कब्जा कर किया जा रहा था अवैध निर्माण, सामान जब्त
- शिकायत मिलने के बाद महापौर ने लिया त्वरित एक्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महापौर विकास शर्मा के निर्देश पर नगर निगम की टीम ने वार्ड संख्या 18, खेड़ा बस्ती में नाले के समीप किए गए अवैध अतिक्रमण को सख्ती के साथ हटा दिया। निगम की इस औचक कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है। टीम ने न केवल मौके पर किए गए अवैध निर्माण को हटाया, बल्कि वहां मौजूद निर्माण सामग्री को भी अपने कब्जे में लेकर जब्त कर लिया।

मामला वार्ड नंबर 18 के खेड़ा बस्ती क्षेत्र का है, जहां अब्बास और अज्जू मियां नामक दो भाइयों द्वारा सार्वजनिक नाले की सरकारी जमीन को अपनी जागीर समझने की शिकायत महापौर को प्राप्त हुई थी। लिखित शिकायत में यह आरोप लगाया गया था कि इन दोनों भाइयों ने सरकारी दीवार को क्षतिग्रस्त कर न केवल वहां अवैध रूप से गेट लगा लिया है, बल्कि वे उस सरक. ारी जमीन की खरीद-फरोख्त करने की भी फिराक में थे। जैसे ही यह मामला महापौर के संज्ञान में आया, उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए निगम प्रशासन को तत्काल और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश जारी किए।

महापौर के आदेश पर नगर निगम की टीम दलबल के साथ मौके पर पहुंची। स्थलीय निरीक्षण के दौरान शिकायत के तथ्य सही पाए गए। टीम ने देखा कि सरकारी जमीन को घेरकर वहां अवैध निर्माण कार्य चल रहा था।

निगम कर्मियों ने बिना समय गंवाए अतिक्रमण को हटा दिया और निर्माण के लिए प्रयुक्त किए जा रहे सामान को जब्त कर सरकारी वाहन में लदवा दिया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों को दो-टूक लहजे में चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में पुनः इस स्थान पर निर्माण करने की कोशिश की गई, तो उनके विरुद्ध कठोर कानूनी धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

इस कार्रवाई के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए महापौर ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा सरक. ारी भूमि जनता की संपत्ति है और इस पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अतिक्रमणकारी चाहे कितना भी रसूखदार या प्रभावशाली क्यों न हो, कानून सबके लिए बराबर है। हमने पूरे शहर के वार्डों के विस्तृत सर्वे का निर्णय लिया है। जहां-जहां सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे मिलेंगे, वहां बुलडोजर चलना तय है।

महापौर ने कहा कि नगर निगम अतिक्रमण मुक्त शहर के संकल्प पर काम कर रहा है और आने वाले दिनों में यह अभियान और अधिक व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा, ताकि सरकारी जमीनों को खुर्द-बुर्द होने से बचाया जा सके।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आरएएन में कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आरएएन पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 एवं 9 की छात्राओं के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शहर रुद्रपुर की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. गुंजन अरोड़ा रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन विंग कमांडर एचके राय, निदेशक मोहित राय तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या मुक्ता शर्मा भी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या मुक्ता शर्मा एवं मिडिल स्कूल समन्वयक जसप्रीत कौर ने अतिथियों का स्वागत किया।



कार्यशाला के दौरान डा. गुंजन अरोड़ा ने छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व, उसकी आवश्यकता तथा अपनाई जान. ेवालीसावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि जीवन में सफल होने के लिए लड़कियों का स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं के प्रश्नों का उत्तर भी दिया तथा उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या मुक्ता शर्मा ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किय और छात्राओं को डॉ. गुंजन अरोड़ा द्वारा दी गई महत्वपूर्ण जानकारियों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि लड़कियों का स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है और यह तभी संभव है जब वे अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

# महापौर ने मुख्य बाजार से किया विशेष स्वच्छता अभियान का आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शासन के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान का महापौर विकास शर्मा ने मंगलवार को मुख्य बाजार स्थित वीर हकीकत राय मार्ग से विधिवत शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं स्वच्छता अभियान का नेतृत्व करते हुए झाड़ू थामी और आम जनमानस को स्वच्छता की शपथ दिलाई। अभियान में नगर निगम की टीम के साथ-साथ स्थानीय व्यापारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी कर शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया।



विशेष स्वच्छता अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि शहर को सुंदर और रोगमुक्त बनाना नगर निगम की प्राथमिकता है, लेकिन इस लक्ष्य की प्राप्ति तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और मुख्य सचिव के निर्देशों के क्रम में बढ़ती गर्मी और संक्रामक रोगों के खतरे को देखते हुए 7 से 13 अप्रैल तक यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 10 अप्रैल को प्रसिद्ध अटरिया मेला परिसर में भी एक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। महापौर ने कहा कि पिछले वर्ष स्वच्छता रैंकिंग में रुद्रपुर नगर निगम ने शानदार प्रदर्शन किया था। इस वर्ष रैंकिंग को और बेहतर बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे कचरा इधर-उधर न फेंकें और कूड़ा केवल नगर निगम के वाहनों में ही डालें। कार्यक्रम में पार्षद चिराग कालरा, राजू नवियाल, सफाई निरक्षक कुलदीप कुमार, सुपरवाइजर दानू सिंह, विनोद, उमेद अधिकारी, प्रमोद मित्तल, विजय तोमर, अजय चड्ढा, पारस चुघ, नीतीश धीर, प्रीति धीर आदि समस्त नगर निगम टीम व पर्यावरण मित्र उपस्थित रहे।

# अवैध कच्ची शराब के साथ एक को पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर और क्षेत्राधिकार खटीमा के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खटीमा व वरिष्ठ उप निरीक्षक के दिशा निर्देशन में गत रात्रि गोविंद सिंह उर्फ सोनू पुत्र जीत सिंह निवासी कच्ची खमरिया चौकी प्रतापपुर थाना नानकमत्ता जिला उधम सिंह नगर को मेला घाट रोड खटीमा से बेस्ट व्यू होटल की ओर जाने वाली सड़क पर करीब 26 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है, जिसे समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक जीवन सिंह चुफाल प्रभारी बाजार चौकी खटीमा, उप निरीक्षक विजय बोरा, कांस्टेबल राजेंद्र गिरी आदि थे।

# पांच नए कूड़ा निस्तारण वाहनों का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** नगर पालिका परिषद गदरपुर द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंगलवार को एक महत्वपूर्ण पहल की गई।

नगर पालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर के नेतृत्व में पांच नए कूड़ा निस्तारण वाहनों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा रहे, जिन्होंने अध्यक्ष के साथ संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। इन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस वाहनों के माध्यम से शहर के विभिन्न वार्डों में कूड़ा संग्रहण कार्य को तेज और प्रभावी बनाया जाएगा।

# वजिन्दर सिंह मोमी बने यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नानकमत्ता।** प्रदेश में कांग्रेस द्वारा कराए गए संगठन चुनाव में नानकमत्ता 69 विधानसभा सरौजा के वजिन्दर सिंह मोमी को उत्तराखंड यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव घोषित किया गया है।

मंगलवार को प्रेस से रुबरु होते हुए नव नियुक्त उत्तराखंड यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव वजिन्दर सिंह मोमी ने जानकारी में बताया कि पार्टी स्तर पर यूथ का चुनाव कराया गया, जिसमें पार्टी द्वारा उनके यूथ महासचिव की घोषणा की गई है। कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन पर जो भरोसा किया है वह उस भरोसे पर पूरी तरह से खरे उतरेंगे, तथा पार्टी के प्रति समर्पित रहकर काम करेंगे। यूथ का महासचिव बनने पर मोमी ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संग खीचीं गई अपनी फोटो भी साझा की है। मोमी को उत्तराखंड यूथ कांग्रेस महासचिव चुने जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** जे.के. पब्लिक स्कूल में वर्ल्ड हेल्थ डे ,( विश्व स्वास्थ्य दिवस) मनाया गया जिसमें कक्षा , 6जी 7जी 8जी 9जी और 11जी के बच्चों ने प्रतिभाग किया । विद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार मौर्या ने बच्चों को स्वस्थ रहने के लाभ बताए एवं स्वास्थ्य संबंधी जानक. ारी बच्चों को दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रकाश चन्द्र तिवारी द्वारा बच्चों को बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है इसलिए शरीर को स्वस्थ रखना चाहिए। यहां तुलसी जोशी, हेमा जोशी, आकांक्षा, मंगेश वर्मा, गुंजन, प्रभा जोशी आदि थे।

# मजलूम और पिछड़े वर्ग की आवाज बनेगा आयोग: वारसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कृषि उत्पादन मंडी समिति में पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य डा. जेड ए वारसी का मंडी सचिव सहील अहमद ने रामनगर आगमन पर फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

अपने सम्बोधन में डा. वारसी ने कहा कि मजलूम और पिछड़े वर्ग की आवाज आयोग बनेगा।उन्होंने कहा कि धामी सरकार अच्छा और हर वर्ग के लिए काम कर रही है।पिछड़ों एवं पसमांदा मुस्लिम समाज की शिक्षा, स्वस्थ्य और बुनियादी जरूरत पर विशेष काम किया जा रहा हैं।उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्ग के किसी भी व्यक्ति का ईमानदारी से काम करने पर अधिकारी एवं



कर्मचारियों द्वारा उत्पीड़न एवं परेशान किया जाता हैं तो शिकायत मिलने पर आयोग सख्त कार्यवाही करेगा। इस मौके पर मंडी सचिव सहील अहमद, मंडी निरीक्षक बच्चे लाल दुबे , सुरेन्द्र सिंह ,दीपक पाठक, ललित पंत,हाजी मोहसिन अख्तर आदि मौजूद रहे।

# चांद खान युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव निर्वाचित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी चुनाव में रामनगर के युवा कांग्रेस नेता चांद खान को प्रदेश महासचिव निर्वाचित होने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत,कांग्रेस नेता भुवन पांडे, कांग्रेस नेता अनिल खुलासा,कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत, मालधन अध्यक्ष ओमप्रकाश,जावेद खान, नजाकत अली, आफाक हुसैन, मोईन खान, अनीस आलम अंसारी, फरमान अली आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# मार्ग चौड़ीकरण में बाधा बने हाईटेक शौचालय किया ध्वस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** इंदिरा चौक से डीडी चौक तक एनएच विभाग द्वारा किए जा रहे मार्ग चौड़ीकरण के कार्य में अवरोधक बन रहे हल्द्वानी मार्ग पर सब्जी मंडी के समक्ष नगर निगम द्वारा निर्मित सार्वजनिक शौचालय को राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में कर्मचारियों ने जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त कर दिया।

गौरतलब हो कि यहां पर वर्षो पूर्व शौचालय बनाया गया था। जिसकी जीर्ण क्षीर्ण हालत को देखते हुए निवर्तमान मेयर रामपाल के कार्यकाल में इस शौचालय को तोड़कर उसे लाखों रूपयों की लागत लगाकर हाईटेक शौचालय का रूप देकर नगर की जनता को समर्पित किया गया था। इसके बाद वर्तमान विधायक शिव अरोरा एवं महापौर विकास शर्मा के प्रयासों से मुख्यमंत्री द्वारा इंदिरा चौक से अटरिया मोड़ तक के मार्ग को 6 लाईन बनाने के लिए केन्द्र सरकार से स्वीकृति दिलवाई। अब जबकि मार्ग चौड़ीकरण के प्रथम चरण का कार्य इंदिरा चौक से डीडी चौक तक प्रारम्भ हो चुका



है। जिसके तहत रोड़वेज स्टेशन से अतिक्रमण को मुक्त करा लिया गया है। वहीं दूसरी ओर आज सब्जी मंडी के समक्ष बने हाईटेक शौचालय को भी जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। अब लोगों में इस बात की चर्चा है कि क्या नगर निगम का गेट सहित डाकघर व दूरसंचार निगम से भी निर्धारित मार्ग चौड़ीकरण के बाधक को ध्वस्त किया जाएगा।

# नवप्रवेशी बालिकाओं का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शिक्षा विभाग उत्तराखंड द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में राजकीय बालिका इंटर कालेज फाजलपुर महरौला रुद्रपुर में नवप्रवेशी बालिकाओं के सम्मान में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गीता किरण, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ऊधम सिंह नगर एवं विद्यालय की प्रधानाचायाशुभा रावत के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। प्रधानाचार्या शुभा रावत ने 48 नवप्रवेशी बालिकाओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षिका डॉ. बसन्ती रानी ने किया और उपस्थित अभिभावकों को विद्यालय द्वारा प्रदत्त की जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका संगीता नेगी, अलका मेहरा, डा. पूनम रानी आदि उपस्थित रही। अंत में प्रधानाचार्या द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# लैंगिक समानता पर जागरुकता बढ़ाने को व्याख्यान आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**बाजपुर।** मंगलवार को 78 उत्तराखण्ड बटालियन एनसीसी हल्द्वानी की सब यूनिट, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर एक व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य ने की।

इस अवसर पर प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि लैंगिक संवेदनशीलता आज के समय का एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। समाज में लैंगिक असमानता को समाप्त करने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता फैलाना आवश्यक है। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भाषण, पोस्टर निर्माण तथा समूह चर्चा जैसी विभिन्न गतिविधियों में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में आपसी सम्मान और समावेशिता की भावना को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

# कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा आज रुद्रपुर में

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** उत्तराखंड कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा के आज 8 अप्रैल के जनपद दौरे को लेकर कांग्रेस संगठन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इस कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने पत्रकारों को बताया कि बताया कि आठ अप्रैल बुधवार को रुद्रपुर के भूरारानी स्थित नजारा बैंक्वट हॉल में दोपहर 12 बजे से महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेश प्रभारी के साथ-साथ प्रदेश नेतृत्व के तमाम बड़े नेता भी शिरकत करेंगे।

जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि प्रदेश प्रभारी का यह दौरा कार्यकर्ताओं के लिए संजीवनी साबित होगा। उन्होंने कहा कि कुमारी शैलजा का यह प्रवास जिले के प्रत्येक कांग्रेसी कार्यकर्ता में नई ऊर्जा का संचार करेगा और उन्हें चुनावी मैदान में उतरने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और प्रदेश के दोनों सह-प्रभारियों सहित जनपद के समस्त विधायक भी मौजूद रहेंगे।

# यूथ कांग्रेस में सुमिंदर यादव की दोबारा ताजपोशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रिकॉर्ड मतों से हासिल की जीत**

**शक्तिफार्म।** सितारगंज विधानसभा क्षेत्र में यूथ कांग्रेस संगठन के चुनाव में सुमिंदर यादव ने एक बार फिर शानदार जीत दर्ज करते हुए अध्यक्ष पद पर अपनी मजबूत पकड़ साबित की है। उनके पुनः अध्यक्ष निर्वाचित होने पर समर्थकों में जबरदस्त उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान कुल 1175 वोट डाले गए थे, जिनमें से 1030 वोट विभिन्न कारणों से खारिज हो गए। वैध 145 वोटों की गिनती में सुमिंदर यादव को 97 मत प्राप्त हुए, जिससे उन्होंने निर्णायक बढ़त हासिल की। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी वसीम अहमद को 24 वोट मिले, जबकि विक्रमजीत सिंह को 5 वोट प्राप्त हुए। इसके अलावा 19 वोट होल्ड पर रखे गए। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों ने सुमिंदर यादव का जोरदार स्वागत किया और मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर नवतेज पाल सिंह, उत्तम आचार्य, सरताज अहमद, करन जंग, बलवंत बोरा, सूर्य प्रताप सिंह, राहुल सिंह, विनय विश्वास, प्रशांत मंडल, गुरदेव सिंह, भगवान पांडे, किशोर आचार्य, राजू यादव, वीरेंद्र यादव, सागर मंडल, अमित सरकार, सपना ओझा, अभिषेक साहनी, बबलू कुमार, विजय कुमार, राहुल कुमार और अविनाश साहनी,मनोज सुतार,प्राण मण्डल, श्रीकांत मिस्त्री,किशोर आचार्य, सहित कई गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुमिंदर यादव ने सभी मतदाताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, युवाओं को जोड़ने और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि यूथ कांग्रेस को नई ऊर्जा और दिशा देने के लिए वे पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

# विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मेडिकल कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मंगलवार को ग्राम सभा जमौर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर के आदेश के पालन में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर देश दीपक गौड़ तथा डॉक्टर सोनाक्षी ने मरीजों की जांच की और मरीजों को निःशुल्क दवाई का वितरण किया। लगभग 60 मरीजों ने मेडिकल कैंप का लाभ लिया। इस मौके पर सीएचओ किरण गुप्ता व खुशबू जायसवाल ने ब्लड टेस्ट, शुगर एवं बीपी आदि चेक किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मोहम्मद रफीक, पीएलवी विमल कुमार, मीरा देवी, आरबी सिंह, भगवती राणा, विपिन उप्रेती, पिंकी राणा, मानवती राणा, सुखजिंदर कौर, आशा गीता देवी, रानी गुप्ता, सुशीला देवी आदि उपस्थित रहे।

# विश्व हेल्थ दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों को जागरूक किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वर्ल्ड हेल्थ दिवस के अवसर पर श्री साईं नर्सिंग कॉलेज के नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली गई इसके पश्चात छात्रों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।



विद्यार्थियों द्वारा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और हेल्दी रहने के टिप्स दिए और बताया कि आजकल की दिनचर्या के हिसाब से मानसिक स्वास्थ्य पर लोगों का ज्यादा प्रभाव पड़ रहा है बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के द्वारा भी सभी को जागरूक किया। इसके पश्चात रैली निकालते हुए सुभाष चौक पहुंचकर वहां भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को विश्व हेल्थ दिवस पर स्वास्थ्य लाभ के विषय में लोगों को जानकारी प्रदान की नुक्कड़ नाटक करने वाले छात्र-छात्राओं में खुशी, प्रतिष्ठा मोनिका रीतिभा, तानिया अब्दुल रहमान, कल्पना, हारून, अदीबा आदि शामिल रहे। इस अवसर पर कॉलेज डायरेक्टर अवनीश कुमार, पंकज कुमार,प्राचार्य प्रवेंद्र शर्मा, हिना, शिवम कुमार, नीमा बिष्ट, पुजा ऐरी, श्वेता टमटा, नवजीत कौर, नदीम, प्रवीण आदि मौजूद रहे।

# उत्साह एवं स्नेह पूर्ण रूप से मनाया गया प्रवेशोत्सव कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** पीएम श्री नेहरू राजकीय इंटर कॉलेज महुआडाबरा में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम बड़े ही उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत कर उन्हें विद्यालय से जोड़ना तथा शिक्षा के प्रति प्रेरित करना रहा।

मंगलवार के रोज आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ एससीईआरटी देहरादून के अपर निदेशक डा. राकेश गैरोला, प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी हरी बाबू निरंजन व विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजमोहन लाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। अपर निदेशक डॉक्टर राकेश गैरोला ने कहा कि सरकार बच्चों के बेहतर भविष्य को लेकर सजग है। एक विद्यार्थी को बेहतर नागरिक बनाने की भागीदारी में स्वयं विद्यार्थी, शिक्षक और उनके अभिभावक की चैन के माध्यम से ही यह सब संभव हो सकता है। साथ ही उन्होंने केंद्र व राज्य सरकारों के शैक्षिक उन्नयन की विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से बताया। प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी हरी बाबू निरंजन ने विद्यालय प्रशासन की शैक्षिक, प्रशासनिक तथा अन्य गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उक्त विद्यालय सभी कौशलों में अपना स्थान हासिल करता है। प्रधानाचार्य बृजमोहन लाल ने कहा कि प्रवेशोत्सव केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का महत्वपूर्ण अवसर है। इससे पूर्व नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मिठाई वितरित कर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य बृजमोहन लाल, राजकीय शिक्षक संघ ब्लॉक जसपुर इकाई के अध्यक्ष कौशल चौधरी, पंकज चौहान, नाजिम कमर, योगेश पंत, महेंद्र सिंह, हरीश शर्मा, सरीस आलम, डॉक्टर तजम्मुल हसन,अजय कुमार, अरुण कुमार वर्मा , शाकिर हुसैन, आरके तिवारी,जयवीर सिंह, नीतू सैनी,मोनिका, नूतन रानी, नफीस अहमद,राम सजीवन, , मनोज पाल, ओम प्रकाश सिंह, चंदन सिंह, उपासना, रिंकी, सविता, मानसी, करतार सिंह, कुमकुम, इंदिरा देवी, लखन सिंह, पुष्पा सरिता रानी अरुण कुमार आदि थे।

# अवैध स्लॉटर हाउस का भंडाफोड़, आठ दबोचे

■ आबादी क्षेत्र में चल रहा था बिना लाइसेंस बूचड़ खाना, पुलिस ने मारा छापा
■ भैंसों के अवैध वध का खुलासा, 60 किलो मांस व पांच जिंदा भैंसें बरामद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अवैध स्लॉटर हाउस का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो बिना लाइसेंस के आबादी क्षेत्र में भैंसों का वध कर रहे थे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर, पुलिस अधीक्षक काशीपुर के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक गदरपुर के नेतृत्व में टीम ने 6 अप्रैल 2026 की रात इस्लामनगर स्थित लकड़ी की टाल के पास छापेमारी की। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारद. ीवारी के अंदर खुले आंगन में चल रहे अवैध स्लॉटर हाउस पर दबिश दी, जहां आरोपी चाकू और छुरियों से भैंसों का वध करते पाए गए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सकील पुत्र शब्बीर, सलमान पुत्र सकील, मोहम्मद सोहेल पुत्र सकील, गोरे खां पुत्र अहमद जान, जलीश पुत्र जिम्मा, शाहरुख खान पुत्र खुर्शीद खां, कयूम पुत्र शब्बीर तथा शहजान पुत्र कय्यूम के रूप में हुई है। सभी आरोपी गदरपुर और आसपास के क्षेत्रों के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने मौके से 60 किलोग्राम भैंस का मांस, 5 जीवित भैंसें तथा मांस काटने के उपकरण जैसे चापड़, छुरियां, कुल्हाड़ी और इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किए। पूछताछ के दौरान आरोपी स्लॉटर हाउस का कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सके। बरामद मांस की पुष्टि के लिए पशु चिकित्सक को बुलाया गया, जिन्होंने जांच के बाद उसे भैंस का मांस बताया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 325 बीएनएस तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में उपकारागार हल्द्वानी भेज दिया गया है, जबकि जीवित भैंसों को स्थानीय व्यक्ति की सुपुर्दगी में दिया गया है।

# हाईवे 74 पर भीषण सड़क हादसा

■ कार-स्कूटी टक्कर में महिला की मौत, तीन घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** मंगलवार को नेशनल हाईवे 74 पर स्थित गांव बिचपुरी के पास राजकीय इंटर कॉलेज के समीप मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कार और स्कूटी की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतक महिला की पहचान जोगेंद्रो बाई (55), पत्नी रूर सिंह, निवासी रामनगर केलाखेड़ा के रूप में हुई है। वह अपने 16 वर्षीय पोते अभिजीत (पुत्र पंजा सिंह) के साथ स्कूटी पर सवार थीं। हादसे में अभिजीत गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। वहीं, कार में सवार कुछ अन्य लोग भी इस दुर्घटना में घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि कार सवार लोग हल्द्वानी के निवासी हैं और उनकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने हाईवे पर बढ़ते सड़क हादसों को लेकर प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है।

# सड़क और पानी को तरसे मनिहारगोठ के लोग

■ वादों के बाद भी नहीं मिला हक, डीएम से लगाई गुहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चंपावत।** जनपद चंपावत के टनकपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मनिहारगोठ पश्चिम (बिचई) के ग्रामीणों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है। वर्षों से सड़क और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप की मांग करते हुए तीखा विरोध दर्ज कराया है।

ग्रामीणों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 125 से उनके आवासीय क्षेत्र तक करीब 290 मीटर सड़क निर्माण के लिए वर्ष 2022 में सर्वे और नाप का कार्य पूरा कर लिया गया था। संबंधित विभाग द्वारा जल्द निर्माण का आश्वासन भी दिया गया, लेकिन इसके बावजूद आज तक एक ईंट तक नहीं रखी गई। आरोप है कि स्वीकृत बजट को अन्य क्षेत्रों में खर्च कर दिया गया, जिससे गांव के लोग ठगा महसूस कर रहे हैं। स्थिति इतनी बदतर है कि बरसात के समय गांव तक पहु. चना भी मुश्किल हो जाता है। कीचड़ और रास्ते के अभाव में वाहन फंस जाते हैं और आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। वहीं, पेयजल की समस्या ने ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। अब तक किसी भी योजना के तहत पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिससे लोग रोजाना संकट झेल रहे हैं।

सबसे गंभीर बात यह है कि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक और सैनिक परिवार निवास करते हैं। देश की सेवा करने वाले इन परिवारों को ही बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा जाना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार प्रार्थना पत्र देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे प्रशासन के प्रति रोष लगातार बढ़ता जा रहा है।

## समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने डीएम से लगाई गुहार

लगातार मूलभूत सुविधाओं के अभाव से परेशान ग्रामीणों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। क्षेत्र के लोगों ने एकजुट होकर जिलाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से सड़क, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की अनदेखी की जा रही है, जिससे उनका दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

# स्वच्छ भारत मिशन की बड़ी सौगात

■ मनिहारगोठ में 88 शौचालय निर्माण, ग्रामीणों ने धामी सरकार का जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** मनिहारगोठ ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के तहत वर्ष 2025-26 में 88 शौचालयों का निर्माण कर ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। इस पहल से जहां गांव में स्वच्छता व्यवस्था मजबूत हुई है, वहीं खुले में शौच की समस्या पर भी काफी हद तक अंकुश लगा है।

ग्रामीणों ने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि सरकार की इस योजना से गांव की तस्वीर बदल रही है और लोगों के जीवन स्तर में भी सुधार देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले जहां खुले में शौच के कारण कई प्रकार की दिक्कतें होती थीं, वहीं अब शौचालय बनने से महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को विशेष सुविधा मिली है। इससे न केवल स्वच्छता बढ़ी है बल्कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में भी कमी आई है। ग्रामवासियों का कहना है कि सरकार की योजनाएं यदि इसी तरह धरातल पर उतरती रहीं, तो गांवों का समग्र विकास तेजी से संभव हो सकेगा। उन्होंने प्रशासन से भी अपील की है कि शेष जरूरतमंद परिवारों को भी इस योजना का लाभ जल्द से जल्द दिया जाए।

मनिहारगोठ में शौचालय निर्माण के इस कार्य ने यह साबित कर दिया है कि जब योजना सही तरीके से लागू होती है, तो उसका सीधा लाभ आम जनता तक पहुंचता है और गांव विकास की नई दिशा में आगे बढ़ता है।

# पूर्णागिरि मेले की व्यवस्थाओं पर डीएम सख्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** प्रसिद्ध पूर्णागिरि मेले की व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने मंगलवार को स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का गहन आकलन किया। इस दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र में सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और यातायात प्रबंधन की व्यवस्थाओं को विस्तार से परखा।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए व्यवस्थाओं को सुचारू एवं प्रभावी बनाएं। जिलाधिकारी ने साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के निर्देश देते हुए कहा कि मेला क्षेत्र में पर्याप्त शौचालयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही नियमित कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था भी दुरुस्त रखी जाए, ताकि स्वच्छ वातावरण बना रहे। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए डीएम ने कहा कि मेला क्षेत्र में चिकित्सा टीमों की निरंतर तैनाती सुनिश्चित की जाए। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एम्बुलेंस सेवाएं हर समय उपलब्ध रहें। साथ ही पेयजल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने और किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए सतर्क रहने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्णागिरि मेला जनपद की आस्था और पहचान का प्रमुख केंद्र है। ऐसे में सभी विभाग जिम्मेदारी के साथ कार्य करें और श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित माहौल उपलब्ध कराएं।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी. एस. खाती, उपजिलाधिकारी अनुराग आर्या, मेला मजिस्ट्रेट ललित मोहन, पुलिस उपाधीक्षक वंदना वर्मा, मेला समिति अध्यक्ष किशन तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तहसील दिवस में जन समस्याओं की सुनवाई, त्वरित निस्तारण के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई द्वारा दिए गये निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी श्री योगेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज तहसील परिसर में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधियों, पार्षदों एवं आमजन ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी-अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं।

तहसील दिवस के दौरान राजस्व, पेयजल, सड़क, विद्युत, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित अनेक शिकायतें प्राप्त हुईं। जनप्रतिनिधियों एवं पार्षदों ने अपने क्षेत्रों में व्याप्त मूलभूत समस्याओं जैसे सड़क मरम्मत, जलापूर्ति, विद्युत बाधित रहने, भूमि विवाद एवं पेंशन से जुड़ी दिक्कतों को प्रमुखता से उठाया। अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त प्रकरणों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी समयबद्ध ढंग से कार्य करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों का निस्तारण मौके पर संभव है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तत्काल निपटाया जाए, जबकि शेष मामलों में निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्यवाही पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं से संवाद बनाए रखते हुए उनकी समस्याओं का संतोषजनक समाधान किया जाए। तहसील दिवस में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण भी किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन ने आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र वर्मा, तहसीलदार विजय गोस्वामी उपस्थित रहे।

## स्कॉलरशिप परीक्षा सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** अल्केमिस्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने विशेष छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। अल्केमिस्ट की चेयरपर्सन डॉ. दिव्या रावत एवं प्रबंधक विरेन्द्र रावत के मार्गदर्शन में विशेष छात्रवृत्ति परीक्षा में कई पात्र प्रतिभागियों ने भाग लिया। चेयरपर्सन दिव्या रावत ने बताया कि यह परीक्षा उन विद्यार्थियों के लिए है जो आर्थिक अभाव के कारण आगे की शिक्षा प्राप्त करने में असमर्थ हैं।

परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को विद्यालय में कक्षा 12 तक अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी। यहां प्रधानाचार्य डॉ. जेपी गंगवार, उप प्रधानाचार्या बिन्दु बत्रा आदि रहे।

# नॉर्थ इंडिया मेडिकल कमिश्नर कमलेश हरीश से मिले विधायक अरोरा

■ बोले- इलाज के नाम पर सफेद हाथी बनकर रह गया ईएसआई हॉस्पिटल
■ दो लाख से अधिक पंजीकृत श्रमिक के लिए हॉस्पिटल में नहीं हैं पर्याप्त डॉक्टर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ईएसआई हॉस्पिटल की नॉर्थ इंडिया मेडिकल कमिश्नर कमलेश हरीश रुद्रपुर पहुंची, तो क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने कमलेश हरिश से की शिष्टाचार भेंट। इस दौरान विधायक संग सिडकुल वेलफेयर सोसाइटी व सिडकुल मेनपावर संगठन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

विधायक अरोरा ने मुलाकात के दौरान नॉर्थ इंडिया कमिश्नरों को कहा ईएसआई हॉस्पिटल इलाज के नाम पर शून्य है और बिल्डिंग के रूप में है यह एक सफेद हाथी के रूप में रह गया है।

रुद्रपुर औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहां दो लाख से अधिक ईएसआई पंजीकृत श्रमिक हैं। जिनको इलाज के लिए दर दर भटकना पड़ता है, क्योंकि ईएसआई हॉस्पिटल में मात्र चार परमानेंट डॉक्टर हैं जबकि इसके अलावा सभी संविदा डॉक्टर कार्यरत हैं। सुविधा के अभाव में श्रमिक दर-दर भटकता रहता है और कई गंभीर श्रमिक इलाज के अभाव में अपनी जान भी गवां चुके। वहीं बात करें एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड जैसे सुविधा भी ईएसआई हॉस्पिटल में उपलब्ध नहीं करवा पा रहा है।

विधायक की बातों को गंभीरता से सुनते हुए नॉर्थ इंडिया मेडिकल कमिश्नर कमलेश हरीश ने विधायक को भरोसा दिया की निश्चित रूप से यहां डॉक्टर पर स्टाफ को बढ़ाने का कार्य किया जाएगा साथ ही ईएसआई हॉस्पिटल में ही श्रमिकों का इलाज सुनिश्चित हो इसका भी प्रयास किया जाएगा। कमिश्नर ने जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि यहां की व्यवस्था में सुधार आना चाहिए, साथ ही छोटे स्तर की बीमारियों का ईएसआई हॉस्पिटल में इलाज सुनिश्चित हो इसके भी आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान सिडकुल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष शिखर सिन्हा, मैनपॉवर एसोसिएशन अध्यक्ष आशीष भटनागर, सचिन भटनागर, भाजपा नेता हिमांशु शुक्ला, संतोष पाल, राघव सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# फोर्ती जूनियर हाईस्कूल में प्रवेशोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** जूनियर हाईस्कूल फोर्ती में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्रमुख लक्ष्मण सिंह मेहता द्वारा किया गया, जबकि अध्यक्षता ग्राम प्रधान रेनू बगौली ने की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान लोहाघाट के प्राचार्य दिनेश खेतवाल एवं प्रवक्ता राम बालक मिश्रा ने प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के 11 नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान द्वारा बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें भी वितरित की गईं। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 6 के छात्र रवि जोशी, जो मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति योजना में चयनित हुए हैं, उन्हें उनकी माता लक्ष्मी जोशी के साथ 7200 रुपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रमुख लक्ष्मण सिंह मेहता ने अपने संबोधन में विद्यालय में शिक्षकों के रिक्त पदों की समस्या उठाते हुए विभाग से किए गए पत्राचार की जानकारी दी। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमल राय, शिक्षिका जया जोशी, शिक्षक ओमप्रकाश बगौली, रश्मि उपाध्याय, आशा आर्या, लक्ष्मी जोशी, भावना उपाध्याय, ललिता शर्मा, विमला थापा, विमला सुतेड़ी, अंजू आर्या, पुष्पा आर्या, मुन्नी देवी, ललिता उपाध्याय, लक्ष्मण सिंह मेहता सहित दो दर्जन से अधिक अभिभावक उपस्थित रहे।

# लोहाघाट पीजी कॉलेज में नारी शक्ति सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** स्वामी विवेकानंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लिंग संवेदीकरण प्रकोष्ठ की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित कर समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में किरण पंत, मीना भट्ट, कुसुम लता ओली, नेहा गडकोटी और प्रतिभा को उनके समा. जोपयोगी कार्यों के लिए महाविद्यालय परिवार द्वारा अंग वस्त्र, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अभियोजन अधिकारी तनुजा वर्मा ने अपने संबोधन में वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज समाज में पुरुषों के अधिकारों की मांग भी उठ रही है और बच्चों से जुड़ी समस्याएं भी सामने आ रही हैं। उन्होंने कानून के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए पॉक्सो एक्ट की समीक्षा की आवश्यकता भी जताई। विशिष्ट अतिथि एडवोकेट नवीन मुरारी ने महिलाओं के कानूनी अधिकारों पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर आयोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिता में शालिनी गोरखा ने प्रथम, संजना ने द्वितीय और सुनैना विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यहां प्रोफेसर अपराजिता, प्राचार्य प्रोफेसर संगीता गुप्ता, डॉ. सोनाली कार्तिक, डॉ. अर्चना त्रिपाठी, डॉ. सरस्वती भट्ट, डॅ. बीपी ओली, डॉ. कमलेश शक्टा, डॉ. स्वाति बिष्ट, डॉ. स्वाति कांडपाल आदि थे।

## एक नजर

# पाटी तहसील दिवस में 63 शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** विकासखंड पाटी में आयोजित तहसील दिवस में जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जनसमस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। कुल 63 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें अधिकांश पर मौके पर ही कार्रवाई शुरू कराई गई।




बिजली, पेयजल, सड़क, आवास और सुरक्षा दीवार जैसी समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए डीएम ने संबंधित विभागों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। छिनका छिड़ा-रोलमेल मार्ग पर भूस्खलन और पुनौली में गधेरे से खतरे जैसे मामलों में तत्काल स्थलीय निरीक्षण के आद. श दिए गए। इसके साथ ही मुलाकोट को "बकरी विलेज" के रूप में विक. सित करने और किसानों की फसलों की सुरक्षा के लिए सोलर फेंसिंग योजना बनाने के निर्देश भी दिए गए। तहसील दिवस में डीएम की सक्रियता और संवेदनशीलता की ग्रामीणों ने सराहना करते हुए इसे जनसमस्याओं के प्रभावी समाधान का मजबूत मंच बताया।

# बनबसा में गेहूं क्रय केंद्र खोलने की मांग तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बनबसा/चंपावत।** क्षेत्र के किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए बनबसा में गेहूं क्रय केंद्र खोलने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। इस संबंध में विधायक प्रतिनिधि दीपक चंद राजवार एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार को औपचारिक रूप से अवगत करा दिया गया है।

युवा सामाजिक कार्यकर्ता सावन चंद रजवार ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए दूर-दराज के केंद्रों तक जाना पड़ता है, जिससे समय और आर्थिक दोनों प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में बनबसा में ही गेहूं क्रय केंद्र खुलने से क्षेत्र के सैकड़ों कृषकों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रशासन को इस समस्या से अवगत करा दिया गया है और सकारात्मक प्रतिक्रिया की उम्मीद जताई जा रही है। यदि जल्द ही क्रय केंद्र की स्थापना होती है, तो किसानों को राहत मिलेगी और उनकी फसल का उचित मूल्य भी सुनिश्चित हो सकेगा। कृषक बंधुओं में इस पहल को लेकर उत्साह देखा जा रहा है और सभी को अब प्रशासन के निर्णय का इंतजार है।

# जुम्मा गांव हादसे में घायल मासूम के लिए प्रशासन बना सहारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रेड क्रॉस से 10 हजार की त्वरित सहायता**

**पिथौरागढ़।** पिथौरागढ़ जनपद के धारचूला क्षेत्र अंतर्गत जुम्मा गांव में सड़क निर्माण कार्य के दौरान हुए दर्दनाक हादसे के बाद जिला प्रशासन ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए पीड़ित परिवार को तत्काल राहत प्रदान की है। जिलाधिकारी आशीष भटगांई के निर्देश पर जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से घायल मासूम बच्ची के परिवार को 10,000 की त्वरित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत "एलागाड़ से जुम्मा मोटर मार्ग" निर्माण कार्य के दौरान जेसीबी मशीन से गिरे पत्थरों की चपेट में आकर दो मासूम बच्चियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। इनमें चार वर्षीय पार्वती धामी को गंभीर चोटें आईं, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से घायल बच्चियों को प्राथमिक उपचार हेतु धारचूला अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय पिथौरागढ़ रेफर किया गया। बच्ची की हालत गंभीर होने के कारण उसे उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए भी भेजा गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लिया और रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान की। साथ ही संबंधित विभागों को घटना की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया है कि बच्ची के समुचित उपचार और हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशासन की इस त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई की क्षेत्रीय जनता द्वारा सराहना की जा रही है।

# राउमावि खूनाबोरा में धूमधाम से मनाया गया प्रवेशोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**लोहाघाट।** राउमावि खूनाबोरा में नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का प्रवेशोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्रमुख प्रकाश चन्द्र उपाध्याय द्वारा किया गया, जबकि अध्यक्षता प्रधानाचार्य खीमानंद पांडेय ने की। कार्यक्रम में पीटीए प्रभारी प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रवेशोत्सव में सुरेन्द्र लाल,, कैलाश गहतोड़ी, नवीन जोशी,राजेश्वरी जुकरिया, मीरा पंत, कमला जोशी, प्रकाश चन्द्र उपाध्याय आदि थे।

# सांसद अजय भट्ट ने किया रिंग का भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी रिंग रोड का भ्रमण किया । इस दौरान एनएच अधिकारी द्वारा मानचित्र के माध्यम से सांसद को रिंग रोड की कार्य प्रगति की जानकारी दी।सांसद अजय भट्ट ने कहा स्थालीय निरक्षण कर बहुत सुखद अनुभव हो रहा है। उन्होंने बताया रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने इस रिंग रोड के निर्माण हेतु मेरे पहले कार्यकाल में पत्र दिया था, जिस पत्र के आधार में लगातार दिल्ली मं केंद्र सरकार से इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाने का सकरात्मक प्रयास किए गए, जिसमे परिणाम स्वरूप यह 1084 करोड़ कि 21 किलोमीटर लम्बी रिंग रोड मूर्त रूप लेती नजर आ रही है। बताया कि राधा स्वामी सत्संग के पास एक आरओबी का निर्माण कार्य गतिमान है, बाकि शेष सभी कार्य पूर्ण हो गया है। इस दौरान विधायक शिव अरोरा, महापौर विकास शर्मा, एनएच पीडी अंचल जिंदल, एडीएम कौस्तुभ मिश्रा, प्रीत ग्रोवर, मुकेश पाल, निमित्त शर्मा, राधेश शर्मा, बीनू कुमार, पवन राणा, मनोज मदान, राजेश कामरा, मोहित चड्डा, मोर सिंह, अनमोल, संदीप राव, सुरेंद्र कुमार,विजय तोमर जीतेन्द्र संधू, मनोज मदान आदि लोग मौजूद रहे।

# पीस क्लब के 13 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** पीस क्लब के 13 वर्ष पूर्ण हो जाने पर पीस क्लब जसपुर के 724 वे कार्यक्रम में पीस क्लब के वरिष्ठ कवि जितेंद्र सिंह चौहान के गजल संग्रह भावनाओं का दर्पण का लोकार्पण विधायक आदेश चौहान, प्रधानाचार्य स्वतंत्र कुमार मिश्रा, प्रोफेसर डॉक्टर महिपाल सिंह, प्रधानाचार्य हबीब अहमद, साईं डिग्री कॉलेज के राजकुमार सिंह, चेतन सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह, संजू चौधरी, उमर सिंह , अजय कुमार चौहान, सरीन चौधरी , हकीम जफर साहब, सरफराज, अबरार हुसैन, हिना कौशर,मिथलेश चौहान, रेखा राजपूत, संदीप कुमार , पूनम मंझरिया, दीप्ति चौहान, सरोज पुष्कर , हरिओम सिंह , कौशल किशोर, एडवोकेट पंत, अनीस अहमद ने अपने संयुक्त हाथों से किया। सभी कवियों, शायरों एवं अन्य कलाकारों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से सभी का स्वस्थ्य मनोरंजन किया।

# विवाह के लिए मात्र दो सिलेंडर मिलेंगे

## व्यवसायिक एलपीजी के लिए एसओपी निर्धारित



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने अवगत कराया कि उत्तराखंड शासन के निर्देशानुसार पश्चिम एशिया संकट के कारण एलपीजी के सप्लाई में आई कठिनाइयों के कारण व्यावसायिक एलपीजी हेतु एसओपी निर्धारित की गई है जिसके तहत विवाह समारोह हेतु अधिकतम दो व्यवसायिक सिलेंडर निर्धारित किए गए हैं। शासन के उक्त आदेश के क्रम में आदेश जारी करते हुए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने अवगत कराया कि विवाह समारोह के लिए सिलेंडरों के आवंटन हेतु आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने व दस्तावेजों का परीक्षण कर अस्थाई गैस कनेक्शन की संस्कृति करने के लिए जनपद नैनीताल के अंतर्गत तहसील स्तर पर अधिकारियों को नामित किया गया है। जिसके क्रम में तहसील नैनीताल हेतु नामित अधिकारी उप जिला अधिकारी व जिला पूर्ति अधिकारी एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी नैनीताल जबकि तहसील हल्द्वानी हेतु उप जिला अधिकारी व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी हल्द्वानी, रामनगर क्षेत्र हेतु उप जिला अधिकारी व पूर्ति निरीक्षक रामनगर, तहसील कालाढूंगी हेतु उप जिलाधिकारी व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी कालाढूंगी, तहसील लाल. कुआं क्षेत्र हेतु उप जिलाधिकारी व पूर्ति निरीक्षक लालकुआं, तहसील धारी हेतु उप जिला अधिकारी व पूर्ति निरीक्षक धारी तथा तहसील खन्स्यू हेतु उप जिलाधिकारी धारी व पूर्ति निरीक्षक ओखलकांडा तथा तहसील श्रीकैंची धाम हेतु उप जिलाअधिक. ारी धारी व पूर्ति निरीक्षक मझेड़ा के साथ ही तहसील बेतालघाट हेतु उप जिलाधिकारी धारी व पूर्ति निरीक्षक मझेड़ा को नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने आदेश जारी करते हुए नामित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह सिलेंडर प्राप्त करने हेतु आवेदक से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर उनका भली भांति परीक्षण व जांच के उपरांत अस्थाई गैस कनेक्शन हेतु संस्तुति करते हुए संबंधित गैस एजेंसी को सिलेंडर मुहैया कराए जाने हेतु निर्देश करेंगे।

## मानव वन्य जीव संघर्ष पर सख्त कदम उठाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उक्रांद के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष व नैनीताल विधान सभा के पूर्व विधायक डा. नारायण सिंह जन्तवाल ने प्रदेश में बढ़ते मान वन्यजीव संघर्ष को लेकर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के माध्यम से सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित ज्ञापन मंगलवार को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि नैनीताल जिले सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में पिछले कुछ वर्षों से वन्यजीवों के हमले लगातार बढ़ रहे हैं। हाल ही में भीमताल क्षेत्र में दो महिलाओं की मौत समेत कई घटनाओं ने स्थिति को गंभीर बना दिया है। इस दौरान कमलेश पांडेय, प्रकाश पांडे, मनोज साह, भयू साह, इंद्र सिंह नेगी, हरीश अधिकारी, लोकेश वर्मा, भुवन बिष्ट, मोहन कांडपाल, रमेश कांडपाल, विनोद कुमार, लीला बोरा, मोहन नेगी, मनोज बिष्ट, सज्जन साह, डीएस सूर्या व मदन सिंह मेर शामिल थे।

# हाई कोर्ट को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

## कोर्ट परिसर की सुरक्षा चाक-चौबंद, प्रवेश पर सघन चेकिंग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** न्यायिक संस्थानों को धमकी भरे ई-मेल भेजे जाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को एक बार फिर उत्तराखंड उच्च न्यायालय को धमकी भरा ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और खुफिया एजेंसियां सतर्क हो गईं और कोर्ट परिसर की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

हाईकोर्ट चौकी इंचार्ज बलवीर सिंह राणा की ओर से कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में बताया गया कि कोर्ट को भेजे गए ई-मेल में न्यायाधीश कक्ष में जहरीली गैस से भरे बम विस्फोट की धमकी दी गई है हालांकि ई मेल बेहद संक्षिप्त है और केवल दो लाइनों में ही इस गंभीर साजिश का उल्लेख किया गया है। ई-मेल के अन्य हिस्सों में उदयनिधि और उसके बेटे को टार्चर करने जैसी बातें भी लिखी गई हैं जिससे यह संदेश संदिग्ध और असामान्य प्रतीत हो रहा है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को यह हरकत किसी मानसिक रूप से विकृत व्यक्ति की



लग रही है लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर किसी भी संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा।

एसपी डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि ईमेल की सूचना के बाद कोर्ट परिसर में चैकिंग की गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए कोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक चौबंद कर दी गई है। प्रवेश द्वारों पर सघन चेकिंग की जा रही है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने ई मेल के स्रोत का पता लगाने के लिए साइबर सेल की मदद ली है साथ ही खुफिया एजेंसियों को भी अलर्ट कर दिया गया है।

## कार्मिक सचिव 20 को हाईकोर्ट में तलब

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड उपनल संविदा कर्मचारी संघ तथा वन विभाग में वर्षो से कार्यरत दैनिक श्रमिकों को अभी तक कोर्ट का आदेश होने के बाद भी नियमित नहीं करने के खिलाफ दायर अवमानना याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ती अलोक कुमार वर्मा की एकलपीठ ने राज्य सरकार के कार्मिक सचिव शैलेश बगौली को 20 अप्रैल को 10.30 बजे व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने को कहा है। कोर्ट ने उनसे यह भी बताने को कहा है कि अभी तक उच्च न्यायलय व सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का अनुपालन कयों नहीं हुआ और सरकार ने इनके नियमितिकरण के लिए क्या उपाय किये हैं? कोर्ट को अवगत कराएं। मामले के अनुसार मंगलवार को संविदा कर्मचारी संघ के अधिवक्ताओं ने कोर्ट के समक्ष उनका पक्ष रखते हुए कहा कि पूर्व मे कोर्ट की खंडपीठ ने उपनल कर्मचारियों के नियमितीकरण के संबंध में एक आदेश जारी किया था। लेकिन इस आदेश पर अब तक राज्य सरकार की तरफ से कोई निर्णय नहीं लिया गया। न ही इसे उच्च न्यायालय के रिकॉर्ड में लाया गया है। पूर्व में संघ की ओर से पेश हुए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता ने इस अवमानना याचिका पर (उत्तराखंड उपनल कर्मचारी संघ बनाम आनन्द बर्धन मुख्य सचिव उत्तराखंड) की प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की मांग की गयी थी।

## उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड के मामले में सुनवाई आज

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने चर्चित अंकिता भण्डारी से जुड़े मामले में बीजेपी के पूर्व विधायक सुरेश राठौर के खिलाफ हरिद्वार व देहरादून जिले में कथित वीडियो व ऑडियो वायरल करने पर उनके खिलाफ दर्ज चार मुकदमों में सुनवाई की। मामले की सुनवाई की बाद न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने अगली सुनवाई हेतु बुधवार आज भी जारी रखी है जबकि पूर्व में उनके खिलाफ दर्ज मामलों में कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा रखी है। मामले के अनुसार बीजेपी के पूर्व विधायक व उर्मिला सोनावर पर हरिद्वार के झबरेड़ा बाहदराबाद व देहरादून के नेहरू कालोनी सहित डालंवाला में यह कह कर मुकदमा दर्ज किया गया है कि उनके द्वारा दुष्यन्त गौतम की छवि खराब करने के लिए फेसबुक सहित सोशल मीडिया मे वीडियो व ऑडियो वायरल की जा रही है जिसकी वजह से उनकी छवि धूमिल हो रही है। दर्ज मुकदमे मे कहा गया है कि इनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही कि जाए। याचिका में कहा गया है कि उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई जाए और दर्ज मुकदमों को निरस्त किया जाय। उनके द्वारा कोई सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार उनके खिलाफ नहीं किया जा रहा है।

## स्टोन क्रशर मालिकों अपने सीज वाहनों को छुड़ा सकते हैं: हाईकोर्ट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हो रहे अवैध खनन के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायधीश रविन्द्र मैठाणी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खण्डपीठ ने स्टोन क्रशर मालिकों से कहा है कि वे अपने सीज वाहनों को छुड़ा सकते हैं लेकिन जबत माल को कोर्ट के आद. ेश के बैगर बेंच नहीं सकते। बता दें मंगलवार को हुई सुनवाई पर मातृ सदन की तरफ से कहा गया कि जुलाई 2025 को कोर्ट ने अवैध संच. ालित स्टोन क्रेशरों के संचालन पर रोक लगाई थी। उसके बाद भी इनके द्वारा अवैध रूप से खनन कार्य किया जा रहा है। इसका बिरोध करते हुए स्टोन क्रशर मालिकों की तरफ से कहा गया कि कोर्ट के आदेश के बाद उनके स्टोन क्रशर में लगे वाहन सीज हो चुके है। लिहाजा उनको रिलीज कराए जाने की अनुमति दी जाए। फिलहाल कोर्ट ने दो स्टोन क्रेशरों की मशीनों को रिलीज करने के आदेश दे दिए हैं लेकिन सुनवाई के दौरान मातृ सदन को तरफ से कहा गया कि जो भी वाहन खनन के दौरान कोर्ट के आदेश पर सीज किये गए थे। उनकी नीलामी की जाए। उनसे मिलने वाली रकम को पर्यावरण की देख रेख में खर्चा किया जाए।

## एक नजर

### जीआईसी भूमियाधार व मंगोली में प्रवेशोत्सव

**नैनीताल।** राजकीय इंटर कालेज भूमियाधार में नए सत्र 2026-27 का भव्य शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य त्रिभुवन आर्य और वरिष्ठ शिक्षकों ने द्वार पर ही नए छात्रों का स्वागत तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा के साथ किया। प्रधानाचार्य आर्य ने कहा कि छात्र हमारे विद्यालय परिवार का अभिन्न अंग हैं। हम न केवल उन्हें उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं बल्कि उनके सर्वांगीण विकास के लिए एक सुरक्षित और प्रेरणादायक वातावरण भी सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान प्रकाश चंद्र, दीप चन्द्र हर्बोला, निहारिका आर्या, प्रियंक पांडेय तथा पूजा बिष्ट सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे। दूसरी ओर जीआईसी मंगोली में भी प्रभारी प्रधानाचार्य प्रेम सिंह मेहरा व गुरुजनों व अभिभावकों की मौजूदगी में प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस मौके पर पीटीए की अध्यक्षा मोहनी कोरंगा ने नए सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस दौरान 6 व 9 में कुल 15 नए छात्रों ने प्रवेश लिया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी भूपाल सिंह मेहता समेत गणेश प्रसाद, भूपाल मेहता, रेखा पलडिया, रुपा नवनीत बिष्ट, विनीता लोहनी, सीमा जोशी, मनोज कुमार, संजय कुमार व विजय पाल आदि मौजूद रहे।

### बंटू और संदीप को मिली यूथ कांग्रेस की कमान

**नैनीताल।** उत्तराखंड युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनावों में नैनीताल



नगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित पार्टी के समर्पित व कर्मठ कार्यकर्ता बंटू आर्या एवं ब्लॉक अध्यक्ष ज्योलीकोट खुर्पाताल के पद पर निर्विरोध निर्वाचित संदीप सिंह जलाल को नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर अनुपम कबड्वाल ने बधाई देते हुए कहा कि दोनों युवा साथियों की अटूट मेहनत और समर्पण नैनीताल विधानसभा में परिवर्तन का परिचायक बनेगा। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ व कनिष्ठ सभी कार्यकर्ताओं ने दोनों निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी है।

### आहार क्रांति मिशन कार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर गृह विज्ञान विभाग कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में आहार क्रांति मिशन के अंतर्गत उत्तम आहार, उत्तम विचार-मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रो. अंजू बिष्ट (विभागाध्यक्ष गृह विज्ञान एमबीपीजी कालेज हल्द्वानी) रहीं जिन्होंने स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य के लिए केवल पोषण ही नहीं बल्कि संतुलित जीवनशैली भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर प्रो. लता पांडे ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के संदर्भ में आहार क्रांति मिशन के उद्देश्यों पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन एवं समापन प्रो. छवि आर्या ने किया।

### चौथी पुण्यतिथि: विश्वंभर नाथ साह को किया याद

**नैनीताल।** बहु आयामी व्यक्तित्व के धनी, प्रसिद्ध रंगकर्मी, मूर्तिकार, चित्र.



कार, शास्त्रीय संगीत और लोक संस्कृति के विविध आयामों के ज्ञाता रहे विश्वंभर नाथ साह सखा दाज्यू को उनकी चौथी पुण्यतिथि पर पारंपरिक लोक संस्था परंपरा नैनीताल द्वारा श्रद्धांजलि दी गयी। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वरिष्ठ संस्कृति कर्मी तथा पारंपरिक लोक संस्था परंपरा नैनीताल के निदेशक बृजमोहन जोशी ने सखा दाज्यू के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि देखते देखते चार वर्ष का समय बीत गया और आज हम सभी बड़े भारी मन से सखा दाज्यू को उनकी चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस अवसर पर पारंपरिक लोक संस्था परंपरा नैनीताल की संरक्षक कमला जोशी, सचिव मनोज जोशी, अध्यक्ष अनुभा जोशी समेत प्रशान्त कपिल, मीनू कपिल, निशांत कपिल, साबी कपिल, गीता कपिल तथा श्रीपर्णा जोशी आदि उपस्थित थे।

### फुटपाथ घेरने वालों पर होगी कार्यवाही: एसडीएम

**नैनीताल।** नैनीताल नगर के फुटपाथों पर कारोबारियों का कब्जा लगातार बढ़ते ही जा रहा है। प्रमुख बाजारों में दुकानदार दुकान के बाहर तक सामान सजाकर अतिक्रमण कर रहे हैं जिससे राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मामले में एसडीएम नवा. जिश खलिक ने कहा कि नगर पालिका को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए जाएंगे। कहा कि जल्द ही अभियान चलाकर फुटपाथों को खाली कराया जाएगा ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

### बच्चे वायरल की चपेट में, सावधानी रखें

**नैनीताल।** नैनीताल में बीते एक पखवाड़े से मौसम के लगातार बदलते मिजाज का असर अब बच्चों की सेहत पर सा़फ दिखाई देने लगा है। कभी ठंड तो कभी गर्मी के चलते छोटे बच्चे तेजी से वायरल संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। बता दें बीडी पांडे जिला अस्पताल में इन दिनों रोजाना करीब 35 से 40 बच्चों को परिजन इलाज के लिए लेकर पहुंच रहे हैं। मंगलवार को भी अस्पताल में बीमार बच्चों के साथ परिजनों की भीड़ लगी रही। अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डा. रविंद्र मेर ने बताया कि मौसम में अचानक हो रहे बदलाव के कारण बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो रही है इससे सर्दी, खांसी, बुखार तथा गले में संक्रमण और उल्टी दस्त जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि छोटे बच्चों को इस समय विशेष सावधानी की जरूरत है। अभिभावकों को चाहिए कि बच्चों को बदलते मौसम के अनुसार कपड़े पहनाएं, ठंडे खाद्य पदार्थों से परहेज कराएं।

# स्वास्थ्य और सड़क सुरक्षा पर बड़ा मंथन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर देहरादून के संजय ऑर्थोपीडिक, स्पाइन और मैटरनिटी सेंटर में स्वास्थ्य, सड़क सुरक्षा और जन जागरूकता को लेकर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुबोध उनियाल स्वास्थ्य मंत्री उत्तराखंड के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेश बंसल सांसद, पद्मश्री कन्हैया लाल पोखरियाल, साहित्यकार डा. एसएन सिंह ऑर्थोपीडिक सर्जन, पद्मश्री डा. बीकेएस संजय प्रसिद्ध ऑर्थोपीडिक सर्जन और डा. गौरव संजय ऑर्थोपीडिक सर्जन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अध्यक्ष एम्स गुवाहाटी के पद्मश्री डा. बीकेएस संजय ने बताया कि भारत में प्रतिवर्ष लगभग 5 लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं जिनमें डेढ़



लाख से अधिक लोगों की मृत्यु होती है। उन्होंने सुझाव दिया कि सड़क सुरक्षा को राष्ट्रीय आंदोलन बनाया जाए इसे शैक्षणिक पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए और एमस संस्थानों को रोड सेफ्टी नॉलेज सेंटर के रूप में विकसित किया जाए। मुख्य अतिथि सुबोध उनियाल ने उत्तराखंड सरकार की दो नई नीतियों की घोषणा की। विशेषज्ञ डाक्टर पहाड़ी क्षेत्रों में छह महीने के रोटेशन पर सेवाएं देंगे और उनके परिवार के लिए देहराद. ून और हल्द्वानी में आवासीय सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। विशिष्ट अतिथि नरेश बंसल ने कहा कि नियमों का पालन न होने के कारण दुर्घटनाएं जारी हैं और कहाए केवल स्वस्थ पीढ़ी ही विक. सित भारत का सपना साकार कर सकती है। पद्मश्री कन्हैया लाल पोखरियाल ने नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने का आग्रह किया। डा. एसएन सिंह ने शारीरिक, मानसिक और सामाजिक संतुलन की आवश्यकता पर जोर दिया और युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृति पर चिंता व्यक्त की। डा. गौरव संजय ने वन हेल्थ अवधारणा समझाते हुए मानवए पशु और पर्यावरण के स्वास्थ्य के आपसी संबंध और स्वच्छ वायुए सुरक्षित जलए पौष्टिक भोजन और संतुलित आहार के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष पद्मश्री कल्याण सिंहरावत ने कहा कि सड़क सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का संचालन और समन्वय योगेश अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और सुरक्षित तथा स्वस्थ और जागरूक समाज बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

## दो पर्यटक वाहनों की आमने-सामने टक्कर

**नैनीताल।** नैनीताल कालाढूंगी मोटर मार्ग पर खुर्पाताल के समीप सोमवार को दो पर्यटक वाहनों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। गनीमत रही कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई हालांकि टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों के एयरबैग खुल गए। जानकारी के अनुसार फरीदाबाद निवासी शिवम चंदेल अपने वाहन से नैनीताल से वापस लौट रहे थे जबकि हरियाणा निवासी परवेज खान अपने टैक्सी वाहन में सवारियों को लेकर नैनीताल की ओर आ रहे थे। दोनों वाहन जैसे ही खुर्पाताल के पास पहुंचे तेज रफ्तार के चलते आमने-सामने भिड़ गए और दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। टक्कर के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर यातायात प्रभावित हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कांस्टेबल प्रदीप कुमार और अशोक ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। एसएसआई दिनेश जोशी ने बताया कि मामले में दोनों वाहन चालकों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए आपसी सहमति से समझौता कर लिया है। जिसके बाद दोनों अपने वाहन लेकर लौट गए।

## तल्लीताल रिक्शा स्टैंड में टैक्सियों से यातायात व्यवस्था प्रभावित

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल स्थित रिक्शा स्टैंड में टैक्सी चालक बेखौफ वाहन खड़े कर सवारियां भर रहे हैं जिससे यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। मामले में एसओ मनोज नयाल ने बताया कि लगातार अभियान चलाकर चालानी कार्रवाई की जा रही है। आगे भी सख्ती के साथ अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# विद्यार्थियों ने उद्यमिता योजना को जाना

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के शहीद श्री खेमच. ंद्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड सरकार द्वारा प्रायोजित भारतीय उद्यमिता संस्थान अहमदाबाद के तत्वावधान में उद्यमिता योजना के अंतर्गत एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार ने दीप जलाकर किया और उद्यमेन हि सिद्धयन्ति कार्याणि न मनोरथै के माध्यम से छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने लघु एवं कुटीर उद्योगों पर भी चर्चा की। इससे संबंधित उन्होंने देवभूमि उद्यमिता योजना द्वारा संचालित विभिन्न चरणों एवं बूट कैंप के बारे में विस्तार से जानकारी दी।




मुख्य वक्ता भूपेंद्र सिंह मेहरा प्रोजेक्ट ऑफिसर एंटरप्रेन्योरशिप एक्सपर्ट भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद और नोडल अधिकारी डा. इप्सिता सिंह ने कार्यशाला में उपस्थित छात्र-छात्राओं को उद्यमिता हेतु प्रोत्साहित किया और देवभूमि उद्यमिता योजना के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में डा. तरुण कुमार आर्य, डा. दीपक, ममता पाण्डे एवं डा. निर्मला, संतोष कुमार भारती मौजूद रहे। कार्यशाला में महाविद्याल में 42 छात्र. छात्राओं द्वारा ऑनलाइन तथा ऑन स्पॉट पंजीकरण कर प्रतिभाग किया गया। संचालन डा. निर्मला ने किया।

## जांच रिपोर्ट आने तक ग्रामीण रहें सावधान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भीमताल विकास खंड के ब्लाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने विकास खंड के तहत सूर्या गांव की हंसी देवी को निवाला बनाने वाले बाघ को वन विभाग की ओर से पकड़े जाने पर खुशी जाहिर की है। दूसरी ओर डा. बिष्ट ने ग्रामीणों से मामले की जांच रिपोर्ट आने तक सावधान करने की गुजारिश की है। डा. बिष्ट ने कहा कि वन विभाग की ओर से ट्रेंकुलाइज किया गया आदखखोर बाघ था या नहीं यह जांच के बाद भी पताा चल पाएगा। उन्होंने कहा कि विकास खंड के लोगों को बिल्कुल सावधान रहने की जरुरत है। डा. बिष्ट ने वन विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों व वन कर्मियों को बाघ को पकड़ने पर उन्हें इस अहम कामयाबी के लिए बधाई दी है।

# दो सगे भाइयों की अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र को किया खारिज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल प्रशान्त जोशी ने फर्जी रजिस्ट्री बैनामा के गवाह दो सगे भाइयों प्रकाश चन्द्र भटट व ललित चन्द्र भटट निवासी कचहरी क्वाटर तल्लीताल नैनीताल का अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार ग्राम बस गाँव, पट्टी देवदारू, ब्लॉक रामगढ़ के भूमि सुरक्षा समिति के सदस्यों द्वारा थाना भवाली में 6 जुलाई 2025 को रिपोर्ट दर्ज करायी कि ग्राम बसगाँव, देवदारू के खाता संखया 28 व 54 में दर्ज खसरा स्थित भूमि जो कि जयकिशन जोशी, मुरलीधर जोशी पुत्रगण हरि दत्त जोशी निवासी ग्राम बसगाँव के नाम माल कागजातों में बतौर भूमिधर दर्ज चली आ रही है की भूमि को हरीश पाण्डे निवासी ग्राम सतपुरी बसगाँव, भगवन्त कुमार निवासी ढोकाने वाटरफाल सुयालबाड़ी व मोहन सिंह द्वारा षडयन्त्र के तहत 16 अगस्त 2024 को शंकर सिंह पुत्र बच्ची सिंह व खीम सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह निवासी देघाट अल्मोड़ा को भूमि का मालिक बनाया और 13 नाली 7 मुठ्ठी की रजिस्ट्री मोहन सिंह के नाम पर कर दी।

शेष भूमि की पावर ऑफ अटॉर्नी हरीश चन्द्र पांडे के नाम की गयी थी। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) नैनीताल सुशील कुमार शर्मा द्वारा अभियुक्तगण प्रकाश चन्द्र भट्ट व ललित चन्द्र भट्ट के अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र का विरोध करते हुए कहा कि आरोपी भाई फर्जी दस्तावेज बनाकर खरीद फरोख्त करने वालों को नहीं जानते थे और ये लोग उस गांव के निवासी भी नहीं हैं। इसके बावजूद प्रकाश व ललित ने लालच में गवाही दी। इस मामले में धोखाधड़ी के दो आरोपियों की जमानत पहले खारिज हो चुकी है।यह भी तर्क रखा कि वास्तविक भूमिधर जयकिशन व मुरलीधर अगर जीवित होंगे भी तो उनकी उम्र वर्तमान समय में 115-120 वर्ष तक होगी। इस आधार पर कोर्ट ने दोनों भाइयों की जमानत खारिज के दी है।

## जिला अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम

**नैनीताल।** बीडी पांडे जिला अस्पताल नैनीताल में मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मरीजों और उनके तीमारदारों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी गई। इस दौरान अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सकों ने मरीजों को नियमित जांच, संतुलित आहार और सा़. फ़ाई के महत्व के बारे में जानकारी दी साथ ही बदलती जीवनशैली के कारण बढ़ रही बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए गए। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डा..महिमन सिंह दुग्ताल ने लोगों को बताया कि स्वस्थ रहने के लिए नियमित दिनचर्या, पौष्टिक आहार और पर्याप्त नींद बेहद जरूरी है।

## नैनीताल: किताबों की दुकानों में छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के कई स्कूलों में निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें अनिवार्य किए जाने के मामले में प्रशासन हरकत में आ गया है। भीमताल तल्लीताल निवासी प्रकाश चन्द्र चन्दोला की शिकायत पर जिलाधिकारी के निर्देश पर देर शाम नैनीताल क्षेत्र में एसडीएम ने किताबों की दुकानों में छापेमारी की। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि विद्यालय में एनसीईआरटी के अलावा निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें खरीदने के लिए छात्रों पर दबाव बनाया जा रहा है जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है जिस पर डीएम ने किताबों की दुकानों में छापेमारी के निर्देश दिए।डीएम के निर्देश के बाद एसडीएम ने मंगलवार देर शाम क्षेत्र की कई किताबों की दुकानों में जांच की। इस दौरान किताबों की कीमत, प्रकाशक और सूची का मिलान किया गया साथ ही दुकानों में किताब खरीदने पहुंचे छात्रों से भी पूछताछ की गई। प्रशासन यह भी जांच कर रहा है कि कहीं स्कूल स्तर पर किसी विशेष दुकान से किताबें खरीदने के लिए दबाव तो नहीं बनाया जा रहा हालांकि छात्रों व परिजनों ने ऐसी कोई बात नहीं होने की बात कही।एसडीएम नवाजिश खलीक ने बताया कि जांच के दौरान संबंधित दुकानदारों से आवश्यक दस्तावेज व किताबें मांगी गई हैं और पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी यदि अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## कार्मिकों को दिया गया जनगणना का प्रशिक्षण

**नैनीताल।** नैनीताल कलब सभागार में मंगलवार को दूसरे दिन भी कार्मिकों को जनगणना प्रशिक्षण दिया गया। बता दें फील्ड ट्रेनर हेम चंद्र और कमल किशोर आर्या की ओर से सभी कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में कुमाऊं यूनिवर्सिटी, डीएसबी परिसर, फारेस्ट विभाग, जीआईसी तथा जीजीआईसी व नगरपालिका क्षेत्र के सरकारी विभागों के कार्मिक शामिल हैं।

# नैनीताल में डा.पुशिकन फत्र्याल स्मृति व्याख्यानमाला का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** चिया संस्था द्वारा मंगलवार को तृतीय डा. पुश्किन फर्त्याल स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता कुन्दन कुमार (आईएफएस, निदेशक नन्धौर वन्यजीव अभ्यारण) द्वारा बैलेन्सिंग कन्जरवेशन एण्ड कान्फिल्ट: द इन्वोल्विंग रोल आफ रेस्ट एडमिनिस्ट्रेशिन इन उत्तराखण्ड विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, उनके द्वारा पर्यावरण संरक्षण मानव वन जीव संघर्ष इत्यादि विषय पर अपने विचार रखे, उनके द्वारा नन्धैर वन जीव अभ्यारण की विशेषताओं वहां चल रहे कार्यो पर भी संपूर्ण जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि किस तरह से वन विभाग नवीन तकनीकों जैसे कि



आर्टिफिसियल इन्टैलीजेन्स का उपयोग करते हुए मानव वन जीव संघर्ष को रोका जा रहा है। उन्होंने अपने वक्तव्य में समुदायों की पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी पर जोर दिया।

इससे पहले चिया के अवैतनिक सचिव प्रो. आशीष तिवारी द्वारा चिया के कार्यो एवं उद्देश्यों तथा स्वर्गीय डा. पुश्किन फर्त्याल के जीवन के विभिन्न पहलुओं, अध्ययन तथा संघर्षों एवं चिया सहित हिमालयी क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला, साथ ही बताया कि स्वर्गीय डा. पुश्किन ने वर्षो से अधिक समय तक हिमालय के सतत विकास को बढ़ावा देने के चिया के प्रयासों का नेतृत्व किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिया के अवैतनिक अध्यक्ष डा. ध्यानी द्वारा की गयी। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तृतीय स्मृति व्याख्यान के विषय में जानकारी दी एवं बताया कि स्मृति व्याख्यान का विषय हमको वन विभाग की कार्यप्रणाली वन एवं समुदायों के मध्य संतुलन बनाए रखने में वन विभाग की भूमिका इत्यादि विषय से परिचित कराता है। चिया के अधिशासी निदेशक कुन्दन बिष्ट द्वारा कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रेषित किया गया जबकि प्रो. ललित तिवारी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। व्याखयान में चिया की उपसचिव डा. श्रुति साह समेत डा. विनीता फर्तयाल, डा. महिका फर्तयाल, डा. जीसीएस नेगी, दीपा उपाध्याय, विनीता वर्मा, नीमा रौतेला, राम सिंह बिष्ट एवं अनिल सिंह आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# सुदूर गांवों का दौरा कर भाजपा नेता हेम ने सुनी समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता हेम चंद्र आर्य ने नैनीताल विधानसभा क्षेत्र के सुदूर गांवों मल्ला व तल्ला सेठी, खोला बबास, ओखलढुगा, डोन परेवा, काडा, डोमास व फफडिया आदि का दौरा किया। इस दौरान आर्य ने लोगों से उनकी समस्याओं के बारे जानकारी ली और उनका समाधान करने का आश्वासन दिया। विभिन्न गांवों में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने आर्य को सड़क डामरीकरण, स्कूली बस की व्यवस्था, आंधी तूफान से घरों की छतें उड़ने समेत कई अन्य समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर गोधन सिंह, नंदन सिंह, बालम सिंह, ग्राम प्रधान भुवन आर्य, आनंद सिंह नेगी, आनंद सिंह रावत, शंकर गिरी गोस्वामी, नंदा बल्लभ वधानी, पूरन सिंह चौरसिया समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# गुजरात को पहली जीत की तलाश

## दो जीत के बाद दिल्ली की नजरे जीत की हैट्रिक पर, दोनो के बीच कोटला में भिड़ंत आज




**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 के बुधवार के मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सामना गुजरात टाइटंस (जीटी) से दिल्ली में होगा। जहां डीसी को अपने शुरुआती दो मैचों में जीत मिली है, वहीं जीटी को अभी भी अपनी पहली जीत का इंतजार है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए सात मैचों में जीटी 4-3 से आगे है।

पिछले आईपीएल के दो मैचों में जीटी को दोनों में जीत मिली है, वहीं दिल्ली में भी दोनों टीमों के बीच खेले गए तीन मैचों में जीटी 2-1 से आगे है। राहुल को रहना होगा रबाडा और प्रसिद्ध से सावधान केएल राहुल के लिए आईपीएल 2026 की शुरुआत कुछ खास नहीं रही है और दो मैचों में उनका स्कोर 0 और 1 का है। राहुल का यह खराब फॉर्म जीटी के खिलाफ मैच में भी जारी रह सकता है क्योंकि जीटी के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और कगिसो रबाडा उन्हें परेशान करते हैं। प्रसिद्ध अपने राज्य के साथी को सात पारियों में तीन जबकि रबाडा भी उन्हें 12 पारियों में तीन बार आउट कर चुके हैं। राशिद खान ने भी राहुल को तीन बार आउट किया है, जिसका मतलब है कि अगर राहुल टिक भी जाते हैं तो भी पावरप्ले के बाद उन्हें परेशान करने वाला कोई है। एनगिडी कर सकते हैं जीटी के शीर्ष क्रम को परेशान भारत में हुए टी-20 विश्व कप से ही लुंगी एनगिडी शानदार फॉर्म में हैं और अपनी स्लोअर गेंदों से बल्लेबाजों को परेशान करने की कला को उन्होंने आईपीएल 2026 में भी जारी रखा है। एनगिडी जीटी के खिलाफ भी अपनी स्लोअर गेंदों का जादू दिखा सकते हैं। जीटी के कप्तान और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को उन्होंने चार पारियों में दो बार आउट किया है, जबकि गिल उन पर सिर्फ 88 के स्ट्राइक रेट से सात रन ही बना पाए हैं। बटलर को भी एनगिडी ने तीन बार आउट किया है,

हालांकि बटलर उन पर 161 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। बटलर को अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की अनुभवी स्पिन जोड़ी भी परेशान करती है और दोनों उन्हें दो-दो बार आउट कर चुके हैं। बटलर दोनों स्पिनरों पर सिर्फ 132 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। मिलर का तोड़ राशिद के पास है डेविड मिलर को डीसी ने इस बार फिनिशर के तौर पर अपनी टीम में शामिल किया है,

लेकिन राशिद उनको अंतिम ओवरों में परेशान करने की कुव्वत रखते हैं। जीटी के अपने पूर्व साथी को राशिद ने चार बार आईपीएल में आउट किया है, जबकि मिलर, राशिद पर सिर्फ 119 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। सिराज और रबाडा ने भी मिलर को दो-दो बार आउट किया है और इन दोनों के खिलाफ भी मिलर का स्ट्राइक रेट सिर्फ 100 और 119 का है।

# आईपीएल टिकटों की कालाबाजारी का भंडाफोड़, 11 लोग गिरफ्तार




**बेंगलुरु, वार्ता।** आईपीएल टिकटों की कालाबाजारी के मामले पर, पुलिस कमिश्नर सीमांत कुमार सिंह ने बताया कि ऐसी खबरें मिली थीं कि चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग मैचों के दौरान कुछ लोग ऑनलाइन ब्लैक मार्केट में मैच के टिकट बेच रहे हैं। उनके अनुसार, इन जानकारियों पर कार्रवाई करते हुए, सेंट्रल क्राइम ब्रांच (सीसीबी) ने एक गुप्त ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन के दौरान, अधिकारियों ने टिकटों की अवैध बिक्री में शामिल 11 लोगों को गिरफ्तार किया और 28 टिकट बरामद किए, जिन्हें ब्लैक मार्केट में बहुत ज्यादा कीमतों पर बेचा जा रहा था।

इस सीजन की शुरुआत में भी, सीसीबी के जासूसों ने इसी तरह के अभियान चलाए थे और ज्यादा मांग वाले मैचों से पहले एम- चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर टिकटों की कालाबाजारी में शामिल कई लोगों को गिरफ्तार किया था। ऐसे मामलों में, लगभग 1,000 से 1,500 रुपये की मूल कीमत वाले टिकटों को कथित तौर पर मूल कीमत से कई गुना ज्यादा कीमत पर बेचा जा रहा थाद्ध कुछ मामलों में तो मांग के आधार पर कीमतें 5,000 से 7,000 रुपये तक पहुंच गई थीं। पुलिस ने बताया कि कुछ आरोपी छोटे-छोटे ग्रुप बनाकर काम कर रहे थे और सीधे पकड़े जाने से बचने के लिए बिचौलियों का इस्तेमाल कर रहे थे,

जबकि कुछ मामलों में, टिकट कथित तौर पर अंदरूनी सूत्रों या थोक आवंटन के जरिए हासिल किए गए थे और फिर उन्हें ब्लैक मार्केट में भेज दिया गया था। अधिकारियों ने आगे बताया कि लोकप्रिय टीमों वाले बड़े मैचों के दौरान कालाबाजारी बढ़ जाती है, जिससे असली प्रशंसकों के लिए टिकटों की कमी हो जाती है और ऑफलाइन नेटवर्क के साथ-साथ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए भी बढ़ी हुई कीमतों पर टिकटों की दोबारा बिक्री को बढ़ावा मिलता है।

## खेल विशेष

### फॉरवर्ड गिलबर्टसन संगमा के निधन पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने भारत के पूर्व फॉरवर्ड गिलबर्टसन संगमा के निधन पर शोक व्यक्त किया, जिनका 3 अप्रैल को गुवाहाटी में निधन हो गया। वह 70 वर्ष के थे। असम के एक जाने-माने फॉरवर्ड, गिलबर्टसन संगमा ने 1975 में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने 17 अप्रैल, 1975 को जकार्ता में आयोजित 'मारा हलीम कप' में इंडोनेशिया के खिलाफ अपने सीनियर राष्ट्रीय टीम करियर की शुरुआत की थी। संगमा ने भारत के लिए कुल तीन मैच खेले, और ए सभी मैच इसी टूर्नामेंट के दौरान खेले गए थे।

### भारत की अंडर17 महिला टीम रूस के खिलाफ तीन मैत्री मैच खेलेगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अंडर17 महिला टीम सोची में 11, 14 और 17 अप्रैल को रूस के खिलाफ तीन मैत्री मैच खेलेगी। मुख्य कोच पामेला कोंटी ने इस दौरे के लिए 23 सदस्यों की टीम की घोषणा की है। 'यंग टाइग्रेस', जो एएफसी अंडर 17 महिला एशिया कप चीन 2026 की तैयारी कर रही हैं, सोमवार देर रात सोची पहुंचीं। पिछले महीने, वे मेजबान टीम के खिलाफ दो फेंडली मैच खेलने के लिए यंगून गई थीं।

### अमीनुल इस्लाम की अगुवाई वाला बोर्ड भंग

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश की नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल (एनएससी) ने मंगलवार को घोषणा की कि उसने बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड को चलाने के लिए 11 सदस्यों वाली एक एड-हॉक कमेटी बनाने का फैसला किया है। यह फैसला अमीनुल इस्लाम बुल. बुल की अगुवाई वाले बोर्ड को भंग करने के बाद लिया गया, 11 सदस्यों वाली एड-हॉक कमेटी: अध्यक्ष: तमीम इकबाल सदस्य: रशना इमाम, मिर्जा यासिर अब्बार, सैयद इब्राहिम अहमद, इसराफिल खोसरू, मिन्हाजुल अबेदिन नन्नू, अथर अली खान, तंजुम चौधरी, सलमान इस्फहानी, रफीकुल इस्लाम बाबू, फहीम सिन्हा, अथर अली खान क्रिकबज ने पहले ही रिपोर्ट किया था कि मौजूदा बोर्ड के इस हफ्ते के भीतर भंग होने की संभावना है, और एनएससी एक एड-हॉक कमेटी बनाने की तैयारी में है।

### खालसा, रामजस और किरोड़ीमल कॉलेज जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, किरोड़ी मल कॉलेज, स्टनर अकादमी और रामजस कॉलेज ने 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल (पुरुष एवं महिला) टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मुकाबले जीत लिए। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के प्राचार्य प्रो- गुरमोहिंदर सिंह और एसजीटीबी खालसा कॉलेज की शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान निदेशक डा. इंदरप्रीत कौर ने किया। पुरुष वर्ग में एसजीटीबी खालसा ने एमिटी यूनिवर्सिटी को 77-42 से हराया।

# सात्विक-चिराग हटे, सिंधु लक्ष्य संभालेंगे भारतीय चुनौती

**नई दिल्ली, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन, बैडमिटन एशिया चैंपियनशिप 2026 में भारत की पदक की उम्मीदों की अगुवाई करेंगे। यह चैंपियनशिप मंगलवार से चीन के निंगबो में शुरू होने वाली है।

2026 की बैडमिटन एशिया चैंपियनशिप लगातार तीसरी बार है जब यह महाद्वीपीय प्रतियोगिता निंगबो में आयोजित की जा रही है। भारतीय बैडमिटन खिलाड़ियों ने अब तक दो बार एशियाई चैंपियन का खिताब जीता है। दिनेश खन्ना 1965 में पुरुषों के एकल (सिगल्स) चैंपियन बने थे, जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने 2023 में पुरुषों के युगल (डबल्स) का खिताब जीता था। देश के शटलरों ने इस प्रतियोगिता में कई कांस्य पदक भी जीते हैं। सात्विक-चिराग को इस बार के टूर्नामेंट में खेलना था, लेकिन सात्विक के कंधे में चोट लगने के कारण उन्होंने आखिरी समय पर टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। हरिहरन अमसकारुणन-एमआर अर्जुन और पृथ्वी केआर-साई प्रतीक के, निंगबो में पुरुषों के युगल वर्ग में भारत की ओर से दो. हरी चुनौती पेश करेंगे। पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु, जो महिलाओं की एकल बैडमिटन रैंकिंग में 13वें स्थान पर हैं, महिलाओं के एकल वर्ग में भारत की शीर्ष खिलाड़ी होंगी। सिंधु, जो 2014 और 2022 की एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक विज. ेता रही हैं, जनवरी में इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर-फाइनल तक पहुंचने के बाद पहली बार किसी प्रतिस्पर्धी मुकाबले में वापसी कर रही हैं। चोट से उबरने के बाद, 30 वर्षीय सिंधु पिछले महीने ऑल इंग्लैंड ओपन में वापसी करने वाली थीं, लेकिन उन्हें अपनी योजना टालनी पड़ी। मालविका बंसोड़, उन्नति हुड्डा और उभरती हुई खिलाड़ी तन्वी शर्मा महिलाओं के वर्ग में सिंधु का साथ देंगी।

# ऑस्ट्रेलियाई लेग-स्पिनर अलाना किंग फिर से वनडे रैंकिंग में टॉप पर




**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के कैरेबियन दौरे के दौरान शानदार प्रदर्शन की बदौलत अलाना किंग आईसीसी महिला वनडे बॉलिंग रैंकिंग में फिर से टॉप पर पहुंच गई हैं। किंग ने सेंट किट्स में अपने आखिरी मैच में पांच विकेट लिए, जिससे मंगलवार को जारी ताजा रैंकिंग में वह इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन से आगे निकल गईं।

इस लेग-स्पिनर (753) ने मार्च में रैंकिंग में टॉप पर एक्लेस्टोन के लगभग चार साल के दबदबे को खत्म कर दिया था, हालांकि पिछले हफ्ते की रैंकिंग में वह इंग्लैंड की इस लेफ्ट-आर्म ऑर्थोडॉक्स स्पिनर से पीछे रह गई थीं। 30 साल की इस खिलाड़ी ने बासेटेरे के वार्नर पार्क में 5/19 (10) के शानदार आंकड़े के साथ मैच खत्म किया। उन्होंने 44 डॉट गेंदें फेंकीं, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने नौ विकेट से जीत हासिल की और 3-0 से सीरीज अपने नाम कर ली। आईसीसी के अनुसार, उनके इस प्रदर्शन की बदौलत वह ऑलराउंडर रैंकिंग (281) में एक स्थान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गईं और इंग्लैंड की नैट साइवर-ब्रंट (280) को पीछे छोड़ दिया। वहीं दूसरी ओर, न्यूजीलैंड की बल्लेबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में उनके बल्ले से खूब रन निकले। मैडी ग्रीन अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग 642 पर पहुंच गईं और चार स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर आ गईं। एमी केर, जिन्होंने बेसिन रिजर्व में 139 गेंदों पर 179 रन बनाकर इतिहास का सबसे बड़ा महिला व्र्फ चेज पूरा किया और दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा, वह छह स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 14वें स्थान पर पहुंच गईं। एमी अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में चौथे स्थान पर मौजूद मारिजैन कैप से भी आगे निकल गईं।

# महिला हॉकी टीम चार मैचों की सीरीज के लिए अर्जेंटीना दौरे पर जाएगी




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम अप्रैल में अर्जेंटीना के दौरे पर जाने के लिए तैयार है। इस दौरे पर चार मैचों की एक सीरीज खेली जाएगी, जो 13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स के सेनार्ड में आयोजित होगी।

यह सीरीज एक बेहद कड़ा मुकाबला होने का वादा करती है, जिसमें भारत विदेशी जमीन पर दक्षिण अमेरिका के मजबूत प्रतिद्वंद्वियों का सामना करेगा। हाल के वर्षों में भारत और अर्जेंटीना के बीच कड़े मुकाबले देखने को मिले हैं, जिसमें पिछले जून में एफआईएच प्रो लीग 2024-25 में शूटआउट के जरिए 2-2 से ड्रॉ रहा एक रोमांचक मैच भी शामिल है। यह आगामी दौरा उच्च गुणवत्ता वाले अंतर्राष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ मैच अभ्यास का एक मूल्यवान अवसर प्रदान करेगा। यह हॉकी इंडिया के रणनीतिक कैलेंडर के साथ पूरी तरह से मेल खाता है, जिसका उद्देश्य एफआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड्स 2026 और इस साल के अंत में होने वाले एशियाई खेलों से पहले टीम की लय को बनाए रखना है। यह सीरीज भारत के लिए एक महत्वपूर्ण तैयारी के तौर पर काम करेगी, जिसमें चार तेज-तर्रार मैच खेलने को मिलेंगे। साथ ही, यह टीम को अलग-अलग कॉम्बिनेशन और रणनीतियों को आजमाने का मौका भी देगी, क्योंकि टीम अपने कैलेंडर के एक अहम दौर में प्रवेश कर रही है। इस दौरे के बारे में बात करते हुए, भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शुअर्ड मरिने ने कहा कि हम 24 खिलाड़ियों की टीम के साथ अर्जेंटीना जा रहे हैं, और यह एक बहुत ही सोच-समझकर लिया गया फैसला है।

इस दौरे का मकसद ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन करने का मौका देना है। अर्जेंटीना दुनिया की बेहत. रीन टीमों में से एक है, और वहां का माहौल हमें यह समझने में काफी मदद करेगा कि हर खिलाड़ी किस स्थिति में है। हम यह देखना चाहते हैं कि जब सबसे ज्यादा जरूरत हो, तो कौन खिलाड़ी आगे बढ़कर जम्मिेदारी लेता है। उन्होंने आगे कहा, ष्इस टीम में जगह बनाने के लिए, आपको सबसे पहले यह साबित करना होगा कि आप एक 'टीम प्लेयर' हैं। व्यक्तिगत कौशल महत्वपूर्ण है।

# मीनाक्षी और जैस्मीन का जलवा छह महिला मुक्केबाज फाइनल में



**उलानबटार, वार्ता।** एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 में भारत का शानदार अभियान जारी रहा, जिसमें कुल आठ मुक्केबाज-छह महिलाएं और दो पुरुष-फाइनल में पहुंच गए। मंगलवार को महिलाओं के सेमीफाइनल में मीनाक्षी और जैस्मीन ने शानदार प्रदर्शन किया, जबकि पुरुषों की श्रेणी में विश्वनाथ सुरेश और सचिन ने अपने दमदार प्रदर्शन से इस संख्या को और बढ़ाया।

महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में, मीनाक्षी ने थाईलैंड की थिप्सत्चा योदवारी पर 4:1 से आत्मविश्वास भरी जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली।

फाइनल में उनका साथ देते हुए, जैस्मीन ने महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में उज्बेकिस्तान की निगीना उक्तामोवा को एक कड़े मुकाबले में 3:2 के फैसले से हराया। पुरुषों के वर्ग में, विश्वनाथ सुरेश (50 किलोग्राम) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जॉर्डन के हुथैफा एशिश को 5:0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सचिन (60 किलोग्राम) ने भी अपने सेमीफाइनल मुकाबले में थाईलैंड के सकदा रुआमथम पर 4:1 से ठोस जीत दर्ज कर सभी को प्रभावित किया। अन्य परिणामों में, आकाश उज्बेकिस्तान के जावोखिर अब्दुर खिमोव से 1:4 से हार गए। लोकेश उज्बेकिस्तान के जसरबेक युल्डोशेव के खिलाफ 0:5 से हार गए। नरेंद्र को चीन के बायिकेवुजी दानाबिएके के हाथों 1:4 से हार का सामना करना पड़ाद्ध यह मुकाबला पहले ही राउंड में चोट (कट) लगने के कारण रोक दिया गया था।

# पलक और मुकेश ने विश्व चैंपियनों को चौंकाया, भारत को दिलाया पहला स्वर्ण

**ग्रेनाडा (स्पेन)।** भारत ने स्पेन के ग्रेनाडा में चल रहे इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन द्धआईएसएसएफऋ वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल अभियान की धमाकेदार शुरुआत की।

पलक और मुकेश नेलावल्लि की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम फाइनल में विश्व चैंपियन चीन के हू काई और कियानशुन को हराकर स्वर्ण पदक जीता। यह मुकाबला मंगलवार को लास गाबियास शूटिंग रेंज में खेला गया। 20 वर्षीय भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 487-7 का विश्व रिकॉर्ड स्कोर किया, जबकि 21 वर्षीय चीनी जोड़ी 484-8 तक ही पहुंच सकी। हंगरी की वेरोनिका मेजर और आकोस कारोली नागी की जोड़ी ने 414-9 के साथ कांस्य पदक जीता। इस जीत को और खास बनाता है कि मुकेश का यह सीनियर टीम में पदार्पण था। इस जोड़ी ने अपने प्रदर्शन से जूनियर विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। एशियन गेम्स की पूर्व चैंपियन पालक ने मुकाबले के बाद कहा कि हम वही कर पाए जो करने आए थे। यह टीम के रूप में हमारी पहली प्रतियोगिता थी। हमारे पास फाइनल के लिए स्पष्ट रणनीति थी और हम शॉट दर शॉट अपने खेल पर ध्यान दे रहे थे।ष्मुकेश ने मुस्कुराते हुए कहा, ष्हमने मजा किया। मैं तो असल में पलक से ही मुकाबला कर रहा था। मुझे लगा कि मुझे उससे बेहतर करना है। इससे पहले भारतीय जोड़ी ने कठिन क्वालिफिकेशन राउंड में 581 का संयुक्त स्कोर बनाकर 42 टीमों के बीच दूसरा स्थान हासिल किया।

# अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह भारत का अगला सर्फिंग हब बनने की ओर



**लिटिल अंडमान, वार्ता।** अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह तेजी से भारत के अगले प्रमुख सर्फिंग गंतव्य के रूप में उभर रहे हैं। अंडमान पर्यटन ने इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए क्षेत्र में पहली बार राष्ट्रीय सर्फिंग और स्टैंड-अप पैडलिग चैंपियनशिप, लिटिल अंडमान प्रो 2026 की मेजबानी करने जा रहा है। सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) द्वारा आयोजित और अंडमान पर्यटन के पूर्ण सहयोग से होने वाली यह चैंपियनशिप 9 से 12 अप्रैल तक बटलर बे में आयोजित होगी,

जो भारत के सर्फिंग मानचित्र को पारंपरिक तटीय क्षेत्रों से आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अपनी स्वच्छ तटरेखा, प्रवाल भित्तियों (कोरल रीफ) और लगातार आने वाली लहरों (स्वेल पैटर्न) के लिए प्रसिद्ध, लिटिल अंडमान उच्च-स्तरीय सर्फिंग के लिए आदर्श परिस्थितियां प्रदान करता है। विशेष रूप से बटलर बे का रीफ ब्रेक देश के सबसे संभावनाशील सर्फिंग स्थलों में से एक के रूप में उभर रहा है, जो शीर्ष स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने और देश-विदेश के सर्फर्स को आकर्षित करने में सक्षम है। इस पहल से न केवल भारत में प्रतिस्पर्धी सर्फिंग के स्तर को ऊंचा उठाने की उम्मीद है, बल्कि अंडमान को समुद्री खेलों और एडवेंचर पर्यटन के प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित कर पर्यटन को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा। इस पहल पर बोलते हुए, विनायक चमाडिया, आईएएस, निदेशक (आईपी एंड टी), अंडमान एवं निकोबार प्रशासन ने कहा कि अंडमान द्वीप अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए हमेशा से जाने जाते रहे हैं, और सर्फिंग उसी पहचान का एक स्वाभाविक विस्तार है। लिटिल अंडमान प्रो 2026 की मेजबानी के माध्यम से हम इस क्षेत्र की अपार क्षमता को एक सर्फिंग गंतव्य के रूप में प्रदर्शित करना चाहते हैं, साथ ही टिकाऊ और अनुभव- आधारित पर्यटन को बढ़ावा देना चाहते हैं। हमारा उद्देश्य दीर्घकालिक रूप से अंडमान को वैश्विक सर्फिंग मानचित्र पर स्थापित करना है। यह पहल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए खेलों के उपयोग पर बढ़ते फोकस को भी दर्शाती है, जहां विभिन्न गंतव्य नए दर्शकों को आकर्षित करने और अनूठे यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए विशिष्ट खेल आयोजनों में निवेश कर रहे हैं। वहीं सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अरुण वासु ने नए क्षेत्रों में खेल के विस्तार के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि लिटिल अंडमान में राष्ट्रीय चैंपियनशिप की शुरुआत भारतीय सर्फिंग के लिए एक बड़ा कदम है। बटलर बे जैसे रीफ ब्रेक पर प्रतिस्पर्धा करने से हमारे खिलाड़ियों को अधिक तकनीकी लहरों का अनुभव मिलता है, जो अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए बेहद जरूरी है।

### लंढौरा नगर पंचायत बोर्ड बैठक में 29 करोड़ का बजट हुआ पास

# कस्बे में दस करोड़ के विकास कार्यों को मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** नगर पंचायत बोर्ड बैठक में करीब 29 करोड़ की आय व्यय का बजट पारित किया गया। विधायक उमेश कुमार के प्रस्ताव पर नगर पंचायत को मिली तीन कूड़ा गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर विधायक व नगर पंचायत अध्यक्ष ने कस्बे के लिए रवाना किया गया। विधायक द्वारा चौयरमेन व सभासदों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की शपथ भी दिलाई।

नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में राज्य वित्त से 10 करोड़, पन्द्रवे वित्त से 1.60 करोड़, अवस्थापना विकास निधि से 2 करोड़, अन्य योजनाओं ने 10 करोड़ के कार्य कराने को बोर्ड ने मंजूरी दी है। कुल 29 करोड़ से वर्ष 2026 -27 में कस्बे के विकास होगा।



साथ ही नगर पंचायत को टैक्स व अन्य मदो से 73 लाख रुपये प्राप्त होते है वह भी कस्बे के विकास पर खर्च होंगे। बैठक में पहुंचे विधायक उमेश कुमार ने बताया कि कस्बे के विकास के लिये वह सतत प्रयत्न शील है उन्होंने रजत जयंती पार्क के लिए एक करोड़, कस्बे में स्ट्रीट लाइट के लिए 2.52 करोड़, व 50 लाख रुपये की तीन कूड़ा गाड़िया नगर पंचायत को दिलाई है। विधायक उमेश कुमार ने बताया कि कस्बे में कन्या हाई स्कूल का उच्चीकरण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की नियुक्ति, व पुलिस चौकी का थाने में उच्चीकरण अंतिम चरण में है। जिनकी जल्द ही शासन से स्वीकृति मिल जाएगी, वंही विधायक उमेश कुमार ने सभी 9 सभासदों को अपनी विधायक निधि से वार्डो में पांच पांच लाख के विकास कार्य कराने के लिए कहा है। जिस पर बोर्ड ने उक्त कार्यो के लिए विधायक उमेश कुमार की सराहना करते हुए ध्वनिमत से उनका आभार जताया। बाद में विधायक उमेश कुमार ने चौयरमैन डॉ नसीम व सभी सभासदों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई। बैठक में सभासद राजेश वालिया, समद, अजीत पटेल, मुज्जमिल, फरमान अली के अलावा सभासद प्रतिनिधि अनिल भगत, रब्बान अली, मोहम्मद असलम, यशविंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

# अवैध तमंचे के साथ एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हरिद्वार पुलिस द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन प्रहार" अभियान के अंतर्गत कोतवाली रुड़की पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, हरिद्वार के निर्देश पर संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम 06 अप्रैल 2026 को क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि मलकपुर चुंगी क्षेत्र में एक युवक अवैध तमंचा व कारतूस के साथ मौजूद है और किसी आपराधिक घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को मौके पर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक 315 बोर का अवैध तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहित पुत्र राजपाल, निवासी नेनहेड़ा अनंतपुर, थाना भगवानपुर, जनपद हरिद्वार के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त दलित बस्ती में भरा गंदा पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के महेश्वरी गांव में जल निकासी का रास्ता बंद होने के कारण दलित बस्ती में गंदा पानी भर गया है, जिससे ग्रामीणों का जीना दूभर हो गया है। स्थिति इतनी विकट हो गई है कि छोटे-छोटे बच्चों का स्कूल जाना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण अब गांव में दो समुदायों के बीच तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। चकबंदी विभाग पर गंभीर आरोपग्राम प्रधान दाबकी कला वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि पहले गांव के पानी की निकासी पास के ही एक खेत में होती थी। चकबंदी के समय ग्रामीणों की सुविधा के लिए एक नाला छोड़ने का प्रावधान किया गया था, लेकिन चकबंदी विभाग के अधिकारियों ने कथित रूप से हेरा-फेरी करते हुए आज तक नाले का सही रास्ता नहीं बतायाअधिकारियों की अनदेखी से पनपा आक्रोशग्रामीणों का कहना है कि समस्या के समाधान के लिए 4 अप्रैल को उपजिलाधिकारी लक्सर को प्रार्थना पत्र सौंपा गया था। तहसीलदार और कानूनगो को तत्काल मौके पर जाकर समाधान करने के आदेश दिए थे। हालांकि, ग्रामीणों का आरोप है कि तहसील के कर्मचारी उच्च अधिकारियों के आदेशों को ठेंगा दिखा रहे हैंजब हमने कानूनगो अनिल गुप्ता और मधुकर जैन से संपर्क किया, तो उन्होंने दो टूक कह दिया कि उनके पास अभी समय नहीं है। जब समय होगा तब आएंगे ग्रामीण व प्रधानआंदोलन की चेतावनीडॉ. ईश्वर पाल सहित अन्य ग्रामीणों ने रोष जताते हुए कहा कि चकबंदी विभाग की लापरवाही दो समुदायों दलित और गुर्जरो के बीच झगड़ा कराने का काम कर रही है उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही गंदे पानी की निकासी का रास्ता साफ नहीं किया गया, तो समस्त ग्रामवासी तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी

### हज चेयरमैन खतीब अहमद ने की केंद्रीय मंत्री से मुलाकात

# राज्य के हाजियों को मिले बेहतर सुविधा : खतीब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** उत्तराखण्ड राज्य हज कमेटी चेयरमैन मौ. खतीब अहमद ने केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरण रिजजू से मुलाकात कर मांग की है कि उत्तराखण्ड राज्य से हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को मक्का मदीना में बेहतर सुविधा दी जाये ओर किसी भी परेशानी में यात्रियों की तुरंत मदद की जाये।

राज्य हज समिति के अधिशासी अधिकारी मो. आरिफ ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य हज कमेटी चेयरमैन ने केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री से मुलाकात कर आहवान किया कि राजय से जो हज यात्री जा रहे हैं उनको बेहतर सुविधा दी जाये। मक्कान मदीना में बिल्डिगों में यात्रियो को असुविधा न हो। उनकी सुविधा का ख्याल रखा जाये। जिस पर कंद्रीय मंत्री ने भरोसा दिलाया कि वह उत्तराखण्ड के



**❖मक्का मदीना में हाजियों को सुविधाजनक व साफ सुथरी बिल्डिंग मुहैया कराई जाए: खतीब**

साथ भारत से जाने वाले सभी हज यात्रियों की बेहतर सुविधा का पूरा ख्याल रखेंगे ओर मक्का मदीना में भारत सरकार लगातार कोशिश कर के हज यात्रियों को हर परेशानी से बचाने के लिए पूरी मदद करेगी ओर उनकी सुविधा का ख्याल रखेगी।

### बिजली व राजस्व विभाग से जुड़ी समस्याओं को लेकर

# किसानों की महापंचायत, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखण्ड किसान मोर्चा ने बिजली विभाग और तहसील से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर रुड़की में महापंचायत आयोजित कर जोरदार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलशन रोड़ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान अधीक्षण अभियंता, विद्युत विभाग रुड़की कार्यालय पर एकत्र हुए। किसानों ने परिसर में सभा कर सरकार और बिजली विभाग की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की तथा अपनी मांगों को लेकर रोष जताया।

इस दौरान किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग के माध्यम से एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बिजली बिलों में सिक्योरिटी के नाम पर की जा रही वसूली को तत्काल बंद करने, कृषि ट्यूबवेलों की बिजली दरें उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों की तर्ज पर कम करने, स्मार्ट मीटर योजना को वापस लेने, बिजली बिलों पर लगाए गए सरचार्ज को माफ करने तथा बकाया बिलों के चलते किसानों के बिजली कनेक्शन न काटे जाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। धरना-प्रदर्शन के उपरांत किसानों ने विद्युत विभाग कार्यालय से रुड़की तहसील स्थित ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला। इस दौरान किसानों ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों



को शीघ्र पूरा करने की बात कही। तहसील पहुंचकर प्रतिनिधिमंडल ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को एक और ज्ञापन सौंपते हुए राजस्व विभाग से संबंधित समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रदेश के सभी स्थायी निवास प्रमाण पत्र धारकों को मूल निवास प्रमाण पत्र जारी किया जाए। साथ ही इकबालपुर चीनी मिल का किसानों का बकाया भुगतान तत्काल कराया जाए। किसानों ने यह भी मांग की कि पहाड़ी क्षेत्रों को अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल किए जाने के आधार पर पूरे प्रदेश में व्ठब आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया जाए। इसके अतिरिक्त प्रतियोगी परीक्षाओं में गढ़वाली और कुमाऊंनी भाषा से जुड़े प्रश्नों को समाप्त करने की भी मांग उठाई गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलशन रोड़ ने कहा कि किसान पहले से ही आर्थिक तंगी और बढ़ती लागत से परेशान हैं। ऐसे में बिजली बिलों में अतिरिक्त वसूली, सरचार्ज और कनेक्शन काटने की कार्रवाई किसानों के साथ अन्याय है। कार्यक्रम का संचालन दीपक पुंडीर ने किया।

# लक्सर में युवक ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नशे के बढ़ते जाल ने एक और हंसते-खेलते परिवार का चिराग बुझा दिया है। लक्सर थाना क्षेत्र के सिमली गांव में सोमवार को एक 18 वर्षीय युवक ने घर के अंदर पंखे से लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना के वक्त युवक घर पर अकेला था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्रीमती रीना देवी ने पुलिस को फोन पर सूचना दी कि उनके पुत्र सन्नी 18 वर्ष ने घर के भीतर फांसी लगा ली है सूचना मिलते ही उप-निरीक्षक आशीष भट्ट पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचेपुलिस के पहुंचने पर कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था स्थानीय निवासियों और परिजनों की मदद से जब दरवाजा तोड़ा गया, तो सन्नी का शव पंखे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने तत्काल शव को नीचे उतारकर कब्जे में लिया। परिजनों से हुई पूछताछ में यह दुखद पहलू सामने आया कि मृतक सन्नी नशे का आदी था आशंका जताई जा रही है कि इसी मानसिक तनाव या नशे की स्थिति में उसने आत्मघाती कदम उठाया। घटना के समय वह घर में अकेला था, जिसका फायदा उठाकर उसने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। पुलिस की कार्रवाईपुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैंमृतक की पहचान सन्नी पुत्र फूलचंद फूल सिंह निवासी सिमली वार्ड नं. 2, लक्सर के रूप में हुई।

# प्रवेशोत्सव में नव प्रवेशी बच्चों का हुआ भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवारदाता**

**पीरान कलियर।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेडपुर में मंगलवार को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य मेराज अहमद ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया तथा उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर चार नवप्रवेशी बच्चों का विशेष रूप से सम्मान करते हुए विद्यालय परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डायट प्राचार्य श्री मेराज अहमद ने कहा कि "प्रवेशोत्सव केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि यह बच्चों के जीवन में शिक्षा के प्रथम चरण को उत्सव के रूप में स्थापित करने का प्रयास है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज के सर्वांगीण विकास का आधार है।

# विधायक शहजाद ने दिखाई शोभायात्रा को हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र में भगवान महर्षि कश्यप जयंती का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कश्यप एकता युवा मंच, लक्सर द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक शहजाद सम्मिलित हुए

विधायक शहजाद ने फीता काटकर शोभायात्रा का विधिवत शुभारंभ किया और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सामाजिक एकता का संदेश दियाभव्य शोभायात्रा विधायक ने फीता काटकर शोभायात्रा की शुरुआत की, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुएस्मृति चिन्ह से सम्मान युवा मंच के पदाधिकारियों ने विधायक शहजाद को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित



कियाजनसंवाद कार्यक्रम के दौरान विधायक ने स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों और युवाओं से सीधा संवाद कर उनकी ऊर्जा को सराहाविधायक का संबोधनइस अवसर पर भावुक होते हुए विधायक शहजाद ने कहा भगवान महर्षि कश्यप जी की जयंती पर आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में सम्मिलित होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है युवा मंच द्वारा दिया गया यहसम्मान केवल एक भेंट नहीं, बल्किजनसेवा के प्रति मेरी जिम्मेदारी की प्रेरणा है। लक्सर की जनता का स्नेह और विश्वास ही मेरी असली ताकत है। उन्होंने कश्यप एकता युवा मंच की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं।

### संबंध विच्छेद-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अनीस का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने अनीस को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद अनीस के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **कल्लू पुत्र माजिद नि. दादूपुर गोविन्दपुर थाना रानीपुर हरिद्वार।**

## डीएवी कॉलेज में नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत कन्हैया लाल डीएवी इंटर कॉलेज में उत्साह और उमंग के साथ हुई, जहां प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के माध्यम से नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर खुशी और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रशासन द्वारा नवागंतुक विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर छात्रों एवं उनके अभिभावकों को मिठाई वितरित कर नए सत्र की शुभकामनाएं दी गईं।

### नाम परिवर्तन

सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड नं0 331994479610 में त्रुटिवश मेरा नाम हुकमा (HUKMA) गलत दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम हुकुम सिंह है। जो मेरे स्थायी निवासी प्रमाण पत्र पंजी सं0 (UK26ES0100058989) व परिवार रजिस्टर में भी दर्ज है। भविष्य में मुझे हुकुम सिंह पुत्र स्व. निहाला के नाम से ही जाना पहचाना, व पुकारा जाए। निवासी-बेलडी साल्हापुर पोस्ट डन्ढेडी हरिद्वार उत्तराखण्ड।

### संबंध विच्छेद-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र तसलीम व उसकी पत्नी रूकसार का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने तसलीम व रूकसार को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद दोनों के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **श्रीमती सानो पत्नी स्व. कमाल नि. ग्राम सलेमपुर महदूद कोतवाली रानीपुर जिला हरिद्वार।**

# दुकान से घर लौट रहे बाप-बेटे के साथ मारपीट, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र पिपली निवासी जय सिंह सैनी अपने लड़के नितिन सैनी के साथ अपनी दुकान पर काम करके 5 अप्रैल को करीब 10:00 बजे घर लौट रहे थे। तभी रास्ते मे भारत पैलेस के बराबर में पहले से ही घात लगाए बैठे चार पांच अज्ञात बदमाशों ने दोनों बाप बेटों के ऊपर हमला कर दिया जिससे जय सिंह सैनी गंभीर रूप से घायल हो गये। विनोद कुमार के द्वारा बताया गया कि मेरा भाई जय सिंह अपने लड़के नितिन सैनी के साथ रात में करीब 10:00 बजे अपनी दुकान से घर वापस आ रहा था रात्रि में ही भारत पैलेस के बराबर में 4 से 5 व्यक्ति पहले से ही घात लगाए बैठे थे। उन्होंने मेरे भाई जय सिंह पर लाठी डंडों से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया जिससे मेरे भाई जय सिंह व मेरे भतीजे नितिन सैनी को गंभीर चोट आई। उन्होंने बताया जब हमें सूचना मिली तो हम तुरंत मौके पर पहुंचे और अपने भाई को लेकर पुलिस चौकी लक्सर पर गए। पुलिस के द्वारा हमें सरकारी अस्पताल लक्सर भेज दिया गया। जहां से डॉक्टरो के द्वारा हायर सेंटर रेफर कर दिया गया मेरा भाई गंभीर रूप से घायल है। उन्होंने कहा मैंने एक पत्र अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस में दिया है जिसमें पुलिस जांच कर रही है।

### जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी के समर्थन से

# अभियंताओं की हड़ताल को मिली मजबूती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल सोमवार को पंद्रहवें दिन भी जारी रही। प्रदेशभर में चल रहे इस आंदोलन के बीच जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी की मुख्य रूप से उपस्थिति ने अभियंताओं को नया उत्साह प्रदान किया।

आंदोलन स्थल पर बड़ी संख्या में अभियंता एकत्रित हुए और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। हड़ताल के चलते विभिन्न विभागों में कामकाज प्रभावित रहा तथा कई विकास कार्यों पर असर पड़ा है। महासंघ का कहना है कि जब तक उनकी लंबित मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी ने अभियंताओं की समस्याओं को गंभीर बताते हुए आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को शासन स्तर तक मजबूती से रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि संवाद के माध्यम से समाधान निकालना आवश्यक है और जनहित से जुड़े कार्यों को शीघ्र पटरी पर लाने के प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजीनियर नेहा ठाकुर ने की। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष अधिकार और सम्मान की लड़ाई है तथा सभी अभियंता एकजुट होकर इसे लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ा रहे हैं। मंच संचालन इंजीनियर प्रवेश चौधरी



ने किया। इस दौरान ई० सोनिया धीमन, ई० स्वाति गुप्ता, ई० जिले सिंह, ई० अमित खट्टाना, ई० अक्षय शर्मा, ई० रविंद्र चौधरी और ई० प्रदीप कटारिया सहित अन्य अभियंताओं ने भी अपने विचार रखे और आंदोलन को मजबूती देने की बात कही। महासंघ ने स्पष्ट किया है कि यदि जल्द वार्ता कर समाधान नहीं निकाला गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। फिलहाल प्रदेश में कई स्थानों पर अभियंताओं की हड़ताल से प्रशासनिक कामकाज प्रभावित हो रहा है।

# एसडीएम सौरभ असवाल ने तहसील दिवस में सुनी जनसमस्याएं, 12 का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आज लक्सर तहसील मुख्यालय में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। उप जिलाधिकारी एसडीएम सौरभ असवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के ग्रामीणों और नगरवासियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा।

प्रमुख बिंदुकुल शिकायतें: तहसील दिवस में कुल 53 शिकायतें दर्ज की गईंमौके पर समाधान: एसडीएम ने तत्परता दिखाते हुए 12 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया। समस्याओं के प्रकार: अधिकांश शिकायतें भूमि पैमाइश, बिजली आपूर्ति, पेयजल और जल निकासी पानी की निकासी से संबंधित रहीं। एसडीएम सौरभ असवाल ने शेष 41 शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को हस्तांतरित करते हुए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभीकर्मचारी मौके पर जाकर शिकायतों की जमीनी हकीकत जानें और पारदर्शिता के साथ उनका निस्तारण कर तहसील को रिपोर्ट सौंपेंजनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं



की जाएगी। यदि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी निस्तारण में लापरवाही बरतता है, तो उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगीइस दौरान तहसील प्रशासन के अन्य अधिकारी और विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय


बुधवार, 8 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# क्या कुछ बड़ा होगा

इस समय पूरा विश्व सहमा दिखाई दे रहा है, जोकि स्वाभाविक भी है। सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इस बात को लेकर चर्चाएं गर्म हो रही हैं कि अपने अल्टीमेटम के अनुसार क्या अमेरिकी राष्ट्रपति आज (मंगलवार रात) ईरान पर ऐसा हमला करेंगे, जिसके बारे में उन्होंने अपनी प्रेस कान्फ्रेंस में कहा था, यह बात तो वह पहले ही कह चुके हैं कि वह जब चाहें ईरान को पाषाण युग में पहुंचा सकते हैं। उनकी कही इसी बात को ध्यान में रखते हुए ही तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं कि क्या अमे. रिका ईरान पर इस तरह का हमला करेगा, जैसा उसने अब तक किसी देश पर नहीं किया है। सारी दुनिया इसलिए सहमी हुई है, क्योंकि यह युद्ध भले ही पश्चिमी एशिया में ईरान व इस्राईल/अमेरिका के बीच हो रहा हो, लेकिन इसमें पूरी दुनिया झुलसती दिखाई दे रही है। इस युद्ध को जारी हुए 38 दिन हो गए हैं और समय के साथ-साथ इसकी तपिश और बढ़ती जा रही है। जनता अभी भी इस युद्ध से प्रभावित होती दिखाई दे रही है। कई देशों में पेट्रोल, डीजल व गैस की किल्लत शुरू भी हो गई है। हालांकि भारत में ऐसा नहीं है, लेकिन अगर यह युद्ध जारी रहता है, तो कहीं भी दिक्कत आगे चलकर आ सकती है। यह अपनी तरह का शायद पहला युद्ध है, जिसमें एक से बढ़कर एक हमले हो रहे हैं और बातचीत के दावे भी किए जा रहे हैं। मंगलवार को भी खबर आई, जिसमें अमेरिका के एक अधिकारी ने कहा है कि उनकी ईरान के नेताओं से बातचीत चल रही है। अधिकारियों की तरफ से यह भी कहा गया कि बातचीत अच्छी चली है, लेकिन साथ ही यह भी कह डाला कि यह ईरान के लिए अच्छा होगा कि वह ट्रम्प का अल्टीमेटम खत्म होने से पहले किसी नतीजे पर पहुंचें। ईरान के मिजाज को देखते हुए ऐसा नहीं लगता कि वह किसी भी तरह के युद्ध विराम को लेकर लचक दिखा रहा है। वैसे देखा जाए तो ईरान के तर्क में दम है। ईरान का कहना है कि अस्थायी युद्ध विराम का कोई मतलब नहीं है। अगर बातचीत हो, तो स्थायी युद्ध विराम पर हो। उस पर लगाए प्रतिबंध हटें, हमले बंद हों। इसी तरह की बातों का उसने दस शर्तों का अपना एजेंडा तैयार किया है। जाहिर है इस तरह की बातें अमेरिका को पसंद नहीं आई और जिस तरह की बातें अमेरिका कर रहा है वह ईरान को अस्वीकार्य हैं। वैसे देखा जाए तो इस समय अगर दुनिया उलझी हुई दिखाई दे रही है, तो इसके लिए अमेरिका ही ज्यादा जिम्मेदार है। अब तो उनके बयान गाली-गलौज के स्तर तक भी आ गए हैं। जिसकी आलोचना बाहर की दुनिया को तो छोड़िए खुद उनके देश में ही हो रही है। जिस तरह ईरान में पुल, यूनिवर्सिटी व ऊर्जा के संस्थान हमले की जद में आ रहे हैं, वह किसी भी सुपर पॉवर देश के मयार के खिलाफ ही कहे जाएंगे, लेकिन दिक्कत यह है कि आखिर ट्रम्प को समझाएं कौन।

## हिमंता बिस्वा सरमा घबराए और परेशान



कांग्रेस मीडिया विभाग चेयरमेन पवन खेड़ा के घर पर एक जनहित के मुद्दे पर सवाल उठाने के लिए पुलिस की पूरी फौज लगाना इस बात का प्रमाण है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा घबराए, परेशान और बौखलाए हुए हैं, यह कानून की उचित प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध है, राज्य की मशीनरी का इस्तेमाल विपक्ष की आवाज को दबाने और डराने के लिए किया जा रहा है, क्योंकि विपक्ष सरकार के काले कारनामों को उजागर कर रहा है, जो लोग डराने-धमकाने की राजनीति करते हैं, वही सबसे ज्यादा डरे हुए होते हैं और उनके पास छिपाने के लिए बहुत कुछ होता है, यह पूरी कार्रवाई इस बात का संकेत है कि असम के मुख्यमंत्री को अपनी हार साफ दिखाई दे रही है, इसलिए वह इस तरह के कदम उठा रहे हैं।

**-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# क्यों कम हुई हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की विश्वसनीयता



**रोहित कौशिक**




कोई भी इंसान हेल्थ इंश्योरेंस क्यों लेता है? जाहिर है कि इंसान हेल्थ इंश्योरेंस इसलिए लेता है कि बीमार होने पर अस्पताल के मोटे खर्चों का बोझ कुछ कम हो सके। इसीलिए एक आम इंसान थोड़े-थोड़े रुपये जोड़कर हेल्थ इंश्योरेंस की महंगी किश्त भरता है, लेकिन जब समय पर हेल्थ इंश्योरेंस भी काम न आ सके तो फिर हेल्थ इंश्योरेंस लेने का क्या लाभ है? जहां एक ओर अनेक हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां इस क्षेत्र में अच्छा काम कर रही है, वहीं दूसरी ओर अनेक हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों के खिलाफ अनेक शिकायतें भी आई हैं। कुछ समय पहले अस्पताल और बीमा कंपनियों के बीच कैशलेस इलाज को लेकर विवाद हो रहा था।

अस्पतालों के संगठन एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया (एएचपीआई) ने बीमा कंपनियों पर आरोप लगाया था कि बीमा कंपनियां इलाज की बढ़ती लागत को नहीं मान रही हैं। एएचपीआई का कहना था कि बीमा कंपनियां मनमानी कर रही हैं। एएचपीआई देशभर के कई अस्पतालों का संगठन है। इस संगठन का कहना था कि कोराना काल के बाद अस्पतालों का खर्च काफी बढ़ गया है। कारोना काल के बाद बदली हुई परिस्थितियों में अस्पतालों के लिए पुरानी दरों पर काम करना असंभव है। दूसरी तरफ बीमा कंपनियों का कहना था कि अस्पताल कोरोना काल के बाद उपजी परिस्थितियों के बहाने अनावश्यक रूप से इलाज का खर्च बढ़ा रहे हैं। बीमा कंपनियां अस्पतालों के खर्च को मनमानी वृद्धि बता रही थीं और रेट बढ़ाना नहीं चाहती थीं। इस विवाद का सीधा असर बीमाधारकों पर पड़ा। कुछ कंपनियां हेल्थ इंश्योरेंस के क्षेत्र में बेहतर तरीके से क्लेम दे रही हैं लेकिन अनेक लोगों का कहना है कि कुछ कंपनियां क्लेम देने में लोगों को काफी परेशान करती हैं। हालांकि हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों का कहना है कि हम उपभोक्ताओं के लिए ही हैं और उपभोक्ताओं को समस्त सुविधाएं देना चाहते हैं लेकिन हमें क्लेम देने से पहले सारी जांच करनी होती है ताकि लोग फर्जी तरीके से क्लेम न ले सकें। भारत में ज्यादातर लोग इस उम्मीद में केशलेस मेडिकल इंश्योरेंस लेते हैं कि जब वे अस्पताल में एडमिट होंगे तो उन्हें उस समय अपनी जेब से रूपए जमा नहीं करने पड़ेंगे बल्कि इंश्योरेंस कंपनी सीधे अस्पताल को पेमेंट कर देगीं। कुछ समय पहले हुए इस विवाद में दोनो पक्ष एक दूसरे को ब्लैक लिस्ट कर रहे थे। हालांकि अब कहा जा रहा है कि कुछ कंपनियों के साथ यह विवाद सुलझा लिया गया है। एएचपीआई का आरोप था कि कुछ हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों ने बहुत सारे अस्पतालों को ब्लैक लिस्ट कर दिया था। एएचपीआई ने इन कंपनियों से यह अपील की थी कि आप यह ब्लैक लिस्ट हटाइए और रोगियों को कैशलेस सुविधा दीजिए। दूसरी तरफ हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों ने अस्पतालों से कहा था कि आप इलाज का दाम कम कीजिए। इसके बाद एएचपीआई ने चेतावनी दी थी कि वह इन कंपनियों की लगातार आ रही शिकायतों के कारण इन कंपनियों के पॉलिसीधारकों के लिए कैशलेस सेवाएं बंद करेगा। पिछले दिनों एक हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने पूरे भारत में मैक्स हॉस्पिटल के लिए कैशलेस इलाज सुविधा को स्थगित कर दिया था। बाद में कुछ अन्य मेडिकल इंश्योरेंस कंपनियों ने भी एक हॉस्पिटल के साथ कैशलेस इलाज की सुविधा बंद कर दी थी। इन कंपनियों का कहना था कि पॉलिसीधारक के लिए कैशलेस सेवाएं अब भी देशभर के कई अच्छे अस्पतालों में उपलब्ध हैं। इन कंपनियों का कहना था कि बीमाधारकों के लिए उन्होंने प्राथमिकता के साथ फास्ट ट्रेक रिइंबर्समेंट क्लेम प्रोसेसिंग की सुविधा शुरू की है।

यह सही है कि धीरे-धीरे हमारे देश की स्वास्थ्य सेवाओं मे सुधार हो रहा है लेकिन जनसंख्या को देखते हुए अभी भी स्वास्थ्य सेवाओं में बहुत ज्यादा सुधार की जरूरत है। पिछले दिनों नीति आयोग ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए खर्च बढ़ाने की जरूरत बताई थी। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में जीडीपी का मात्र डेढ़ फीसद ही खर्च होता है। दुनिया के कई देश स्वास्थ्य सेवाओं की मद में आठ से नौ फीसद तक खर्च कर रहे हैं। जब इस दौर में भी गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए अस्पतालों में स्ट्रेचर जैसी मूलभूत सुविधाएं न मिल पाएं, तो देश की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठना लाजमी है। इस प्रगतिशील दौर में भी ऐसी अनेक खबरें प्रकाश में आई हैं कि जब अस्पताल गरीब मरीज के शव को घर पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं करा पाए। एक तरफ मरीज व्यवस्था की मार झेलता है तो दूसरी तरफ महंगी स्वास्थ्य सेवाओं से उसकी कमर टूट जाती है। ऐसे माहौल में यदि हेल्थ इंश्योरेंस का पूरा लाभ भी न मिल पाए तो इससे शर्मनाक और क्या हो सकता है ?

दरअसल पिछले कुछ समय से हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की काफी शिकायतें आ रही हैं। जब मरीज अस्पताल में भर्ती हो जाता है तो हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां काफी तरह के नखरे करती हैं। अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान बीमार इंसान के परिजनों को काफी समस्याओं का सामना करता है। कैशलेस मेडिकल इंश्योरेंस में भी कंपनियां अस्पतालों को पैसा भेजने में कई तरह की औपचारिकताएं पूरी करती हैं। इसके बावजूद कई बार अस्पतालों को पैसा नहीं भेजा जाता है। उस समय अस्पताल के संचालक रोगी के परिजनों को परेशान करते हैं। जिन अस्पतालों में कैशलेस सुविधा उपलब्ध नहीं होती है, वहां मरीज को पहले अस्पताल में अपनी जेब से रूपए देने होते हैं। बाद में बीमाधारक के पास मेडिकल इंश्योरेंस कंपनी से रूपए आते हैं। इस प्रक्रिया में भी मरीज और परिजनों को काफी परेशान किया जाता है। कभी कंपनी कहती है कि यह पेपर भेजो, कभी कहती है कि वह पेपर भेजो। कभी कहती है कि मेल भेजो। कभी कहती है कि डॉक्टर से अमुक बात लिखवाओ। यानी जो हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां पॉलिसी लेने के लिए जी जान लगा देती हैं। जो इंश्योरेंस कंपनियां पॉलिसी लेते वक्त विनम्र बनी रहती हैं, वे ही कंपनियां हेल्थ इंश्योरेंस का धन देने के वक्त तमाम तरह की औपचारिकताएं पूरी करवाकर भी पैसा देने में आनाकानी करने लगती है। यही कारण है कि एक-दो मेडिकल इंश्योरेंस कंपनियां तो इस मामले में काफी बदनाम हो चुकी हैं। क्लेम देने में आनाकानी करने के कारण ऐसी कंपनियों की काफी शिकायतें आ रही हैं। हालांकि सभी कंपनियां सभी मामलों में धन जारी करने में आनाकानी नहीं करती हैं। कई लोग हेस्थ इंश्योरेंस कंपनियों पर अब भी पूरा भरोसा करते हैं। इसके बावजूद पिछले कुछ समय से हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की विश्वसनीयता कम हुई है। इसका सीधा असर बीमाधारकों पर पड़ रहा है। इस मामले में हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की अपनी परेशानी है लेकिन कंपनियों को उपभोक्ता के हितों का ध्यान भी रखना होगा ताकि हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की विश्वसनीयता बनी रह सके। इस दौर में जबकि निजी चिकित्सा सुविधाएं काफी महंगी होती जा रही है, जनता को हेल्थ इंश्योरेंस की काफी जरूरत है।

**लोगों को अपशिष्ट प्लास्टिक उपयोग से बचने के लिए प्रेरित करना चाहिए और पुनः चक्रीय सामग्रियों का पुनर्चक्रण करने के लिए उत्साहित करना चाहिए। वृक्षारोपण कार्यक्रमों को समर्थन देना चाहिए जो जल, वायु और प्रदूषण को कम करने में मदद कर सकते हैं। कचरा प्रबंधन सही ढंग से कचरा प्रबंधन करना चाहिए।**

# प्रदूषण से यूं ही बच पाना आसान नहीं

## समय रहते कुछ न कुछ करने की जरूरत, नहीं तो परिणाम गंभीर

प्रदूषण एक समस्या है जो विश्वभर में बढ़ रही है और इसका असर सभी क्षेत्रों में महसूस हो रहा है। भारत में भी प्रदूषण की स्थिति गंभीर है और इसे नियंत्रित करने के लिए कदम उठाना आवश्यक है।

**प्रदूषण के प्रकार**

प्रदूषण कई प्रकार का हो सकता है, जैसे कि वायु, जल, ध्वनि, भूमि, और अन्य। वायु प्रदूषण में उदाहरण के लिए उद्योगी उद्यमों से निकलने वाले वायुमंडल के अनैतिक अंशों का समाहित होना शामिल है, जबकि जल प्रदूषण में जल स्रोतों में आने वाले विभिन्न आपदाएं शामिल हैं।

**प्रदूषण के कारण**

प्रदूषण के कारणों में व्यक्तिगत उपयोग, उद्योग, वाहन, और अन्य शामिल हैं। बढ़ती जनसंख्या और अत्यधिक उपभोक्ता सामग्रियों का उपयोग भी महत्वपूर्ण कारक हैं।

**प्रदूषण के प्रभाव**

प्रदूषण के प्रभावों में स्वास्थ्य समस्याएं, जलवायु परिवर्तन, और वन्यजीव संरक्षण की समस्याएं शामिल हैं। यह समस्याएं समृद्धि की दिशा में बड़े आंकड़े हैं और समाधान की आवश्यकता है।

भारत में बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। यहां सुझाव दिए जा रहे हैं जो लोग पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में योगदान कर सकते हैं-

**विद्युत स्रोतों का परिवर्तन**

अधिकतम विद्युत स्रोतों का उपयोग करना जैसे कि सौर ऊर्जा और वायु ऊर्जा को बढ़ावा देना प्रदूषण को कम करने में मदद कर सकता है।

मुख्य रूप से शीतकालीन मौसम में दिल्ली में बढ़ता प्रदूषण और प्रदूषण से जुड़े प्रॉब्लम्स में से एक है पाराली या पराली प्रदूषण। यह समस्या अक्टूबर और नवम्बर महीने में उत्तर भारत क्षेत्रों से आती है, जिसमें किसान अपने खेतों की फसल की शेषांशों को जला देते हैं। यह आमतौर पर उत्तर प्रदेश, हरियाणा, और पंजाब से आने वाली होती है।

पराली प्रदूषण के कारण दिल्ली में वायुमंडल में स्थानीय प्रदूषण की मात्रा में वृद्धि होती है, जिससे प्रदूषण का स्तर बहुत अधिक हो जाता है। यह प्रदूषण सांस लेने में कठिनाई, आंतरगत संघर्ष, और बच्चों और बूढ़ों के लिए स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। सरकार और नागरिक समूह इस समस्या का हल निकालने के लिए कई कदम उठा रहे हैं, जैसे कि पराली जलाने



की प्रवृत्ति को कम करने के लिए किसानों को उत्तरदाताओं के साथ बातचीत करने के प्रेरित करना और पर्यावरण के लिए सही उपायों की ओर बढ़ना।

**पब्लिक परिवहन का उपयोग**

व्यक्तिगत वाहनों की तुलना में पब्लिक परिवहन का उपयोग करना प्रदूषण को कम कर सकता है।

**अपशिष्ट प्लास्टिक उपयोग को कम करें**

लोगों को अपशिष्ट प्लास्टिक उपयोग से बचने के लिए प्रेरित करना चाहिए और पुनः चक्रीय सामग्रियों का पुनर्चक्रण करने के लिए उत्साहित करना चाहिए।

**वृक्षारोपण**

वृक्षारोपण कार्यक्रमों को समर्थन देना चाहिए जो जल, वायु, और प्रदूषण को कम करने में मदद कर सकते हैं।

**कचरा प्रबंधन**

सही ढंग से कचरा प्रबंधन करना चाहिए, इसमें रीसाइक. लिंग और शुद्धिकरण के प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए।

**उचित जल संवेदनशीलता**

जल संवेदनशीलता बढ़ाना चाहिए, और उचित जल उपयोग करने के लिए समर्थन देना चाहिए।

**संगठनित प्रयास**

लोगों को सामूहिक रूप से पर्यावरण के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित करें, सामूहिक पर्यावरण संरक्षण परियोजनाओं में भाग लेने के लिए उत्साहित करना चाहिए।

# तेल की तलवार : पश्चिम एशिया संकट में भारत की अग्नि परीक्षा

दशकों पहले युद्ध केवल सीमाओं पर जमीन के टुकड़ों के लिए लड़े जाते थे लेकिन 2026 का यह दौर गवाह है कि आधुनिक युद्ध 'संप्रभुता' से ज्यादा 'संसाधनों' का है। युद्ध की गोलियां, मिसाइलें अब ऊर्जा की पाइपलाइनों और तेल के टैंकरों पर चलती है। पश्चिम एशिया में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच छिड़ा यह त्रिकोणीय संघर्ष भी महज जमीन का विवाद नहीं है बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीवन. रेखा 'ऊर्जा आपूर्ति' पर नियंत्रण की जंग है। भारत के लिए यह संकट केवल पैट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों तक सीमित नहीं है बल्कि यह एक ऐसी राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौती है, जिसने देश के सामने एक अ. श्य 'ऊर्जा लॉकडाउन' का खतरा पैदा कर दिया है। जब संसद में प्रधानमंत्री ने इस संकट की तुलना 'कोरोना काल' की विभीषिका से की तो उनका आशय घर में बंद होने से नहीं बल्कि उस वैश्विक अनिश्चितता से था, जो किसी भी क्षण भारत की विकास दर के पहियों को जाम कर सकती है। यदि 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' पर ताला लगता है तो भारत की रगों में दौड़ने वाला 60 प्रतिशत तेल और एलएनजी का प्रवाह थम जाएगा, जो देश को एक भयावह 'ऊर्जा लॉकडाउन' की ओर धकेल सकता है।

**होर्मुज की घेराबंदी**

विश्व मानचित्र पर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज वह संकरा जलमार्ग है, जिससे दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत कच्चा तेल और भारी मात्रा में एलएनजी गुजरती है। ईरान द्वारा इस जलमार्ग को प्रभावित करने का अर्थ है, वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की गर्दन दबाना। फरवरी 2026 के अंत से शुरू हुए इस युद्ध ने मात्र पांच हफ्तों में कच्चे तेल की कीमतों को 85 डॉलर से 110 डॉलर के पार पहुंचा दिया है। भारत अपनी एलपीजी जरूरतों का 40 प्रतिशत अकेले कतर से पूरा करता है। कतर के रास लाफान एलएनजी प्लांट पर हुए हमलों ने न केवल उत्पादन घटाया है बल्कि भारत के घरेलू चूल्हों तक पहुंचने वाली गैस की कीमतों में आग लगा दी है। युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक कच्चे तेल की कीमतें 85 डॉलर से उछलकर 110 डॉलर प्रति बैरल को छू रही हैं। भारत के लिए गणित सीधा और क्रूर है, कच्चे तेल में 10 डॉलर की हर बढ़ोतरी हमारे चालू खाता घाटे में लगभग 12-15 अरब डॉलर की वृद्धि करती है। यह स्थिति हमें दो टूक शब्दों में चेतावनी दे रही है कि पराई बैसाखियों पर टिकी ऊर्जा सुरक्षा कभी भी धराशाई हो सकती है।

## सामरिक पैट्रोलियम भंडारः क्या पर्याप्त है चंद दिनों की सुरक्षा ?

ऊर्जा सुरक्षा के मोर्चे पर भारत की सबसे बड़ी कमजोरी उसका सीमित सामरिक पैट्रोलियम भंडार है। दुनिया के विकसित देश जैसे अमेरिका, जापान और चीन अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए 90 दिनों का 'स्ट्रैटिजिक पेट्रोलियम रिजर्व' रखते हैं, वहीं भारत की स्थिति चिंताजनक है। वर्तमान में हमारे पास विशाखापट्टनम, मंगलुरु और पाडुर में कुल 53।3 लाख टन का भंडार है, जो मुश्किल से 9 दिन की आपूर्ति कर सकता है। हालांकि दूसरे चरण में चंडीखोल और बीकानेर जैसे स्थानों पर भंडार क्षमता बढ़ाकर इसे 60-65 दिनों तक ले जाने की योजना है लेकिन इसकी गति 'युद्धस्तर' पर नहीं है। हमारे मौजूदा भंडार का करीब 36 प्रतिशत हिस्सा खाली पड़ा है। एक तरफ हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का स्वप्न देख रहे हैं और दूसरी तरफ हमारी ऊर्जा की 'लाइफलाइन' केवल कुछ दिनों के स्टॉक पर टिकी है। यदि आज हमारे पास 90 दिनों का सुरक्षित भंडार होता तो भारत को अपनी विदेश नीति में तटस्थता का नाटक नहीं करना पड़ता बल्कि वह एक सशक्त वैश्विक खिलाड़ी की तरह अपना पक्ष रख सकता था। यदि होर्मुज जलडमरूमध्य 30 दिनों के लिए बंद हो जाता है और भारत के लिए आपूर्ति बाधित होती है तो भारत की अर्थव्यवस्था 'वेंटिलेटर' पर आ जाएगी। इसलिए चंडीखोल और बीकानेर में प्रस्तावित दूसरे चरण के भंडारों का निर्माण युद्धस्तर पर होना अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है।

## कूटनीतिक विवशता और स्वतंत्रा विदेश नीति का संकट

भारत की रणनीतिक स्वायत्तता आज तेल की निर्भरता के कारण परीक्षा की घड़ी में है। तेल की निर्भरता केवल आर्थिक बोझ नहीं बल्कि कूटनीतिक बेड़ियां भी है। भारत को अपने पुराने और रणनीतिक मित्र ईरान का साथ छोड़कर इजरायल और अमेरिकी समर्थित खाड़ी देशों के पाले में खड़े होने पर मजबूर होना पड़ा है। यह बदलाव केवल नीतिगत नहीं बल्कि विवशतापूर्ण है। खाड़ी देशों में रहने वाले 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा और वहां से आने वाला 'रेमिटेंस' भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसलिए खाड़ी देशों में रहने वाले 90 लाख भारतीय प्रवासियों के हितों और तेल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ही भारत को अपनी स्वतंत्र विदेश नीति से समझौता करना पड़ रहा है। जब तक हम ऊर्जा के लिए आयात पर 85 प्रतिशत निर्भर रहेंगे, तब तक हमारी विदेश नीति की चाबी विदेशी राजधानियों के हाथों में रहेगी और वाशिंगटन या तेहरान में होने वाली हर हलचल नई दिल्ली के माथे पर चिंता की लकीरें खींचती रहेगी। यह युद्ध हमें सिखाता है कि सच्ची संप्रभुता केवल सीमाओं की रक्षा में नहीं बल्कि ऊर्जा की आत्मनिर्भरता में निहित है।

## अफवाहों का बाजार व डैमेज कंट्रोल

युद्ध के बीच भारत में लॉकडाउन की अफवाहों ने पैनिक पैदा किया है। हालांकि, तीन मंत्रियों निर्मला सीतारमण, किरेन रिजिजू और हरदीप पुरी ने स्पष्ट किया कि देश सुरक्षित है। सरकार की ओर से दावा किया जा रहा है कि भारत के पास तेल और गैस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विविधीकृत स्रोत हैं और पैनिक की कोई आवश्यकता नहीं है लेकिन सतर्कता और ऊर्जा संरक्षण हमारा सामूहिक धर्म है। सरकार का यह स्पष्टीकरण अल्पकालिक राहत तो देता है लेकिन एक दीर्घकालिक प्रश्न भी छोड़ता है कि क्या हम हर संकट के समय केवल डैमेज कंट्रोल ही करते रहेंगे या भविष्य की नींव रखेंगे? वैश्विक ऊर्जा संकट और बढ़ती आयात निर्भरता के इस दौर में वैकल्पिक ऊर्जा अब केवल एक विकल्प नहीं बल्कि राष्ट्रीय अनिवार्यता बन चुकी है। ऊर्जा आत्मनिर्भरता ही सच्ची स्वतंत्रता का आधार है और भारत को इस दिशा में निर्णायक कदम उठाने होंगे। प्रधानमंत्री की मुफ्त बिजली योजनाएं और रूफटॉप सोलर मिशन केवल नीतिगत पहल नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत के सशक्त आधारस्तंभ हैं। भारत में 33 करोड़ एलपीजी उपभोक्ता हैं, जो बड़े पैमाने पर आयातित ईंधन पर निर्भर हैं। यदि रसोई को इंडक्शन कुकिंग और एथनॉल आधारित विकल्पों की ओर मोड़ा जाए तो न केवल खर्च कम होगा बल्कि ऊर्जा आयात का बोझ भी घटेगा। लगभग 8 रूपए प्रति यूनिट की दर से बिजली पर खाना बनाना एलपीजी की तुलना में किफायती है, वहीं कृषि अवशेषों से बनने वाला एथनॉल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे सकता है। इससे 'अन्नदाता' ही 'ऊर्जादाता' बन सकता है। परिवहन क्षेत्र में विद्युतीकरण भी उतना ही आवश्यक है। वर्तमान में तेल की सबसे अधिक खपत इसी क्षेत्र में होती है जबकि बिजली की हिस्सेदारी नगण्य है। यदि सार्वजनिक और वाणिज्यिक परिवहन को इलैक्ट्रिक किया जाए तो अरबों डॉलर की विदेशी मुद्रा बचाई जा सकती है। सौर ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे विकल्प भारत को स्थाई, स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा भविष्य की ओर ले जा सकते हैं। अब समय आ गया है कि भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में निर्णायक परिवर्तन करे।

**-योगेश कुमार गोयल**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### डब्ल्यूएचओ ने गाजा से मेडिकल निकासी रोकी

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने गाजा पट्टी से मरीजों की चिकित्सा निकासी अस्थाई रूप से रोक दी है। यह निर्णय संगठन से जुड़े एक कर्मचारी की मौत के बाद लिया गया। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेएसस ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि गाजा में संगठन के लिए कार्य कर रहे एक व्यक्ति की सुरक्षा से जुड़ी घटना में मृत्यु हो गई है और मामले की जांच संबंधित प्राधिकरणों द्वारा की जा रही है।

### विक्रम मिश्री आठ अप्रैल को अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिश्री से 10 अप्रैल तक अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। मिकी यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब वैश्विक अनिश्चितताएं बढ़ रही हैं। इस यात्रा का उद्देश्य प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करना और साथ ही महत्वपूर्ण क्षेत्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों का समाधान करना है। विदेश मंत्रालय के अनुसार विदेश सचिव की अमेरिका यात्रा भारत-अमेरिका संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करने और व्यापार, रक्षा तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी।

### कैंसर से जूझ रहे लोगों ने श्रीनगर में बिताया उम्मीद भरा दिन

**श्रीनगर।** अस्पताल के माहौल से बाहर निकलकर कश्मीर के प्रसिद्ध ट्यूलिप गार्डन में पहुंचे कैंसर से जूझ रहे बच्चों के लिए मंगलवार का दिन खुशी और उम्मीद से भरा रहा। जबरवान पर्वत शृंखला की तलहटी में स्थित एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप उद्यान में आयोजित इस विशेष भ्रमण का उद्देश्य उपचार के बीच बच्चों का मनोबल बढ़ाना और उन्हें कुछ सुकून भरे पल देना था। शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान (स्किम्स) के चार से 18 वर्ष की उम्र के बच्चे इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# ईरान समर्थित समूहों का अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन हमला

## हमलों को ईरान के खिलाफ जारी अमेरिका-इजरायल अभियानों के प्रतिशोध के रूप में देखा जा रहा

**बगदाद/दमिश्क।** इराक और सीरिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान समर्थित समूहों ने ड्रोन हमले किए गए हैं। इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक के बैनर तले सक्रिय इन समूहों द्वारा किए गए हमलों को पश्चिम एशिया में ईरान के खिलाफ जारी अमेरिका-इजरायल अभियानों और अन्य क्षेत्रीय संघर्षों के प्रतिशोध के रूप में देखा जा रहा है।

इराकी मीडिया के अनुसार, इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्दिस्तान क्षेत्र में स्थित 'हरीर एयरबेस' पर मंगलवार तड़के एक मानव रहित विमान (ड्रोन) से हमला किया गया। अधिकारियों ने अभी तक हताहतों की संख्या या क्षति के विस्तार के बारे में विवरण जारी नहीं किया है। किसी भी समूह ने आधिकारिक तौर पर इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, 'इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक' ने घोषणा की है कि उसने पिछले 24 घंटों के दौरान इराक और पूरे क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर आत्मघाती ड्रोनों से कम से कम 11 हमले किए हैं।

एक संबंधित घटना में, इराक-सीरिया सीमा के पास पूर्व अर्धसैनिक गठबंधन 'हशद अल-शाबी' (जिसे पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज के रूप में भी जाना जाता है) का एक लड़ाका मारा गया। स्थानीय मीडिया के अनुसार, गठबंधन ने इस हमले के लिए अमेरिकी और इजरायली सेना को जिम्मेदार ठहराया है। स्थानीय मीडिया ने गठबंधन के हवाले से बताया कि आज सुबह 4 बजे अनबार प्रांत के कायम जिले में 45वें ब्रिगेड पर विश्वासघाती अमेरिकी-इजरायली हमला किया गया।



■ अधिकारियों ने अभी तक हताहतों की संख्या या क्षति के विस्तार के बारे में विवरण जारी नहीं किया
■ पिछले 24 घंटों के दौरान इराक और पूरे क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर आत्मघाती ड्रोनों से कम से कम 11 हमले किए हैं

### ईरान के पारदीस प्रांत में अमेरिका-इजरायल हमला, छह की मौत

**तेहरान।** ईरान के पूर्वी प्रांत पारदीस में अमेरिका और इजरायल के हमले में तीन बच्चों समेत कम से कम छह लोग मारे गए हैं। मेहर न्यूज एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस बीच सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके वायु रक्षा बल ने सोमवार रात को देश के पूर्वी प्रांत में तेल इंडस्ट्री की जगहों के पास सात बैलिस्टिक मिसाइलों को रोक दिया। रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि पूर्वी प्रांत की ओर दागी गई सात बैलिस्टिक मिसाइलों को इंटरसेप्ट करके नष्ट कर दिया गया। मंत्रालय ने कहा कि बैलिस्टिक मिसाइलों के टुकड़े ऊर्जा स्थलों के पास गिरे हैं। नुकसान कितना हुआ है, इसका अंदाजा लगाया जा रहा है। पिछले कुछ घंटों में, वायु रक्षा प्रणाली ने देश के ऊपर 18 ड्रोन को रोका है। उल्लेखनीय है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने तेहरान समेत ईरान के ठिकानों पर हमले किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान ने इसके जवाब में इजराइली इलाके और पश्चिम एशिया में अमरीकी सैन्य ठिकानों पर हमला किया।

### ईरान के लिए जासूसी करने के आरोप में दो हिरासत में

**दोहा।** बहरीन के लोक अभियोजक कार्यालय ने कहा कि ईरान के लिए जासूसी करने की कथित योजना में दो संदिग्धों को बहरीन के कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने हिरासत में लिया है। बहरीन में अभियोजक कार्यालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि जासूसी करने और खुफिया सेवाओं तथा आतंकवादी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के लिए काम करने के आरोप में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। बयान में आगे कहा गया कि आरोपियों पर देश में संवेदनशील ठिकानों की निगरानी करने, उनके बारे में जानकारी एकत्रित करने और उसे ईरान को हस्तांतरित करने का संदेह है। पिछले सप्ताह बहरीन में ईरान के लिए जासूसी के आरोप में हिरासत में लिए गए 32 वर्षीय व्यक्ति की पुलिस हिरासत में मौत के बाद विरोध प्रदर्शन हुए। उनके परिवार ने पुलिस पर जांच के दौरान यातना देने का आरोप लगाया लेकिन बहरीन के अधिकारियों ने इससे इनकार कर दिया। स्थानीय मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के अनुसार, ईरान में संघर्ष शुरू होने के बाद से बहरीन के अधिकारियों ने कम से कम 250 लोगों को हिरासत में लिया है।

### युद्ध खत्म करने की कूटनीतिक कोशिशें 'निर्णयात्मक' चरण में: मोगादम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रेजा अमीरी मोगादम ने कहा है कि उनके देश के साथ अमेरिका-इजरायल युद्ध को रोकने की चल रही कूटनीतिक कोशिशें 'निर्णयात्मक, नाजुक' चरण में है, हालांकि उन्होंने और जानकारी नहीं दी।ईरान के अमेरिकी सम्पतियों और इलाके के दूसरे लक्ष्यों पर जवाबी हमलों के बाद खाड़ी के कई पारंपरिक मध्यस्थों के इस लड़ाई में शामिल होने के बाद पाकिस्तान एक मध्यस्थ के तौर पर सामने आया है। एक्सियोस ने एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के हवाले से कहा कि अगर कोई कूटनीतिक समाधान जल्द ही होता दिखता है, तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के खिलाफ आगे की कार्रवाई में देरी कर सकते हैं।



### ईरान पर बातचीत अब भी जटिल, पक्ष बंटे हुए: रिपोर्ट

**अनताल्या।** ईरान युद्ध को खत्म करने से संबंधित बातचीत चुनौतीपूर्ण बनी हुई है और मूल मुद्दों पर दोनों पक्षों के बीच असहमति बरकरार है। तुर्की सरकार के एक सूत्र ने यह दावा किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि अमेरिका-ईरान बातचीत सही दिशा में बढ़ रही हैं, हालांकि तुर्की सरकार के इस सूत्र ने ट्रम्प के दावे से बिल्कुल विपरीत बयान दिया है। स्पूतनिक की एक रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से कहा गया कि ईरान वार्ता बेहद तनावपूर्ण माहौल में चल रही है। दोनों पक्ष कई अहम मुद्दों पर अब भी असहमत हैं। इसकी वजह से समझौता मुश्किल हो गया है और पहले से अधिक कूटनीतिक प्रयासों की जरूरत बढ़ गई है।

# चीन पर क्यों नहीं पड़ा तेल संकट का असर

## 20 साल पहले इमरजेंसी भंडार बनाए, नए तरीकों से बिजली, केमिकल के लिए भी निर्भर नहीं

**बीजिंग।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच जहां कई देश ऊर्जा संकट से जूझ रहे हैं, वहीं चीन पर इसका असर बाकी दुनिया के मुकाबले कम दिखाई दे रहा है।

इसकी वजह यह है कि चीन खुद को कई सालों से ऐसे हालात के लिए तैयार कर रहा था। चीन दुनिया का सबसे बड़ा तेल खरीदने वाला देश है, इसलिए अगर तेल की सप्लाई में रुकावट आती है तो उसे सबसे ज्यादा नुकसान होना चाहिए था। लेकिन चीन ने पहले से ही बड़ी मात्रा में तेल जमा करके रखा हुआ है। इसके अलावा चीन बिजली से चलने वाले सिस्टम पर शिफ्ट कर चुका है और कोयले से भी जरूरी चीजें बना रहा है। चीन ने धीरे-धीरे अपनी ऊर्जा पालिसी को इस तरह बदला कि वह वैश्विक सप्लाई शाक का सामना कर सके।

■ चीन दुनिया का सबसे बड़ा तेल खरीदने वाला देश है, चीन ने पहले से ही बड़ी मात्रा में तेल जमा करके रखा हुआ है



सरकार ने अहम सेक्टर्स में निवेश बढ़ाया और इंडस्ट्रियल स्ट्रेंथ को राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा बनाया। इसके साथ-साथ उसने बिजली बनाने के दूसरे तरीकों पर भी तेजी से काम किया है, जैसे सौर ऊर्जा, हवा से बनने वाली ऊर्जा और पानी से बनने वाली बिजली। इसी कारण अब चीन में पेट्रोल और डीजल की मांग धीरे-धीरे कम होती जा रही है। चीन की सरकार लंबे समय से यह मानती है कि मजबूत इंडस्ट्री ही देश की असली ताकत होती है। इसी सोच के तहत उसने अपनी फैक्ट्रियों और उत्पादन क्षमता को इतना मजबूत बना लिया है कि उसे बाहर के देशों पर कम निर्भर रहना पड़े। खास तौर पर उसने उन सेक्टर पर ज्यादा ध्यान दिया, जो उसके लिए रणनीतिक रूप से जरूरी हैं। सरकार सीधे तौर पर दिशा देती रही कि किन क्षेत्रों को मजबूत करना है, ताकि चीन किसी भी पश्चिमी देश के दबाव में न आए। ऊर्जा इस पूरी रणनीति का सबसे अहम हिस्सा रही है। कुछ साल पहले तक चीन पेट्रोल-डीजल वाली गाड़ियों का सबसे बड़ा बाजार था, लेकिन अब वह इलेक्ट्रिक गाड़ियों का सबसे बड़ा बाजार बन चुका है। इसका मतलब यह है कि वहां अब बड़ी संख्या में गाड़ियां तेल की जगह बिजली से चल रही हैं, जिससे तेल पर निर्भरता कम हो रही है।

# सील टीम-6 ने पहाड़ों से अमेरिकी पायलट को बचाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान में लापता दोनों पायलट्स को 36 घंटे के भीतर रेस्क्यू कर लिया। ईरान में 3 अप्रैल को एक ऑपरेशन पर गए एम-15ई फाइटर जेट्स पर हमला हुआ था। विमान के क्रैश होने से पहले दोनों पायलट्स पैराशूट की मदद से इजेक्ट हो गए थे।

इसमें से एक पायलट को अमेरिकी सेना ने कुछ ही घंटे बाद ढूंढ़ लिया जबकि दूसरे के लिए एक बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इसकी सफलता की तारीफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी की। उन्होंने इसे देश के इतिहास का सबसे खतरनाक रेस्क्यू मिशन बताया। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि अमेरिकी नेवी की स्पेशल यूनिट 'सील टीम-6' ने इसे अंजाम दिया।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित
फिरोज बेग
ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़



# नेपाल की नई सरकार ने लिया बड़ा फैसला

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए भारत समेत छह देशों से अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है। इन सभी राजदूतों की नियुक्ति पिछली के.पी. शर्मा ओली सरकार ने की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लोक बहादुर क्षेत्री ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। जिन देशों से राजदूतों को वापस बुलाया गया है, उनमें भारत, आस्ट्रेलिया, श्रीलंका, डेनमार्क, दक्षिण कोरिया और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। नेपाल सरकार के इस फैसले के बाद अब भारत में नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा को भी अब वापस लौटना होगा। इसके अलावा जिन राजदूतों को वापस बुलाया गया है उनमें- आस्ट्रेलिया से चित्रलेखा यादव, डेनमार्क से सुम्निमा तुलाधर, श्रीलंका से पूर्ण बहादुर नेपाली, दक्षिण कोरिया से शिवमाया तुम्बाहाम्फे और दक्षिण अफ्रीका से कपिलमान श्रेष्ठ को वापस बुलाया गया है। नेपाली विदेश मंत्रालय मुताबिक ने सोमवार को इन सभी राजदूतों को पत्र जारी कर दिए हैं। सरकार ने उन्हें एक महीने के भीतर नेपाल लौटने का निर्देश दिया है। इससे पहले, अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के नेतृत्व वाली कार्यवाहक सरकार ने भी ओली प्रशासन के समय राजनीतिक कोटे के तहत नियुक्त 17 में से 11 राजदूतों को वापस बुला लिया था।

आवश्यकता है
जामिया इस्लामिया अरबिया मुरादिया स्कूल, चरथावल रोड
(English Medium - कक्षा 1 से 5 तक)
विद्यालय हेतु एक योग्य एवं अनुभवी प्रधानाचार्य (Principal) तथा प्रशिक्षित अध्यापकों (Teachers) की आवश्यकता है।
प्रधानाचार्य के लिए योग्यता:
स्नातक/स्नातकोत्तर (शिक्षा में वरीयता) B.Ed
अध्यापक के लिए योग्यता:
स्नातक/स्नातकोत्तर (संबंधित विषय में) B.Ed/BTC
आकर्षक वेतन (योग्यता एंव अनुभव के अनुसार), अनुशासित एवं शैक्षणिक वातावरण
प्रवेश संबंधित सूचना: प्रवेश प्रारंभ (Admissions Open)
मासिक शुल्क: 50 रु. मात्र, प्रवेश नि:शुल्क (Free Admission)
स्थान: चरथावल रोड: इच्छुक अभ्यर्थी अपना Resume शीघ्र भेजें या संपर्क करें।
M. : 9368215210

NUTEMA HOSPITAL
Bringing New Hope To Life !
आरोग्यम् सुख सम्पदा
09 YEARS OF NURTURING SUPER-SPECIALITY EXCELLENCE
www.nutemahospital.com
Celebrating 9th year



सेवा, समर्पण और
विश्वास के 9 वर्ष
FOUNDATION DAY
अपने 9वें स्थापना दिवस के अवसर पर हम अपने सभी Patients, their Families, Doctors, Staff और Meerut की जनता का दिल से धन्यवाद करते हैं।



हमारे सफर का एक और गर्वपूर्ण पड़ाव
इस विशेष अवसर पर Nutema Hospital, Meerut गर्व के साथ अपने 9वें स्थापना दिवस का उत्सव मना रहा है। यह दिन केवल एक वर्षगांठ नहीं, बल्कि उन हजारों patients के विश्वास, doctors की विशेषज्ञता और हमारी dedicated medical team के निरंतर प्रयासों का प्रतीक है।
हमारा उद्देश्य हमेशा से यही रहा है कि advanced medical technology, experienced doctors और compassionate patient care के साथ हर मरीज को सर्वोत्तम इलाज प्रदान किया जाए।
• Experienced Team of Doctors • State-of-the-art & Latest Machines • State-of-the-art Critical Care • State of art Neonatal Care in Specialised NICU for Premature Babies
• State of the art Cardiology & Cath Lab Facility • Advanced Urology Care • ICU, NICU & PICU • Advanced Trauma & Neuro Care • Microscopic & Endoscopic Neuro Surgery
• Joint Replacement • Arthroscopic Surgery • Dedicated Breast & Endocrine Surgery • Cochlear Implant Surgery • Bariatric Surgery • Excellent Obstetrics and Gynaecology Care
• Kidney Biopsy CAPD, CRRT, Plasma Phresis • Painless Labour & Advanced Pain Management • Internal Medicine • High Frequency Ventilators
• X-ray, Ultrasound, Mammography & CT Scan • 24hrs State-of-the-art Pathology, Microbiology, & Blood Bank Services
Ambulance No.: 70881 60666 / 70882 60666
Opp. L.L.R.M. Medical College, Garh Road, Meerut-250004
t: 0121-2600 666, 94126 00666, 99276 00666 | e: info@nutemahospital.com
for any enquiry 9675 600 666

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर... www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक),CHD(होम्योपैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्प्यूटर),ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

ADMISSION OPEN
Mom & Me
NURTURING WITH LOVE
PLAY | NURSERY | LKG | UKG | 1st to 4th
M.: 9997023008
Branch1- New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk
Branch2- Circular Road, Opp. Canara Bank

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792 +91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN M.Sc (Phy.), B.Ed.